राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 250
नई दिल्ली
शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली से प्रकाशित एवं हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 41वें मुफ्त नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द परेशन...
06 चुनावी सफर के साथ-साथ बदल रहा...
12 एआई फ़िल्म कौर वर्सेज कोर में डबल रोल में नजर आयेंगी सनी...

## संक्षिप्त सार

### फिलिस्तीन के मुद्दे पर नेतृत्व दिखाए भारत : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष पर एक अंग्रेजी अखबार में लिखे गए लेख को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत को फिलिस्तीन के मुद्दे पर नेतृत्व दिखाना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी को मानवता और नैतिकता का त्याग बताया। खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा कि सोनिया गांधी ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि भारत को फिलिस्तीन के मुद्दे पर नेतृत्व दिखाना चाहिए। उन्होंने उनके लेख के अंश साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार की प्रतिक्रिया मानवीय संकट पर गहरी चुप्पी और मानवता व नैतिकता दोनों का त्याग रही है। यह रवैया प्रधानमंत्री मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित प्रतीत होता है, न कि भारत के संवैधानिक मूल्यों और सामरिक हितों से। खरगे ने कहा कि व्यक्तिगत कूटनीति भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शन नहीं कर सकती। भारत को फिलिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर लिखा कि भारत का ऐतिहासिक अनुभव और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता उसे बिना हिचकिचाहट न्याय के पक्ष में बोलने और कार्य करने के लिए सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष में किसी एक पक्ष को चुनने की अपेक्षा नहीं है, बल्कि नेतृत्व से अपेक्षा है कि वह सिद्धांत आधारित हो और उन मूल्यों के अनुरूप खड़ा हो, जिन पर भारत का स्वतंत्रता आंदोलन टिका था।

### अग्नि-प्राइम मिसाइल का हुआ सफल प्रक्षेपण

**नई दिल्ली।** भारत ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला प्रक्षेपण बिना किसी अतिरिक्त प्रणाली के रेल नेटवर्क पर कार्य करने की क्षमता रखता है। इससे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपण की सुविधा मिलती है। श्री सिंह ने मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।



### चाईबासा में डीजीपी के समक्ष 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण





रांची। झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में सक्रिय भाकपा माओवादी संगठन के 10 नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता और अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने वालों में छह पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ सागर और पतिराम मांझी उर्फ अनल के दस्ते से जुड़े थे। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में रांदो बोर्डपाई, गार्दी कोड़ा, जोहन पूर्ति, निरसो सीदु, घोनोर देवगम, गौमेया कोड़ा, केरा कोड़ा, कैरी कायम, सावित्री गोप और प्रदीप सिंह शामिल हैं।

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस

# जारी रहेंगे जीएसटी सुधार: मोदी

● पहले 2017 में जीएसटी लाया गया और अब 2025 में जीएसटी में सुधार से आर्थिक मजबूती के बाद फिर से सुधार के बल पर आर्थिक मजबूती लायेंगे

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



**नोएडा/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। मोदी ने गुरूवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किये जाने और बाद में उसमें किये गये नई पीढी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आडे हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2014 की सकरार की नाकामी छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से छूट बोल रहे हैं। उस समय कर की लूट मची हुई थी और उस कर में से भी लूट होती थी। जनता पर कर की मार थी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कर कम करके मंहगाई कम की है। सरकार ने लोगों की आय बढायी है और कर को कम किया है। उन्होंने कहा कि यदि 12 लाख आयकर मुक्त राशि और जीएसटी सुधारों से होने वाल फायदा को जोड़ा जाये तो लोगों के एक वर्ष में ढाई लाख करोड़ रुपए बचने जा रहे हैं। इसीलिए देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है।

जीएसटी सुधारों को जारी रखने का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हम यहीं नहीं रूकने वाले।

पहले 2017 में जीएसटी लाया गया और अब 2025 में जीएसटी में सुधार से आर्थिक मजबूती के बाद फिर से सुधार के बल पर आर्थिक मजबूती लायेंगे और जीएसटी में सुधार का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में देश में राजनीतिक स्थिरता और नीति निर्माण के साथ-साथ कुशल युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ये सभी चीजें एक साथ नहीं है जबकि भारत में निवेश के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी कंपनी अगर अपनी बढोतरी को नये पंख लगाना चाहती है तो भारत और उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे आकर्षक निवेश स्थान है। यह सभी के लिए फायदे की स्थिति की तरह है। उन्होंने वहां मौजूद सभी हितधारकों से मिलकर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने को कहा।

### मोदी समेत भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ के प्रख्यात नेता और एकात्म मानववाद की प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ समेत तमाम नेताओं ने उन्हें देश को समृद्धि की राह दिखाने वाला महापुरुष बताते हुए श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें भारत का महान सपूत बताते हुए कहा कि उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में भारत माता का महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता बताते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक व 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर वंदन करता हूं। उन्होंने एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक समग्र इकाई मानकर आर्थिक प्रगति के साथ नैतिक व सांस्कृतिक उत्थान पर भी बल दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें महान विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता बताया। उन्होंने उनके एकात्म मानवता के दर्शन और अंत्योदय के उनके विचार को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में किए दर्शन



● राष्ट्रपति ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया, वे निधिवन पहुंचीं

**वृंदावन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए हैं। राष्ट्रपति के दर्शन के लिए मंदिर को कुछ समय के लिए आम भक्तों के लिए बंद रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान रिजर्व समय में किसी भी भक्त को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को स्पेशल ट्रेन से मथुरा के वृंदावन पहुंचीं। रेलवे स्टेशन पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह समेत तमाम सीनियर अधिकारियों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। वे निधिवन पहुंचीं।

कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर 3:30 बजे मथुरा के कुब्जा कृष्ण मंदिर पहुंचेंगी, जहां वह करीब 30 मिनट तक रहेंगी। इसके बाद, 4:15 बजे वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचेंगी, जहां वह दर्शन और पूजन करेंगी। शाम 5 बजे राष्ट्रपति मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी, जहां से वह ट्रेन से दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगी।

राष्ट्रपति जिस स्पेशल ट्रेन से वृंदावन पहुंची हैं, वह महाराजा एक्सप्रेस ट्रेन है। 16 कोच की ये ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होती है, जिसमें राष्ट्रपति के साथ उनके स्टाफ के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने पिछली बार जून 2023 में इसी विशेष ट्रेन से सफर किया था और वे भुवनेश्वर से अपने गृहनगर रायरंगपुर (ओडिशा) गई थीं। 2 साल 3 महीने बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने दोबारा इस ट्रेन से सफर किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा-वृंदावन दौरे को लेकर रेलवे स्टेशनों, लाइनों के किनारे और ओवरब्रिजों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। आरपीएफ और जीआरपी के जवान पूरे सेक्शन में तैनात हैं। राष्ट्रपति के पहुंचने से पहले ही वरिष्ठ अधिकारियों ने सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर और राष्ट्रपति के यात्रा कार्यक्रम के अन्य स्थलों पर सुरक्षा के सभी पहलुओं की गहन जांच की गई।

## हमने हर काल में आई चुनौतियों का सामना स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की ताकत से किया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव





भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी की ताकत से ही हमारी संस्कृति, हजारों हजार साल से अपने गौरव-गरिमा और समृद्धता के साथ विद्यमान है। हर युग और हर काल में आई चुनौतियों का हमने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की ताकत से ही सामना किया है।

महात्मा गांधी ने स्वदेशी के बल पर ही देश को आजादी दिलाई थी। उन्होंने ने जन-जन को विदेशी वस्तुओं को त्यागने और विदेशी वस्त्रों की होली जलाने के लिए प्रेरित किया। अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान होना चाहिए। महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में बहुत समानता थी। महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय संस्कृति की लंबी विचार प्रक्रिया के संवाहक हैं। दोनों का ही विचार था कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत, विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

## दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर धामी ने दी श्रद्धांजलि



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर दीनदयाल पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर काम किया। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आज भी प्रेरणा स्रोत हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दीनदयाल जी के विचार और 'अंत्योदय' का संकल्प राज्य की विकास नीति की प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सीएम धामी ने इसके बाद मुख्यमंत्री आवास में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, मैंने नई दिल्ली में सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2025 अभियान में भाग लिया। मैं प्रत्येक नागरिक से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और सभी के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत बनाने में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय जनसंघ के संस्थापक व 'एकात्म मानववाद'के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का उनकी जयंती पर वंदन करता हूं।

## जनता की समस्याओं को हल करने में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की अहम भूमिका : विष्णुदेव साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में 2024 बैच के 13 एवं 2021 बैच के एक अधिकारी शामिल थे। मुख्यमंत्री साय ने प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रशासन की धुरी हैं। जनता की समस्याओं को हल करने में उनकी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ आपको प्रबुद्ध नागरिक के रूप में समाज की भी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बेहतर समाज के निर्माण में आप सभी अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी अधिकारियों को पदेन दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के संचालक टी.सी. महावर ने मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया कि इन अधिकारियों का 7 अप्रैल से प्रारंभ हुआ इंडक्शन कोर्स अब समाप्त हो रहा है। इसके बाद ये सभी अधिकारी राज्य के विभिन्न जिलों में डिप्टी कलेक्टर के रूप में सेवा देंगे, जहाँ वे शासन के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को समझेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रशिक्षु अधिकारियों से उनके प्रशिक्षण के अनुभव भी जाने। उन्होंने कहा कि यह आपका सौभाग्य है कि आपको राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में जनता की सेवा का अवसर मिला है। यह अवसर सभी को नहीं मिलता। पूरे मनोयोग से इस अवसर का लाभ उठाते हुए निष्ठा और समर्पण के साथ अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करें।

## 'अन्त्योदय' की भावना को मूर्तरूप देने का अवसर 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' : मुख्यमंत्री



नोएडा/लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अन्त्योदय' के विचार को मूर्त रूप देने का अवसर करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश की समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक विविधता को भी प्रतिबिंबित कर रहा है।

आदित्यनाथ ने नरेन्द्र मोदी द्वारा ग्रेटर नोएडा के 'इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट' में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-3' का उद्घाटन किये जाने के बाद अपने संबोधन में कहा, आज अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी है। उन्होंने अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति के लिए 70 वर्ष पहले एक चिंतन दिया था और उसे मूर्त रूप में बदलने के लिए यह 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' एक विशिष्ट अवसर है। उन्होंने कहा, यह अवसर केवल एक ट्रेड शो का नहीं बल्कि वर्तमान की उन आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी मॉडल का और 'मेक इन इंडिया', 'मेड फॉर द वर्ल्ड' के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण का एक स्वरूप भी है। व्यापार मेले की विशेषताओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का यह तीसरा संस्करण है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस समारोह में 80 देशों के 550 से अधिक खरीदार भी भाग ले रहे हैं और इसमें 2250 से अधिक प्रतिभागी उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों से सहभागिता कर रहे हैं। ऐसा करके वह ब्रांड यूपी का उत्सव भी मना रहे हैं। यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश की समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक विविधता को भी प्रतिबिंबित कर रहा है।

## राजभवन में 5100 कन्याओं का पूजन एवं 100 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सम्पन्न



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर बृहस्पतिवार को यहां राजभवन में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

राजभवन के बयान के मुताबिक इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि यही बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। पटेल ने कहा कि सड़कों पर भिक्षा मांगने वाले बच्चों को राजभवन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया है तथा ऐसे 80 बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराया गया है और उन्हें विभिन्न प्रकार की कौशल शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा, यह राजभवन जनता का है। यहां विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम होते रहते हैं जैसे गरबा आयोजन, विद्यालयों के बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं, किसानों के लिए फ्लावर शो और उत्पाद प्रदर्शनी। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं और समाज को लाभ मिलता है। महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गरीब परिवार एचपीवी वैक्सीन का खर्च नहीं उठा पाते, इसलिए राजभवन ने समाज के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर 50,000 से अधिक बच्चियों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई है, जिसमें विश्वविद्यालयों ने भी सहयोग किया है। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (अयोध्या) के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राजभवन एक अनूठा स्थान बन चुका है, जहां भारतीय परंपराओं की रक्षा के कार्यक्रम देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा की कई चुनौतियां रहती हैं, परंतु उन सबके बीच इस प्रकार के आयोजन समाज को प्रेरणा देते हैं।

पैदल मार्च | लेह में हिंसक प्रदर्शन के बाद कर्फ्यू जारी

## काबू में हालात, लद्दाख महोत्सव रद्द



लेह। लद्दाख के लेह में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद गुरुवार को भी कर्फ्यू जारी है। फिलहाल, लेह शहर में स्थिति काबू में है। डीएम की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने उपद्रवियों को गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी और लद्दाख के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने लद्दाख के लोगों को शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाला बताया।

इसी बीच हिंसा के बाद गुरुवार को चार दिवसीय वार्षिक लद्दाख महोत्सव रद्द कर दिया गया। यह इस महोत्सव का आखिरी दिन था, जिसमें उपराज्यपाल (एलजी) कविंदर गुप्ता शामिल होने वाले थे। एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प में 4 प्रदर्शनकारी मारे गए और 40 घायल हो गए थे। इस दौरान उग्र भीड़ ने वाहनों में आग लगा दी, स्थानीय भाजपा कार्यालय को जला दिया और हिल काउंसिल के कार्यालय को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस नेता और पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग पर धरना प्रदर्शन स्थल पर कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए मामला दर्ज किया गया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार की हिंसा भड़काने के लिए सोनम वांगचुक समेत भूख हड़ताल कर रहे लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। उग्र भीड़ ने भाजपा कार्यालय, लेह हिल काउंसिल कार्यालय और सीआरपीएफ की जिप्सी में आग लगा दी।

साथ ही पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने गोलीबारी, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया ताकि सरकारी संपत्ति और सुरक्षाकर्मियों व अन्य लोगों को और नुकसान न हो। लेह की घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर आरोप लगा रही है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सासपोल के कांग्रेस पार्षद स्मानला दोरजे नोरबू ने खुलेआम प्रशासन को चुनौती दी। उन्होंने अधिक सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात करने की चुनौती दी।

# इस महीने के अंत में दौड़ने लगेगी पटना में मेट्रो रेल : जिवेश कुमार

*** फेज-2 में बिहटा, एम्स व पटना के कई स्थानों को जोड़ा जाएगा मेट्रो रेल को**
*** अगले वर्ष तक कचरा मुक्त होंगे बिहार के शहर, कचरा प्रबंधन को लेकर सरकार गंभीर**
*** नगर विकास एवं आवास मंत्री ने पेश की अपने विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि इस महीने के अंत तक पटना में मेट्रो रेल का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में प्राथमिक कॉरिडोर में कुल पांच स्टेशनों यथा आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक एव मलाही पकड़ी के बीच परिचालन शुरू किया जा रहा है। जिसकी कुल लम्बाई 6.20 किलोमीटर है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार बुधवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं को सम्बोधित कर रहे थे।
इस मौके पर उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश करते हुए कहा कि कभी बजबजाती गंदगी और कचरों के अंबार को लेकर चर्चा में रहने वाले बिहार के विभिन्न शहर अब देशभर में अपनी स्वच्छता का परचम लहरा रहे हैं। जिवेश कुमार ने कहा कि देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवारा मनाया जा रहा है, लेकिन बिहार में त्योहारों के इस मौसम में यह 17 सितंबर से 29 अक्टूबर तक यह स्वच्छोत्स्व के रूप में करीब डेढ़ महीने तक मनाया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, संयुक सचिव अभिलाषा शर्मा और पटना के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर मौजूद थे।
नगर विकास मंत्री ने पटना मेट्रो रेल की चर्चा करते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजन के फेज-2 के तहत बिहटा, एम्स तथा कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ा जाएगा। जिवेश कुमार ने दावा किया कि अगले एक वर्ष में बिहार पूरी तरह कचरा मुक्त राज्य होगा और राज्य के किसी भी कोने में कचरे का अंबार नहीं दिखेगा। वर्ष 2024 में केन्द्रीय स्तर पर कचरा मुक्त 100 शहरों की सूची में बिहार की राजधानी पटना और गया को थ्री स्टार रेटिंग तथा भागलपुर और सुपौल को वन स्टार रेटिंग प्रदान किया गया है। साथ ही, वर्ष 2024 में स्वच्छता सर्वेक्षण में गंगा टाउन श्रेणी में शामिल कुल 88 शहरों में पटना को देशभर में चौथा, भागलपुर को 15वां, छपरा को 19वां और मुंगेर को 20वां स्थान प्राप्त हुआ है।
उन्होंने कहा कि राज्य में शहरीकरण के विस्तार एवं बढ़ती आबादी के कारण विगत वर्षों में शहरी नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल का अभाव था। वर्ष 2011 के सर्वे के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्र में मात्र 3.26 लाख घरों को ही जलापूर्ति की जाती थी। लेकिन आज शुद्ध नल-जल योजना, मुख्यमंत्री शहरी शहरी पेयजल निश्चय योजना तथा अमृत योजना के तहत कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप अब कुल 29.68 लाख घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री सुरक्षित सुशासित शहर के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही नगर निकायों में बहुद्देश्यीय आयोजनों के लिए सम्राट अशोक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री ने शहरी क्षेत्र के विकास के लिए शुरू की गई दर्जनों योजनाओं का विस्तार से चर्चा की। जिसमें आधुनिक शवदाह गृह से लेकर नदी के तट पर बसे शहरों के विकास और जल-जीवन-हरियाली अभियान भी शामिल हैं।

# एक दिन - एक घंटा - एक साथ के संकल्प के साथ पटना नगर निगम द्वारा किया गया श्रमदान

*** मंत्री द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत आमजनों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पटना नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आज एस.के. पुरी पार्क में स्वच्छता ही सेवा 2025÷ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक दिन- एक घंटा- एक साथ कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वच्छता शपथ भी ली। जिसमें महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर भारत सौंपने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जिवेश कुमार ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान करते हुए कहा कि यह केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ के मंत्र को अपनाते हुए स्वच्छता में अपना योगदान सुनिश्चित करें। श्री जिवेश कुमार ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए हर साल 100 घंटे, यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर अपने आसपास के 100 लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की।
माननीय मंत्री ने कहा कि मूलरूप से हर साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक प्रस्तावित इस अभियान को बिहार सरकार ने छठ पूजा तक बढ़ा दिया है, ताकि स्वच्छता का यह संदेश और व्यापक रूप से फैल सके। यह कार्यक्रम पटना और पूरे भारत को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
नगर आयुक्त द्वारा भी जानकारी देते हुये कहा गया कि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जनसहभागिता के बिना यह लक्ष्य अधूरा है। उन्होंने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी वार्ड पार्षदों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर विकास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, पटना नगर आयुक्त श्री अनिमेष कुमार पराशर तथा अपर सचिव श्री विजय प्रकाश मीणा सहित विभाग के वरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वार्ड पार्षदों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।
कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पार्क और उसके आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 29 अक्टूबर तक शहर के विभिन्न हिस्सों में चलाया जाएगा।
स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुरू हुआ यह अभियान गंदगी न फैलाने, कूड़ेदान का सही उपयोग करने और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

# बिहार में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन हेतु राज्य रणनीति एवं कार्य योजना 2025 का हुआ शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता**




**पटना ।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के नियोजन भवन स्थित प्रतिबिंब सभागार में आज ÷बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन हेतु राज्य रणनीति एवं कार्य योजना-2025÷ का शुभारंभ/प्रसार किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष, श्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष, श्री अरविंद कुमार सिंह, श्रम संसाधन विभाग के सचिव, श्री दीपक आनन्द, श्रमायुक्त बिहार, श्री राजेश भारती, संयुक्त श्रमायुक्त, श्री विजय कुमार और यूनिसेफ बिहार के बाल संरक्षक विशेषज्ञ, श्री बंकू बिहारी सरकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य रणनीति के उद्देश्यों और क्रियान्वयन की दिशा पर विस्तार से चर्चा हुई और बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन का रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया गया।
उक्त अवसर पर अपने संबोधन में बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार ने कहा कि ÷बच्चे किसी भी राष्ट्र की धरोहर और भविष्य की नींव होते हैं। बाल श्रम उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और बचपन पर कुठाराघात करता है। इसे खत्म करना केवल सरकार का नहीं बल्कि समाज का भी दायित्व है। राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई यह नई रणनीति निश्चित रूप से बाल श्रम मुक्त बिहार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।÷उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि ÷गरीबी, अशिक्षा और असमानता बाल श्रम की जड़ हैं।
हमें बच्चों के लिए बेहतर अवसर और विकल्प तैयार करने होंगे। इस कार्य योजना में विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से तय किया गया है ताकि बचपन की रक्षा और पुनर्वास की प्रक्रिया को और मजबूत बनाया जा सके।
श्रम संसाधन विभाग के सचिव श्री दीपक आनन्द ने कहा कि ÷बाल श्रम केवल कानूनी या प्रशासनिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना और न्याय का विषय है। 2009 और 2017 में बनी कार्य योजनाओं के अनुभवों से सीख लेकर 2025 की यह रणनीति और अधिक व्यापक और अद्यतन बनाई गई है। भारतीय न्याय संहिता, 2023 और बिहार बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) नियमावली, 2024 के बाद यह रणनीति समय की मांग थी।÷ श्रमायुक्त बिहार, ने बताया कि ÷नई रणनीति में पहली बार रेलवे, शस्त्र सीमा बल, परिवहन विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरणों को भी शामिल किया गया है। इससे पहचान, विमुक्ति और पुनर्वास की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होगी। अब यह सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं बल्कि व्यापक सामाजिक आंदोलन बनेगा। सभी विभागों और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही हम बाल एवं किशोर श्रम को जड़ से खत्म कर पाएंगे।

# बापू टॉवर के आउटरीच कार्यक्रम के तहत बीडी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** बापू टावर के आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शहर के बी.डी.कॉलेज, में %महात्मा गांधी का छात्र जीवन% विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का उद्घाटन बी.ड़ी. कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बापू टावर के उप-निदेशक ललित कुमार सिंह ने छात्रों को बापू टावर की परिकल्पना और संस्थान की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।
इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जगजीवन राम शोध संस्थान के पूर्व निदेशक नरेंद्र पाठक ने छात्र - छात्राओं के बीच संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महात्मा गांधी के छात्र जीवन के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया। पाठक ने लंदन में पढ़ाई के दौरान, अफ्रीका प्रवास और बाद के स्वतंत्रता आंदोलन के क्रमिक इतिहास को छात्रों के सामने रखा। उन्होंने स्पष्टता से इस बात को रेखांकित किया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और गांधी आजीवन विद्यार्थी बने रहे। उन्होंने महात्मा गांधी की किताब %सत्य के साथ मेरे प्रयोग% और लुई फिशर की लिखी %गांधी की जीवनी% पढ़ने की सलाह छात्रों को दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडी कॉलेज मीठापुर की प्राचार्या रत्ना अमृत ने छात्र छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की बात कही। इस अवसर पर बापू टावर के निदेशक विनय कुमार ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके आदर्शों से बड़े रोचक अंदाज में छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन बीडी कॉलेज के प्राध्यापक विशाल विजय ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन बी.डी.कॉलेज के ही प्राध्यापक नीतू तिवारी ने किया। गया। इस अवसर पर बापू टावर के पदाधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना अंतर्गत चयनित पैक्सों को किया पुरस्कृत



*** मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत 100 पैक्सों को मिला पुरस्कार**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** आज मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के लिए चयनित कुल 100 पैक्सों को पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया।
इस अवसर पर माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होने वाले पैक्सों को न सिर्फ कार्यकुशलता में वृद्धि होगी बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा और वे उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित होंगे, जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों को मिलेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ।

# राज्य में चार वर्षों में वाहन रजिस्ट्रेशन में 38.53 प्रतिशत की उछाल

*** सबसे अधिक दोपहिया वाहनों का हो रहा रजिस्ट्रेशन**
*** वर्ष 2024-25 में कुल 10,90,189 मोटरसाइकिलों का हुआ रजिस्ट्रेशन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** बिहार में वाहन खरीद की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। परिवहन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार वर्षों में वाहन रजिस्ट्रेशन में 38.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां 9,97,992 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 13,82,524 तक पहुंच गया है, जो राज्य में वाहनों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

**दोपहिया वाहनों की मांग में तेजी**

आंकड़ों से पता चलता है कि राज्य में दोपहिया वाहनों की मांग सबसे अधिक तेजी से बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 10,90,189 मोटरसाइकिलों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो कुल रजिस्ट्रेशन का एक बड़ा हिस्सा है। जबकि वर्ष 2021-22 में यह संख्या 8,10,625 थी।

**ई-रिक्शा और कृषि ट्रैक्टरों की बढ़ती संख्या**

ई-रिक्शा की मांग में भी तेजी देखी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 76,201 ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन हुआ है। कृषि ट्रैक्टरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 13,268 कृषि ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 19,932 हो गया। इसके साथ ही, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,542 व्यावसायिक ट्रैक्टरों और 24,692 मालवाहक वाहनों का रजिस्ट्रेशन दर्ज किया गया है।

# दीनदयाल जी के सपने साकार कर रहे मोदी, एनडीए सरकार : सम्राट चौधरी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एकात्म मानवतावाद के प्रवर्तक और समाज के सबसे गरीब व्यक्ति की चिंता करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश मिल कर दीनदयाल उपाध्याय और राम मनोहर लोहिया जैसे दो महापुरुषों के सपने साकार कर रहे हैं।
उन्होंने अपने आवास पर दीनदयाल जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि दीनदयाल जी गरीब का जीवन उन्नत करने की बात करते थे। उनके आदर्शों पर चल कर एनडीए सरकार गरीबों को पक्के मकान, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, शौचालय और मुफ्त राशन तक उपलब्ध करा रही है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएँ लागू कीं, वे सब दीनदयाल जी के अन्त्योदय दर्शन का साकार रूप हैं। जिन करोड़ों लोगों की पहुँच न बैंक तक थी, न घर में शौचालय थे, समाज की अंतिम पायदान पर खड़े उन लोगों को मोदी सरकार ने सहारा दिया। इन्हीं 50 करोड़ लोगों के जनधन खाते खुले और अब वे बैंक के सम्मानित ग्राहक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलते हुए आगे भी गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के हित में निर्णय करती रहेगी।

# विकसित भारत के रंग कला के संग का आयोजन कला एवं शिल्प महाविद्यालय में संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**



**पटना ।** आज कला एवं शिल्प महाविद्यालय में ललित कला अकादमी कैंप ऑफिस, ऑफीसर्स फ्लैट, पटना के सहयोग से सेवा पर्व 2025 के अवसर पर ÷विकसित भारत÷- विकसित भारत के रंग कला के संग पर एक कला शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के विजन के ऊपर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री श्याम शर्मा पद्मश्री, श्री विनय कुमार निर्देशक बापू टावर, प्राचार्य डॉ राखी कुमारी एवं श्रीमती रीना सोपान ललित कला के सामान्य परिसर की सदस्या ने की। अतिथियों का स्वागत नवीन कुमार प्र0 सिविल कार्यालय पटना ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। महाविद्यालय के 126 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से तीन को पुरस्कृत किया जाएगा।

# नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों पर होंगी 15,628 नियुक्तियां

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग में जल्द ही नियुक्तियां का पिटारा खुलने वाला है। राज्य के सभी नगर निकायों में आमलोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने विभिन्न कोटि के कुल 15,628 नए पदों का सृजन किया है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मलेन में कहा कि उक्त 15,628 पदों के विरुद्ध कुल 11,244 पदों पर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि उनके विभाग को सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। जिसके कारण कार्यों एवं दायित्वों के सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए उक्त पदों का सृजन किया गया है। आने वाले महीनों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिससे राज्य के हजारों युवकों व युवतियों को सरकारी सेवा में आने का अवसर प्राप्त होगा। नगर विकास एवं आवास विभाग में कई प्रभाग गठित किये गए हैं। जिसमें प्रशासनिक प्रभाग, स्वच्छता एवं अवशिष्ट प्रबंधन प्रभाग, कल्याण एवं निबंधन प्रभाग, राजस्व एवं लेखा प्रभाग, टाउन प्लानिंग प्रभाग, योजना प्रभाग, स्वास्थ्य प्रभाग और निगरानी दल प्रभाग में युवाओं की बंपर नियुक्ति की जाएगी।

# आज पीएम महिलाओं के खाते में जारी करेंगे 10 हजार रुपये

*** मुख्यमंत्री होंगे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे पीएम इसमें**
*** सभी परिवारों की एक महिला के लिए यह योजना, 75 लाख के खाते में ट्रांसफर होगी राशि**
*** 75 लाख महिलाओं को ऑनलाइन माध्यम से वितरित की जाएगी 7.50 हजार करोड़ की राशि**
*** इसके तहत ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 9 लाख 82 हजार महिलाओ ने आवेदन किया**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** सूबे की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरुआत 26 सितंबर (शुक्रवार) को होने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे और लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे ।
इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उदेश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 15 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है।

**यह होगी कार्यक्रम की रूपरेखा**

- इस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है। सभी 38 जिला मुख्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जन प्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कम से कम 1 हजार महिलाएं भाग लेंगी।
- सभी 534 प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी और एसएचजी से जुड़ी 500 महिलाएं भाग लेंगी।
- जीविका के सभी 1680 संकुल स्तरीय संघ पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें संकुल स्तरीय जीविका समूह की 200 महिलाएं शामिल होंगी।
- जीविका के सभी 70 हजार ग्राम संगठन स्तर पर भी इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसमें एसएचजी से जुड़ी 100 महिलाएं भाग लेंगी।

**यह है योजना का मकसद**

यह राशि महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने, छोटे-मोटे व्यवसाय स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता से महिलाएं खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई, बुनाई, और अन्य लघु उद्यमों में निवेश कर सकेंगी। स्वरोजगार शुरू कर महिलाएं स्वालंबी बन सकेगी। इससे इनका परिवार भी सशक्त बन सकेगा। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को समान रूप से लाभ पहुंचाना है। यह योजना स्व-रोजगार, आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक आर्थिक विकास पर केंद्रित है। इसके माध्यम से बिहार ही नहीं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

**1 करोड़ 9 लाख दीदियों ने किया आवेदन**

इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया को सरल रखा गया है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। इसका लाभ लेने के लिए सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र से अब तक 1 करोड़ 9 लाख 82 हजार जीविका दीदियों ने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त 5 लाख 68 हजार से अधिक महिलाओं ने एसएचजी समूह से जुड़ने के लिए आवेदन किया है। निर्धारित प्रावधान के मुताबिक, किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं ही इसका लाभ ले सकती हैं।

**शहरी क्षेत्र की 6 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन**

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने ग्रामीण और शहरी, हर वर्ग की महिलाओं में नई उम्मीद जगाई है। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी इलाके की महिलाएं भी बड़ी संख्या में इसका लाभ लेने के लिए इसमें रूचि दिखा रही हैं। अब तक शहरी इलाकों में कार्यरत 6 लाख 5 हजार जीविका दीदियों ने इसके तहत आवेदन किया है। इसके साथ ही जीविका के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ने के लिए 7 लाख 84 हजार से ज्यादा शहरी महिलाओं ने भी आवेदन किया है।

**यह है आवेदन की प्रक्रिया**

**ग्रामीण क्षेत्र :** एसएचजी से जुड़ी महिलाएं अपने ग्राम संगठन में आवेदन जमा करेंगी। ग्राम संगठन स्तर पर एक विशेष बैठक आयोजित होगी, जिसमें समूह के सभी सदस्यों का एक समेकित प्रपत्र में आवेदन लिया जाएगा। जो महिलाएं स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ी हैं उन्हें पहले अपने ग्राम संगठन में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देकर समूह में शामिल होना होगा।

**शहरी क्षेत्र :** शहरी क्षेत्र की महिलाएं जीविका की आधिकारिक वेबसाइट www.brlps.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। पूर्व से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी शहरी महिलाओं को ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य के सभी परिवारों की एक महिला के लिए यह यूनिवर्सल योजना लाई गई है। हर वर्ग के परिवारों की महिलाएं इसका लाभ ले सकती हैं।
कुछ राज्यों में महिलाओं के लिए मासिक राशि देने की योजनाएं घोषित की गई हैं। यह इससे काफी भिन्न है, क्योंकि इसमें विशिष्ट उद्देश्य यानी रोजगार करने के लिए राशि दी जा रही है।
महिलाओं को उनके पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये दी जा रही है। उनका रोजगार अच्छा चलने पर आवश्यकता के अनुसार 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त राशि देने का भी प्रावधान है।
प्रारंभिक राशि देने के साथ-साथ लाभान्वित महिलाओं को एसएचजी से जोड़ा जा रहा है और पसंद के रोजगार करने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।
यह योजना सामुदायिक सहभागिता आधारिता है। रोजगार के चयन तथा लाभान्वितों को मार्गदर्शन देने के लिए स्थानीय एसएचजी की भूमिका रखी गई है।
- महिला के स्तर से रोजगार या व्यवसाय के लिए बिक्री योग्य उत्पादों के लिए इस योजना में ग्रामीण हाट-बाजार को अधिक विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

एसएचजी एक नजर में
राज्यभर में वर्तमान में करीब 11 लाख स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं। जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 40 लाख से अधिक है। इस संगठनात्मक व्यवस्था का उपयोग इस रोजगार योजना के लिए किया जा रहा है।`

# ज्ञान भवन में मखाना महोत्सव -2025- संस्कृति और नवाचार का संगम

*** मखाना - बिहार की संस्कृति से विश्व बाजार तक का सफर**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** बिहार का गौरव, मखाना, अब राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बना चुका है। उद्यान निदेशालय, बिहार द्वारा मखाना महोत्सव - 2025 का आयोजन आगामी 04 और 05 अक्टूबर को पटना स्थित ज्ञान भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर मखाना से जुड़े किसान, प्रसंस्करण इकाइयों के संचालक, स्टार्ट-अप उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शोधकर्ता और नीति-निर्माता एक साझा मंच पर एकत्र होंगे। निदेशक उद्यान, श्री अभिषेक कुमार ने बताया कि मखाना बिहार की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्परा का अभिन्न हिस्सा रहा है। आधुनिक युग में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता ने मखाना को सुपरफूड का दर्जा दिलाया है। यही कारण है कि मखाना महोत्सव का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। इस वर्ष के महोत्सव में मखाना यांत्रिकरण, बी2बी सम्मेलन, एपीडा द्वारा निर्यात सहयोग, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे मखाना व्यवसाय से जुड़े हितधारकों को नए अवसर प्राप्त होंगे और बाजार विस्तार में सहूलियत होगी। मखाना विकास योजना के परिणामस्वरूप विगत दशक में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मखाना आच्छादित रकबा में 171 प्रतिशत तथा मखाना पॉप उत्पादन में 152 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसके अतिरिक्त बिहार कृषि निवेश प्रोत्साहन नीति, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) और बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (BIIPP) जैसी योजनाओं से मखाना उद्योग को नई दिशा मिली है। निदेशक उद्यान ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मखाना की मांग लगातार बढ़ रही है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए बिहार के युवाओं और महिलाओं ने अनेक स्टार्ट-अप एवं लघु उद्योग प्रारंभ किए हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि बिहार का नाम भी वैश्विक बाजार में स्थापित हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**नीलामी सूचना सं०– दिसम्बर–2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होगे

**दिसम्बर–2025 की ई–नीलामी**

| क्र सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522–2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 18 | 26 |
| 2 | शकुरबस्ती 011–27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 11 | 17 | 26 |
| 3 | जगाधरी 01732–252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 8 | 13 | 19 | 27 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522–2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 22 | 30 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632–244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 23 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171–2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 23 | 30 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591–2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 10 | 16 | 22 | 29 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011–23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 11 | 17 | 22 | 29 |

नोटः 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 4. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को Ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

सं. 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025–26 दिनांकः 22.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2923/25

P-03:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 9:38 PM Page 1



# जनता को 20 और अत्याधुनिक ऑटोमेटेड पार्किंग की सुविधाएं देगी दिल्ली सरकार

दीया शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महापौर राजा इक़बाल के साथ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा निर्मित ऑटोमेटेड पज़ल कार पार्किंग, श्मशान घाट, पंजाबी बाग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने भारत दर्शन पार्क, पंजाबी बाग में ऑटोमेटेड पज़ल कार पार्किंग का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द दिल्ली की जनता को 20 और अत्याधुनिक ऑटोमेटेड पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे पार्किंग की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंजाबी बाग स्थित ऑटोमेटेड पज़ल कार पार्किंग सुविधा का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्किंग परिसर में नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली को संवारने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर श्मशान घाट के पास इस पार्किंग का लोकार्पण करना केवल एक विकास परियोजना का उद्घाटन नहीं बल्कि असीम पुण्य और कृतज्ञता का भाव देने वाला कार्य है। सरकार का पहला वर्ष दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार को समर्पित है और आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और स्वच्छता सहित जीवन की सभी आवश्यकताओं से जुड़ी योजनाएं जनता तक पहुंचाई जाएंगी। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में पार्किंग की समस्या लंबे समय से झगड़ों और तनाव का कारण बन रही थी। लोग मजबूरी में अपनी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी करते थे जिससे ट्रैफिक अव्यवस्थित होता और आए दिन विवाद खड़े होते। ऐसी स्थिति में ऑटोमेटेड पार्किंग की सुविधा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता थी।

पिछली सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली को अस्त-व्यस्त करने का कार्य पिछली सरकार ने किया और विकास कार्यों को पूरी तरह से ठप कर दिया था। दिल्ली में नई सरकार के आने के बाद विकास कार्यों को त्वरित गति मिली है और राजधानी के बुनियादी ढांचे को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

## दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र ने करवाया डेंगू से बचने के लिए मच्छरमार धुंआ

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 के केशव मार्ग के सभी गलियों में मच्छरमार धुंआ व डेंगू, मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। विधायक रवि नेगी के वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, पीएचआई महेश कुमार मीणा के आदेशानुसार केशव मार्ग रोड पर मच्छर मार धुंआ सीएफडब्ल्यू कमल सिंह के साथ मेघराज सिंह ने मेगा फोन से सभी दुकानदार भाइयों से और सभी भाई-बहन निवासियों से मच्छर की उत्पत्ति रोकने की अपील की। और कहा कि फुल बाजू के कपड़े पहनकर रहे व बच्चों को भी फुल बाजू के कपड़े पहनाकर रखें। क्योंकि दिन में डेंगू का मच्छर एडीज फीमेल के काटने से डेंगू संक्रामक बीमारी फैलती है। इसीलिए फुल बाजू के कपड़े पहन कर रहे अपने घर और आसपास स्वच्छ और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। साफ सुथरा अपने वार्ड को बनाने में पूरा योगदान दे। दिल्ली में बहुत तेजी से डेंगू मलेरिया के केस आ रहे हैं अभी भी मच्छर की उत्पत्ति पाई जा रही है। इसीलिए हमें चार-पांच दिन का साफ पानी जमा नहीं होने देना अपील कर रहा है दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र आपकी जागरूकता ही आपका बचाव है आप बच्चे अपने परिवार को बचाएं अपने वार्ड को बचाएं अपनी दिल्ली को बचाएं जागरूकता ही बचाव है। इस अवसर पर सचिन शर्मा एमटीएस अशोक शर्मा एमटीएस करतार सिंह एमटीएस प्रेम सिंह एमटीएस रामनिवास एमटीएस सभी की मौजूदगी में मच्छरमार धुंआ करवाया गया।



# स्वच्छता केवल कर्तव्य नहीं, यह देशभक्ति का बड़ा स्वरूप है : वीरेंद्र सचदेवा

लिशा शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने महापौर राजा इकबाल सिंह के साथ दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल कर्तव्य नहीं, यह देशभक्ति का बड़ा स्वरूप है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज एक घंटा, एक दिन, एक साथ मिलकर स्वच्छता के लिए सभी श्रमदान करें और स्वच्छता को एक जनांदोलन बनाएं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि संकल्प है कि हम सभी मिलकर स्वच्छ, सशक्त और समर्थ भारत का निर्माण करेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली को सुंदर बनाना है तो सफाई अभियान एक दिन का नहीं होना चाहिए। ये हम सबके जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए ये बात दिल्ली के हर नागरिक को समझना चाहिए। ये दिल्ली हमारी दिल्ली है तो इसलिए हम सभी मिलकर दिल्ली को साफ करें।

वहीं, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिल्लीवासियों में स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का यह प्रयास निश्चित ही देश को और सशक्त बनाएगा। इस अभियान ने न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया।

महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ यह प्रयास समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को साफ-सुंदर बनाना है तो स्वच्छता को अपने व्यवहार एवं आदत में शामिल करना होगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय पार्षद एवं दिल्ली नगर निगम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## 41वें मुफ्त नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर से सैकड़ों लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस आई

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** मोतियाबिन्द के कारण से होने वाले अंधेपन को खत्म करने और समाज सेवा के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए, सावन कृपाल रूहानी मिशन ने 14 से 21 सितंबर, 2025 तक कृपाल बाग, दिल्ली में 41वां निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के दिव्य-मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस आई, जिससे कि दिल्ली-एनसीआर तथा उत्तर भारत के सैकड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया।



29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन के अवसर पर आयोजित यह आठ दिवसीय शिविर भारत और अमेरिका दोनों देशों के सेवादार डॉक्टर्स के अथक समर्पण से संभव हुआ। ये सभी इस नेक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए एक साथ एकजुट होकर इस शिविर में निष्काम सेवा-भाव से मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

उद्घाटन के दिन, कृपाल बाग के मैदान में बड़ी संख्या में मरीजों की लाईनें लगी रहीं, जहाँ मिशन के सेवादारों और मेडिकल टीम ने प्रत्येक व्यक्ति की सावधानीपूर्वक जाँच की।

कुल मिलाकर 2,771 लोगों की आँखों की जाँच की गई, जिनमें से 1,200 भाई-बहन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए योग्य पाए गए। मरीजों को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, हॉस्पिटल आने और जाने, पढ़ने के चश्मे और उससे जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएँ मुफ्त में प्रदान की गईं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन मयूर ध्वज अपार्टमेंट गीता कॉलोनी में किया गया कार्यक्रम में पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल, सोसाइटी के सचिव सुनील जैन एवं सोसाइटी के प्रबंधक अभिषेक जैन के अलावा सोसाइटी के निवासी भी शामिल हुए।



श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा अच्छे पर्यावरण एवं साफ हवा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने बहुत जरूरी है हर व्यक्ति को जितने घर के सदस्य है उतने पेड़ लगाने चाहिए पेड़ लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल बहुत जरूरी है जिन पेड़ो को हम लगाए उनको प्रतिदिन पानी दे साथ ही उसके आस पास कोई और भी पेड़ हो तो उसे भी पानी दें जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे पॉल्यूशन उतना कम होगा हमे ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिलेगी।

सचिव सुनील जैन ने कहा सोसाइटी में जल्द ही सौ पेड़ नीम और अशोका के लगाए जाएंगे ताकि सोसाइटी के लोगों को साफ साफ हवा, ऑक्सीजन मिले एवं हरियाली बनी रहें।

## आईटीबीपी भर्ती परीक्षा लीक मामला: परीक्षा संचालन एजेंसी आइआइपी के तीन निदेशक समेत पांच गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** आईटीबीपी भर्ती परीक्षा लीक मामले में क्राइम ब्रांच ने परीक्षा संचालन एजेंसी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोमेट्री (आइआइपी) के तीन निदेशक सहित पांच आरोपितों को किया है। बताया गया कि इनमें तीनों निदेशक को कोलकाता और दो अन्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। 2021 में इस मामले में लोधी कॉलोनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसका क्राइम ब्रांच जांच कर रही थी। इस मामले में संभावित लिंक और अन्य आरोपितों के बारे में पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम अमिताव राय, जयदीप गोस्वामी, सुभेंदु कुमार पाल, रोहित राय और धर्मेंद्र है। अमिताव राय, जयदीप गोस्वामी, सुभेंदु कुमार पाल भारतीय मनोमिति संस्थान, कोलकाता, बंगाल में निदेशक के रूप में कार्यरत थे। इनमें अमिताव राय, मेरुजीन हाउसिंग काम्प्लेक्स, रामचंद्रपुर, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता का रहने वाला है। उसने बीएससी, स्नातकोत्तर व प्रबंधन में डिप्लोमा कर रखा है और 2015 में आइआइपी में निदेशक के रूप में ज्वाइन किया। जयदीप गोस्वामी, एस्ट्रोनाट्स एवेन्यू, बिधाननगर, दुगार्पुर, बंगाल का रहने वाला है। उसने बी.फार्मा व एमबीए कर रखा है। 2014 में वह आइआइपी में निदेशक के रूप में ज्वाइन किया था। शुभेंदु कुमार पाल, पश्चिम बिरसा, ठाकुरपुकुर, कोलकाता का रहने वाला है। वह बीए पास है। 2016 में उसने आइआइपी में निदेशक के रूप में ज्वाइन किया। रोहित राज, जनकपुरी का रहने वाला है। बी.काम (आनर्स) कर रखा है। 2020 में उसने आइआइपी में सलाहकार के रूप में ज्वाइन किया। धर्मेंद्र, वशिष्ठ पार्क, दिल्ली का रहने वाला है। इसने भी बी.काम (आनर्स) कर रखा है और आइआइपी में प्रिंटर का काम देखता था। प्राथमिकी आईटीबीपी के कमांडेंट (भर्ती) कुशल कुमार ने कराई थी।

वहीं, शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया था कि एवरग्रीन प्लाजा, 117 बैरकपुर ट्रंक रोड, कोलकाता, बंगाल स्थित मेसर्स इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइकोमेट्री (आइआइपी) को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से आइटीबीपी में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा का संचालन करने के लिए आउटसोर्स किया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, फर्म प्रश्न पत्रों की सेटिंग और प्रिंटिंग, छिद्रित ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं की डिजाइनिंग और लिखित परीक्षा का संचालन, ओएमआर शीट की स्कैनिंग, प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित पैकिंग और परिवहन, पूरी प्रक्रिया के दौरान उच्च स्तर की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार थी। सिपाही (ट्रेड्समैन) पद के लिए लिखित परीक्षा 10 जनवरी 2021 की सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक 13 शहरों के 81 केंद्रों पर 46,174 उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले, प्रश्नपत्र वाट्सएप के माध्यम से प्रसारित किया गया था और आइटीबीपी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्राप्त हुआ था। परीक्षा शुरू होने के बाद, प्रश्नपत्र के वाट्सएप संस्करण का वास्तविक प्रश्नपत्र से मिलान किया गया। जिसमें पुष्टि हुई कि वे समान थे।

आइटीबीपी द्वारा की गई आंतरिक जांच में पाया गया कि प्रश्नपत्र वास्तव में लीक हो गया था और परीक्षा शुरू होने से पहले उम्मीदवारों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो गया था। जांच के दौरान, आइटीबीपी और आरोपित कंपनी आइआइपी, दोनों से जवाब मांगे गए। अनुबंधों और समझौता ज्ञापनों सहित संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। आइआइपी के कर्मचारियों से पूछताछ की गई।

एक कर्मचारी ने बताया कि निदेशक अमिताव राय और उनके सहयोगी इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार थे और जांच प्रक्रिया किसी अन्य कंपनी को आउटसोर्स कर दी गई थी। वहीं, नोटिस जारी किए जाने के बावजूद, निदेशक जांच में शामिल नहीं हुए। 19 सितंबर को जांच अधिकारी ने निदेशकों से मुलाकात कर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपितों ने जांच को गुमराह करने का प्रयास किया और सहयोग नहीं किया।

एसीपी कैलाश चंद्र शर्मा व इंस्पेक्टर उमेश भारती की टीम ने 20 सितंबर को अमिताव राय, शुभेंदु कुमार पाल और जयदीप गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दो अन्य को भी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## धौला कुआं हादसा: पटियाला हाउस कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज पेश, गगनप्रीत कौर की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने धौला कुआं में 14 सितंबर को हुए हादसे से जुड़ी सुनवाई में दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी घटना फुटेज पेश की। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के उप सचिव नवजोत सिंह की मौत हो गई थी। कोर्ट ने फुटेज को ध्यान से देखने के बाद आरोपित महिला की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित रख लिया। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट के समक्ष धौला कुआं में हुए बीएमडब्ल्यू हादसे से संबंधित सीसीटीवी फुटेज पेश किया, जिसमें वित्त मंत्रालय के उप सचिव नवजोत सिंह की जान चली गई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपी गगनप्रीत कौर की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और वकीलों के तर्क सुने।

### सीसीटीवी फुटेज पेश करने का आदेश

इससे पहले बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से धौला कुआं बीएमडब्ल्यू हादसे से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों को पेश करने को कहा था ताकि उनके मामले को मजबूती दी जा सके। कोर्ट ने बचाव पक्ष के वकील और लोक अभियोजक से लिखित तर्क जमा करने का अनुरोध किया है। कोर्ट आरोपी चालक गगनप्रीत कौर की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है। प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित गर्ग ने आरोपी के वकील, दिल्ली के विशेष लोक अभियोजक और शिकायतकर्ता के वकील की दलीलें सुनने के बाद दिल्ली पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य पेश करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई गुरुवार दोपहर 2 बजे के लिए सूचीबद्ध की थी।

### आरोपी की ओर से तर्क

आरोपी गगनप्रीत कौर के वकील प्रदीप राणा ने शुरूआत में दलील दी कि आरोपी की ओर से कोई गलत इरादा नहीं था। उन्होंने वेंकटेश्वरा अस्पताल को कॉल किया, लेकिन कॉल का जवाब नहीं मिला। उन्होंने पीसीआर को भी कॉल किया। वकील ने बताया कि गगनप्रीत कौर ने घायलों को न्यूलाइफ अस्पताल ले गई और अपने पिता से नवजोत सिंह और उनकी पत्नी के इलाज के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए।

### एफआईआर में देरी पर सवाल

आरोपी के वकील ने एक सवाल उठाते हुए कहा, 'एफआईआर 10 घंटे की देरी से दर्ज की गई। पुलिस ने इतना समय क्यों लिया?' उन्होंने यह भी कहा कि घटना के दिन 1:38-1:39 बजे पीसीआर कॉल की गई थी। आरोपी का कथित इरादा गलत समझा गया है। वह डॉक्टर नहीं है और उसे यह पता नहीं था कि मरीज को कितना समय बचा है? यह हत्या के अपराध का मामला नहीं है।

### जमानत की मांग

बचाव पक्ष के वकील ने कहा, 'वह अग्रिम जमानत नहीं मांग रही है। उसे गिरफ्तारी के बाद 10 दिन से हिरासत में रखा गया है। उसने जांच में सहयोग किया। जब मांगा गया, तो उसने अपना मोबाइल और ड्राइव पुलिस को सौंप दिया।' वकील ने कहा कि पूरा परिवार पीड़ित है और सभी साक्ष्य पुलिस के पास हैं। उसे जमानत दी जा सकती है।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, 3 बदमाश अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की टीम ने हथियार बनाने और तस्करी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहली बार एक अवैध कारतूस बनाने वाली फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से हथियारों का जखीरा भी बरामद हुआ है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया- 22 तारीख को हमें सूचना मिली कि एक आदमी गाजीपुर की तरफ आ सकता है। उसके द्वारा हथियार सप्लाई करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुनील तेवतिया नामक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास 4 पिस्टल और 166 राउंड कार्टिलेज बरामद हुए। उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के आधार पर पुलिस की टीम ने यूपी के रामपुर से दूसरे साथी को गिरफ्तार किया। दुसरे साथी ने मुरादाबाद स्थित सप्लायर के बारे में बताया। पुलिस टीम ने मुरादाबाद में छापा मार तीसरे अपराधी को पकड़ा और उसकी कारतूस बनाने की फैक्ट्री से अवैध कारतूस और कारतूस बनाने का सामान बरामद किया। इस तरह पुलिस ने इस गिरोह के कुल 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

इनके पास से हथियारों का जखीरा भी बरामद हुआ है। इनके पास 7 पिस्तौलें, 210 जिंदा कारतूस, 257 खाली कारतूस, 354 गोलियों के लेड, 350 गोली के खोल व हथियार बनाने में इस्तेमाल मशीनें बरामद हुई हैं।

## पुलिस टीम पर गोलों चलने वाला नाबालिग बदमाश पकड़ा गया, चोरी की बाइक बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में पुलिस की एक टीम पर फायरिंग करने वाले एक नाबालिग अपराधी को नंद नगरी थाना पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, एक खाली कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 24 सितंबर की सुबह नंद नगरी में टीएलएम अस्पताल के पास एक पुलिस टीम स्नैचिंग रोकने के लिए तैनात थी। टीम में एएसआई प्रमोद, हेड कॉन्स्टेबल दीपक, हेड कॉन्स्टेबल रोहित, कॉन्स्टेबल जितेंद्र और कॉन्स्टेबल परमजीत शामिल थे। पुलिस टीम ने बिना नंबर प्लेट की एक काली मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वे अचानक यू-टर्न लेकर भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। इसी दौरान, मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे शख्स ने हेड कॉन्स्टेबल रोहित पर गोली चला दी। गोली रोहित को नहीं लगी, पर बदमाश अनियंत्रित होकर गिर गए।

## समाचार

### दिल्ली सरकार ने क्लाउड सीडिंग के लिए आईआईटी कानपुर से किया एमओयू, पहला ट्रायल 7 अक्तूबर को

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आईआईटी कानपुर के साथ क्लाउड सीडिंग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया। मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की। सिरसा के अनुसार, विमानों के जरिए अक्टूबर और नवंबर के महीने में बादलों की उपस्थिति अनुसार पांच ट्रायल्स किए जाएंगे। ये ट्रायल हिंडन एयरबेस से होंगे। पहला प्रयास 7 अक्तूबर से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बुधवार को डीजीसीए ने आईआईटी कानपुर को दिल्ली में क्लाउड सीडिंग की अनुमति दी थी। यह अनुमति 1 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक के लिए है। इससे देश में पहली बार कृत्रिम वर्षा का रास्ता खुल रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदूषण कम करना और सर्दियों में लोगों को राहत देना है। इससे पहले आईआईटी कानपुर को जुलाई में अनुमति मिली थी, लेकिन जुलाई में वांछित परिणाम न मिलने की संभावना के कारण ट्रायल्स नहीं हो पाया। अब इस नई समय-सीमा में पहला प्रयास 7 अक्तूबर से किया जाएगा। यह कदम दिल्ली की 24ू7 सालभर चलने वाली क्लीन एयर स्ट्रैटेजी का हिस्सा है, जिसका मकसद खासकर सर्दियों में लोगों के स्वास्थ्य को प्रदूषण से बचाना है।

### स्वदेशी एआइ विकसित कर आत्मनिर्भर होने जा रहे हैं: धमेंद्र प्रधान

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** हम आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस के मामले में भी स्वदेशी एआइ विकसित कर आत्मनिर्भर होने जा रहे हैं। यह ध्यान रहे कि हम एआइ पर अधिकतम भारतीय भाषाओं में प्रश्न करें। भारतीय भाषा और तकनीक के संबंध को मजबूत करना होगा, ऐसा करना भारतीय भाषाओं को संरक्षित रखने के लिए जरूरी है। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीयू के आत्मा राम सनातन धर्म (एआरएसडी) कॉलेज परिसर में श्रमदान और स्वच्छता अभियान के अवसर पर कही। उन्होंने इस अवसर पर श्रमदान किया और एक पेड़ मां के नाम भी लगाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक घटना नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है। जिसे हमारे जीवन में आत्मसात किया जाना चाहिए। युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका बनती है। भारत के युवा न केवल लाभार्थी हैं, बल्कि हमारे राष्ट्र के विकास के निमार्ता भी हैं। शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व, राष्ट्र निर्माण में जेनरेशन जी (जनरेशन जी) की परिवर्तनकारी भूमिका, नवाचार के माध्यम से गरीबी दूर करने की आवश्यकता और आंतरिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधान विकसित करने में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कॉलेज को उसकी अभूतपूर्व वृद्धि, उत्कृष्ट एनआईआरएफ रैंक और देश भर में सर्वोच्च एनएएसी स्कोर 3.77 के लिए बधाई दी। उन्होंने कॉलेज के प्रिंसिपल ज्ञानतोष झा को भी बधाई दी। शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी ने शिक्षकों और छात्रों से स्वच्छता अभियान को एक आंदोलन, जन आंदोलन में बदलने का आग्रह किया। डीयू कुलपति ने कॉलेज के हितधारकों को सप्ताह में एक बार कम से कम एक घंटा श्रमदान करने और इस अभियान को अगले स्तर तक ले जाने की भी सलाह दी।

### जामिया से उत्तीर्ण छात्र अब ऑनलाइन प्राप्त कर पाएंगे अस्थाई प्रमाणपत्र

**-गुरुवार से जामिया ने शुरू की सुविधा**

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने छात्रों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आसान और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अब अस्थाई प्रमाणपत्र ऑनलाइन देने की सुविधा दी है। परीक्षा नियंत्रक परीक्षाएं कार्यालय ने घोषणा की है कि अब सभी पूर्व में उत्तीर्ण छात्रों को अस्थायी प्रमाणपत्र (प्रोविजनल सर्टिफिकेट) केवल छात्र पोर्टल https://jmicoe.in के माध्यम से ही जारी किए जाएंगे। यह सुविधा गुरुवार से शुरू हो गई है और विश्वविद्यालय का कहना है कि इससे न केवल छात्रों का समय बचेगा बल्कि पूरी प्रक्रिया और भी पारदर्शी तथा सुगम हो जाएगी। अब तक छात्रों को अस्थायी प्रमाणपत्र पाने के लिए संबंधित दफ्तरों में जाकर आवेदन करना पड़ता था और कई बार हफ्तों तक इंतजार करना पड़ता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत यह सहूलियत मिलेगी। अब छात्र कहीं से भी, किसी भी समय मात्र कुछ मिनटों में अपना प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इस ऑनलाइन सुविधा की कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं। सबसे पहले, सभी अस्थायी प्रमाणपत्र केवल छात्र पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध होंगे। इसके लिए छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा, निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा और फिर तुरंत प्रमाणपत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। आवेदन शुल्क कुल 300 रुपये है, जिसमें 50 रुपये प्रमाणपत्र शुल्क और 250 रुपये ऑटोमेशन शुल्क शामिल हैं। सफल भुगतान के तुरंत बाद प्रमाणपत्र डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो जाएगा। यह सुविधा 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहेगी, जिससे छात्र अपनी सुविधानुसार कभी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। नियंत्रक परीक्षाएं, प्रो. पवन कुमार शर्मा ने इस पहल को विश्वविद्यालय के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारे स्नातक छात्रों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता को भी बढ़ाएगी। अब हमारे छात्र देश और दुनिया में कहीं से भी अपने दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी पासआउट छात्रों से अपील की है कि वे इस नई सुविधा का लाभ उठाएं।

### दिल्ली से 17 शहरों के लिए चलेंगी डीटीसी की ई-बसें

**-दिल्ली परिवहन निगम की अंतरराज्यीय बस सेवा से लाखों लोगों को होगा फायदा**

**नई दिल्ली।** करीब दो दशक बाद दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने फिर से अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू कर दी है। हाल ही में यूपी के बड़ौत के लिए छह ई-बसों की शुरूआत की गई है। निगम अब इस योजना को और आगे बढ़ा रहा है। इसके तहत छह राज्यों के 17 शहरों के लिए 100 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जून में डीटीसी बोर्ड की बैठक में योजना को हरी झंडी दिखाई गई थी। दिल्ली सरकार उत्तराखंड, यूपी, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के 17 शहरों के लिए ई-बसों का संचालन करेगी। विभाग ने बसों की खरीद और सेवा शुरू करने के लिए अन्य राज्यों के साथ समन्वय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई सेवा शुरू होने के बाद दिल्ली से ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, अयोध्या, लखनऊ, मुरादाबाद, अलवर, बीकानेर, जयपुर, अमृतसर, पटियाला, चंडीगढ़, पानीपत और जम्मू तक सीधी बस यात्रा संभव हो सकेगी। यह कदम न सिर्फ यात्रियों के लिए सफर को आसान बनाएगा बल्कि प्रदूषण कम करने में भी मददगार होगा। इस सेवा के लिए खरीदी जा रही बसें 12 मीटर लंबी व एसी होंगी। ये बसें शहर में चलने वाली सामान्य बसों से बेहतर होंगी। इनमें आरामदायक सीटें, ऐप-आधारित टिकटिंग सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस और पैनिक बटन जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

**यात्रियों की पुरानी पसंद थी डीटीसी**

डीटीसी की अंतरराज्यीय बस सेवा पहले भी बेहद लोकप्रिय रही है। 2004 तक निगम की बसें दिल्ली से अन्य राज्यों में नियमित रूप से चलती थीं। यात्रियों की पहली पसंद होने के बावजूद, डीजल से सीएनजी में परिवर्तन और दूसरे राज्यों में सीएनजी की सुविधा न होने से यह सेवा धीरे-धीरे बंद हो गई। 2010 में पूरी तरह सीएनजी अपनाने के बाद अंतरराज्यीय सेवा भी समाप्त कर दी गई। सरकार को उम्मीद है कि नई ई-बस सेवा शुरू होने के बाद लोग निजी कारों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे।

**अन्य शहरों के लिए जल्द मिलेगी हरी झंडी**

अधिकारियों का कहना है कि बसों की खरीद और अन्य राज्यों के साथ तालमेल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नई बसों की डिलीवरी होते ही सेवा को हरी झंडी दिखा दी जाएगी। इसके शुरू होने के बाद दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के बीच यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को सीधी, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का नया विकल्प मिलेगा।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 8:55 PM Page 1



# ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया 112वा जन्मदिन



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** 25 सितंबर को जननायक जनता पार्टी ने पलवल में भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक चौधरी देवीलाल के 112 वें जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया। पलवल देवीलाल पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर ताऊ देवीलालको नमन किया गया । जेजेपी के वरिष्ठ नेता सुखराम डागर ने कहा कि उनका संघर्ष, त्याग और किसानों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज प्रदेश का हर वर्ग का बुजुर्ग सुबह शाम चौधरी देवीलाल की आरती करता है । क्योंकि बुजुर्ग सम्मान पेंशन हरियाणा में चौधरी देवीलाल की देन है जो 100 रुपये से बढ़कर आज 3000 रुपये हो गई है ।इस अवसर पर जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, हथीन के प्रधान सुखराम डागर, हरदेव चौहान,महेश डागर, सतवीर तंवर,देशराज चौहान, नाज़िम खान एडवोकेट, लेखराज दहिया, सुनीता भारद्वाज,मुकाबिर खान,परवीन बैरागी, विजय सौरोत,रोहतास नम्बरदार,हेमराज गौढ़ोता, रनबीर, आनन्द बंधु,दीपक भारद्वाज आदि मौजूद रहे ॥

# सेवा पखवाड़े के तहत गांव सिंगार में डीएसपी ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना, ललित कुमार गर्ग।** सेवा पखवाड़े के अवसर पर नूंह जिले में नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नूंह पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में गुरुवार को उप-पुलिस अधीक्षक पुन्हाना ने गांव सिंगार में ग्रामीणों को नशा के दुष्परिणाम, साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया । अभियान के दौरान उप-पुलिस अधीक्षक पुन्हाना ने उपस्थित लोगों को समझाया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है । उन्होंने युवाओं से नशा मुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, अज्ञात कॉल/लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देने और ऑनलाइन ठगी से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स भी बताए। यातायात सुरक्षा के संदर्भ में ग्रामीणों को ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, ओवरस्पीडिंग से होने वाले खतरे, शराब पीकर गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम एवं सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति नियमों का पालन करे तो दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह और प्रदेश के उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिलेभर में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को नशा, साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाना है इस मौके पर स्थानीय सरपंच, गांव के गणमान्य लोग, महिला एवं युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियानों से निश्चित रूप से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# जीएसटी दरों में कमी जनहित में बड़ा फैसला: राज्यसभा सांसद



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह,ललित कुमार गर्ग।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कमी करके जनहित में बहुत बड़ा निर्णय लिया है। इससे आम आदमी को बड़ी राहत मिली है और अब उसकी जेब में पैसों की अधिक बचत होगी। सांसद रेखा शर्मा ने आज वीरवार को नई व पुरानी अनाजमंडी नूंह में दुकानदारों व व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सरकार के जीएसटी दरों को कम करने के फैसले के लाभ के बारे में जानकारी दे रही थी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कई प्रकार के कर स्लैब लागू थे, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। लोगों के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टैक्स स्लैब पर एक लंबी स्टडी करवाई। इसके बाद एक लंबे अभ्यास व अध्ययन के बाद सभी करों को मिलाकर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तैयार कर लागू किया गया। उन्होंने बताया कि अब सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में जो कटौती की गई है, उससे आम आदमी के जीवन में सीधा लाभ पहुंचा है। लगभग 90 प्रतिशत दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं व उपकरणों की दरों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब के तहत 28 प्रतिशत व 12 प्रतिशत स्लैब को बिल्कुल हटा दिया गया है। अब देश में 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत स्लैब ही लागू हैं। जीएसटी के इस सरलीकरण से आम उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनहित में काम किया है, इसलिए अब व्यापारी व दुकानदार भी इस फैसले का लाभ उपभोक्ताओं को देना सुनिश्चित करें। जनता को घटी हुई दरों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जाए। सांसद ने कहा कि हमें अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाना चाहिए। यदि हम भारत में बने सामान का उपयोग करेंगे तो पैसा देश में ही रहेगा, जिससे भारतवासियों का भला होगा और लोग आत्मनिर्भर बनेंगे। इससे देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि विदेशी सामान का उपयोग न करें और अधिक से अधिक भारतीय वस्तुओं का प्रयोग करें। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि सरकार ने जो निर्णय जनता के हित में लिया है, उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। व्यापारियों की जिम्मेदारी है कि वे घटाई गई जीएसटी दरों को पूरी तरह लागू करें और आमजन को राहत दें।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ

● योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में दिखा खासा उत्साह



**उत्तम भारत संवाददाता होडल, रतन सिंह।** अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को प्रदेश की महिलाओं को नायाब सौगात देते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना और मोबाइल एप का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विधिवत शुभारंभ किया। उपमंडल होडल के नागरिक अस्पताल में आयोजित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना एवं मोबाइल एप लांचिंग कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट दिखाया गया। कार्यक्रम मे बीजेपी विधायक हरिंद्र सिंह के सुपुत्र जगप्रिय ने विधायक के प्रतिनिधि के रूप में शिरकत करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और पात्र महिलाओं से बढ़ चढकर योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत होने पर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। होडल में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने योजना की शुरूआत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जगप्रिय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के शुभ अवसर पर हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान को ध्यान में रखते और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेशभर में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और उनकी सामाजिक भागीदारी बढ़े। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 2,100 की वित्तीय सहायता मिलेगी। उन्होंने अवसर पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

# हरियाणा में भी वोट चोरी से बनी सरकार : आफताब अहमद




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह में जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से वीरवार को वोट चोरी के मुद्दे पर शहर में विरोध-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता चौधरी आफताब अहमद के निवास स्थान से लेकर नूंह शहर में धर्मशाला तक पहुंचे। कार्यक्रम की अगुवाई विधायक चौधरी आफताब अहमद ने की जबकि अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी शहीदा खान की रही, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद भी इस दौरान मौजूद रहे। कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता कार्यालय से नूंह धर्मशाला चौक तक हाथों में वोट चोर वाले बैनर लेकर रोष प्रदर्शन निकाला गया।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि हरियाणा में हमारी पार्टी की लहर होने के बाद भी भाजपा गलत तरीके अपना कर सत्ता में आई। कुछ मामले अदालत में हैं, जिनके निर्णय आने के बाद सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी। चौधरी आफताब अहमद ने कांग्रेस के समस्त कार्यकताओं से वोट चोर-गद्दी छोड़ तथा जन हस्ताक्षर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जनता सवाल उठाती रही है। उनका कहना था कि लोग नरेंद्र मोदी को वोट नहीं देते, फिर भी उनकी जीत होती है। उन्होंने कहा कि देशभर में वोट चोरी के सबूत सामने आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन तथ्यों को छिपाने का काम किया। वोट चोरी लोकतंत्र के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना-एप का हुआ भव्य शुभारंभ

● केंद्र-प्रदेश सरकार का महिला सशक्तिकरण पर पूरा फोकस: रामचंद्र जांगड़ा



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी, ( पवन कुमार )।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति में माताओं को दिए सम्मान के फलीभूत होकर महिला सशक्तिकरण पर पूरा ध्यान दिया है। नारी शक्ति को महत्व देते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार नारी हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ रही है। राज्यसभा सांसद गुरुवार को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के एप लांच शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। रेवाड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बाल भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प.दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉर्डिनेटर सतीश खोला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा, एडीसी राहुल मोदी, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक मंगला, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव व बिजेन्द्र डहीना सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेणु बाला ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के उत्थान को लेकर कृतसंकल्प है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करते हुए उनका मान सम्मान किया जा रहा है।

**महिला सशक्तिकरण को सरकार दे रही पूरा प्रोत्साहन : लक्ष्मण यादव**

रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महिला सशक्तिकरण को पूरा प्रोत्साहन दे रहे हैं। सरकार ने चुनाव के समय आम जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। लाडो लक्ष्मी योजना में रेवाड़ी जिला की 68 हजार 686 महिलाएं पंजीकरण करवा चुकी हैं। भविष्य में इनकी संख्या और बढेगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है और इस सार्थक कदम में हर वर्ग का ध्यान सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा, निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ित महिला या लडकी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

# शहीद दिनेश शर्मा के परिवार पर हमला करने वाले एक महिला सहित 9 आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** मोहम्मदपुर गांव में शहीद दिनेश शर्मा के परिवार पर हुए मारपीट मामले में हसनपुर थाना पुलिस ने एक महिला सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।थाना हसनपुर प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार मामले में शिकायतकर्ता दयाचंद शर्मा ने शिकायत दी थी कि गांव के सरपंच युग पुरुष और उसके पिता भूपराम पाठक ने बलिदानी दिनेश शर्मा की श्रद्धांजलि और अंतिम संस्कार पर हुए खर्च के लिए उनसे 52 हजार रुपये लिए थे, लेकिन भूपराम पाठक ने इन आरोपों को गलत बताया और कहा कि उन्हें सिर्फ 10 हजार रुपये मिले हैं। इसके बाद, दयाचंद शर्मा ने 22 सितंबर को 52 हजार रुपये के लेनदेन का पूरा ब्योरा पेश किया। इससे सरपंच और उसके स्वजन उनसे रंजिश रखने लगे। शिकायतकर्ता के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोहम्मदपुर गांव का नाम उनके पुत्र दिनेश शर्मा के नाम पर रखने की घोषणा की थी। इसको लेकर भी सरपंच पक्ष लगातार विरोध कर रहा था। दयाचंद शर्मा ने आरोप लगाया है कि सरपंच पक्ष द्वारा लगातार उन्हें धमकियां दी जा रही थीं। इस विवाद को लेकर बीती सोमवार रात को भूपराम पाठक, हेमदत्त पाठक, सुरेश, कृष्ण, बालादेवी, भूपेंद्र, जुगेंद्र, नारायण, अनिल, सोनू, लखन, दिनेश, हरी ओम, प्रीति समेत 24 नामजद लोगों ने उनके घरों पर लाठी, डंडे, फरसे से हमला कर दिया। हमलावरों के पास अवैध हथियार कट्टा और पिस्तौल भी थी। इस हमले में सत्यवीर, शिवम और मोहित, रेखा देवी, जसवंती, धर्म प्रकाश, मुन्नी देवी, कल्याण और रेखा घायल हो गए थे। एसएचओ हसनपुर ने कहा कि मामले में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दिनांक 24 सितम्बर को वारदात में शामिल एक महिला आरोपी सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमे सुरेश, हरिओम पुत्र माणकचंद, कृष्ण, दिनेश,लख्मीचंद, हरिओम पुत्र मोमराज, भूपेंद्र एवं अनिल शामिल है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अलग से नियम अनुसार निवारक कार्यवाही भी की गई है।

# गरीब महिला व बेटी को मुख्यधारा से जोड़ना सरकार का मुख्य उद्देश्य: मनोज रावत



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुखदेव तेवतिया।** हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना की वीरवार को एप लॉन्चिंग हुई, हथीन विधानसभा के पूर्व बीजेपी प्रत्याशी मनोज रावत ने हथीन में रीबन काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की हरियाणा सरकार की दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का एप पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से लॉन्च हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंच से एप का शुभारंभ किया। वही हथीन विधानसभा के पूर्व बीजेपी प्रत्याशी मनोज रावत ने हथीन में रीबन काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की, भाजपा नेता मनोज रावत ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 23 से 60 वर्ष की पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए सीधे खाते में मिलेंगे। एप में महिलाओं को अपनी स्माइलिंग फेस फोटो के जरिए लाइवलीनेस का प्रूफ देना होगा। इसके साथ ही महिलाओं को पीएम मोदी पर आधारित एक शॉर्ट मूवी भी दिखाई जा रही है। मनोज रावत ने कहा कि सरकार ने एप लॉन्च के समर्थन में पूरे प्रदेश में 200 जगह कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कार्यक्रम में आई महिलाओं को मनोज रावत ने नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नाथ सैनी की सरकार महिलाओं के सम्मान में कोई कमी नहीं छोड़ रही है महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाया गया जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की गई, मनोज रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के हर व्यक्ति उत्थान हो, इसी नीयत से वे सबका साथ-सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। भाजपा नेता मनोज रावत ने कार्यक्रम में महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी आय बढ़ाने की दिशा में कार्य करें और गरीबी रेखा से नीचे न रहें। प्रत्येक महिला को अपने बैंक खाते में कुछ राशि सुरक्षित रखनी चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर अपनी इच्छाएं पूरी कर सकें।

# राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने 16 परियोजनाओं के किए शिलान्यास



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय नूंह में स्वास्थ्य विभाग की करीब 9 करोड़ 29 लाख रुपए की 14 परियोजनाओं का शिलान्यास और करीब 6 करोड़ 96 लाख रुपए की दो परियोजनाओं का उद्द्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के बनने से आम जनता को काफी लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार समान रूप से सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पंचकूला से करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। सांसद रेखा शर्मा ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें गांव मांडरका में 69.36 लाख रुपए, गांव फिरोजपुर-नमक में 70.18 लाख रुपए, गांव गंगवानी में 61.90 लाख रुपए, गांव जैवंत में 69.03 लाख रुपए, गांव गुलालता में 71.04 लाख रुपए, गांव खेड़ला में 61.90 लाख रुपए, गांव खरखरी में 69.10 लाख रुपए, गांव अलीपुर तिगरा में 69.67 लाख रुपए, गांव मोहलाका में 59.72 लाख रुपए, गांव मालब में 58.11 लाख रुपए, गांव संगेल में 64.21 लाख रुपए, गांव तिरवाड़ा में 70.82 लाख रुपए, गांव राठीवास में 70.82 लाख रुपए और गांव हवन नगर में 63.95 लाख रुपए से बनने वाली एसएचसी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का निर्माण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार सांसद ने गांव बिसरू में 6.46 करोड़ रुपए से बनी पीएचसी तथा 50 लाख रुपए से बनी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, फिरोजपुर झिरका का उद्द्घाटन भी किया।

# छोटे राम-लक्ष्मण ने किया राक्षसी ताड़का वध



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी ( पवन कुमार )।** रेवाड़ी के नई अनाजमंडी में श्री शिव रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में दूसरे दिन रावण अत्याचार, सीता-राम जन्म से लेकर ताड़का वध तक की लीला का मंचन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए श्री शिव रामलीला समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि दूसरे दिन की लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि जितिन अग्रवाल पूर्व चैयरमेन मुंसिपल कमेटी, अटेलीमंडी द्वारा रिबन काटकर किया गया। सीता जन्म व राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघन के जन्म पर खुशियां मनाई गई। रामलीला के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि रामलीला के प्रधान नवल किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में दूसरे दिन की रामलीला में रावण का अभिनय संजीव वशिष्ठ, विभिषण बीडी अग्रवाल, मंत्री नरेन्द्र रामपुरा, भरतलाल, जेपी पंडित, विनोद रामपुरा, अनिल रामपुरा, साधु मुकेश चावरिया, नवीन लेखरा, राजेश वर्मा, मेघनाद संजय सोनी, किसान डा0 श्याम बिहारी, जनक श्रीकिशन, मंत्री मनोज गुप्ता, रानी हर्ष गुप्ता, गुरू राजेश वर्मा, दशरथ कपिलचन्द शर्मा, गुरू वशिश्ठ प्रकाश सैनी, मंत्री उज्जवल, एकांश, मनोज गुप्ता, पंकज ,नितिन गुप्ता, ऋंगि पंडित दपिल शास्त्री, दासी सोमेश सैनी, बाल राम विवान, लक्ष्मण आरव, ताड़का पवन डाबला, मारीच-सुबाहु अनिल रामपुरा व राजे रामपुरा, नितिन चावरिया सहित अनेक कलाकारों ने अभिनय किया। मंच का कुशल संचालन एडवोकेट भूपेन्द्र गुप्ता ने किया। लीला को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह यादव विधायक रेवाड़ी, राकेश कुमार पाल्हावासिया व नरेश मित्तल, समिति के प्रधान नवल किशोर गुप्ता, संरक्षक राधेश्याम मित्तल व सुरेश गर्ग, संरक्षक मनोज डहीना वाले, उपप्रधान अनिल गोयल, हरकेश यादव, सचिव राकेश गोयल व मंच प्रबंधक राजीव बंसल, स्टेज प्रबंधक पारस मितल, हाउंस इंचार्ज लक्ष्मी नारायण, स्टेज प्रबंधक सन्नी गोयल, हाउस इंचार्ज मुकेश कुमार, सहसचिव राजेन्द्र अर्जनीविश, स्टैज मैनेजर विनयशील गोयल, प्रेस सचिव एडवोकेट नितेश अग्रवाल व अमित शर्मा।

## समाचार

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय का नाम रखा गया शहीद लांस नायक दिनेश कुमार के नाम पर

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** ग्राम पंचायत नगला मोहम्मदपुर में के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का नाम शहीद लांस नायक दिनेश कुमार पर किया गया है। अब यह विद्यालय शहीद लांस नायक दिनेश कुमार प्राथमिक स्कूल नगला मोहम्मदपुर के नाम से जाना जाएगा ।उल्लेखनीय है कि गांव नगला मोहम्मदपुर के शहीद लांस नायक दिनेश शर्मा के परिवार को सरकार द्वारा 3 करोड़ 17 लाख रुपए की मदद दी जा चुकी है। इसके अलावा करीब 60 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी सरकार द्वारा जल्द दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने लोढ़ा फाउंडेशन से शहीद के परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शहीद दिनेश शर्मा के परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए सभी जरूरी कार्य तेजी से किए गए। प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों संबंधी कार्य भी शहीद के घर जाकर करवाए गए, ताकि उनके परिजनों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### टावड़ गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज में एमआईटी कोर्स बंद होने पर छात्रों ने विरोध किया

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** उटावड़ गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज में एमआईटी कोर्स बंद किए जाने के फैसले का छात्रा ने जोरदार विरोध किया ।छात्रों का कहना है कि यह फैसला शिक्षा के अवसरों को कम करता है और गांव व आसपास के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। हथीन सरकार की नजरों में एक पिछड़ा क्षेत्र है जहां शिक्षा का स्तर कमजोर है, उटावड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में दूर दराज और आसपास जिलो के युवा शिक्षा लेने के लिए आते हैं कॉलेज के छात्रों ने सरकार व प्रशासन से मांग की गई है कि तुरंत एमआईटी कोर्स दोबारा शुरू किया जाए। इस अवसर पर अबरार, समसू , हुमायूं अख्तर ,समीम, जमील ,मोसिम ,जुम्मा ,अबरार, जमशेद ,आकिल ,फज्जर, दिलशाद, फि रोज ,मुस्तफा मुबीन, रिहान व जानू सहित कई छात्र मौजूद रहे।




### भारत को एशिया-प्रशांत का स्ट्रेटजिक डेवलपमेंट हब मानने की घोषणा

**तकनीक और क्रिएटिविटी को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** इमेजिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी और ओलिंपस की 85 वर्षीय विरासत पर आधारित ओएम सिस्टम ने भारत में दो नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए। इनमें ओएम-5 मार्क 2 इंटरचेंजेबल लेंस कैमरा और एम. जुइको डिजिटल ईडी प्रो लेंस शामिल हैं। कंपनी ने भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र का रणनीतिक विकास केंद्र मानते हुए इस लॉन्च को बड़ा कदम बताया। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखकर पेश किया गया ओएम-5 मार्क 2 कैमरा विशेष रूप से आउटडोर क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किया गया है। यह कॉम्पैक्ट, लाइटवेट और स्प्लैश, डस्ट एवं फ्रीज प्रूफ प्रोटेक्शन के साथ आता है। इसमें 5-एक्सिस इमेज स्टेबिलाइजेशन और बेहतर एर्गोनॉमिक्स जैसी नई खूबियां जोड़ी गई हैं। वहीं, नया एम. जुइको डिजिटल ईडी प्रो लेंस सुपर टेलीफोटो जूम लेंस है, जो फोकल रेंज कवर करता है। यह पूरी जूम रेंज में उच्च गुणवत्ता वाला रिजॉल्यूशन प्रदान करता है और 5-एक्सिस सिंक आईएस कम्पैटिबल है। ओएम डिजिटल सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन के सीईओ शिगेमी सुगीमोतो ने कहा कि भारत कंपनी के लिए सिर्फ ग्रोथ मार्केट नहीं, बल्कि ग्लोबल रोडमैप में एक रणनीतिक साझेदार है। यह लॉन्च भारत में निवेश, इनोवेशन और क्रिएटिव कम्युनिटी को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पड़ाव है।

### वॉल्वो ईएक्स 30 ने स्टाइल के साथ रखा कदम: 39,99,000 रुपये में प्री-रिजर्व का मौका

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। वॉल्वो कार इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित वॉल्वो ईएक्स30 की कीमतों का एलान कर दिया। यह ब्रांड की सबसे ज्यादा सस्टेनेबल एवं स्टाइलिश इलेक्ट्रिक कार है। 41,00,000 रुपये की इंट्रोडक्टरी एक्स-शोरूम कीमत के साथ ईएक्स30 लक्जरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तक पहुंच को आसान बनाने के लिए तैयार है। इस त्योहारी सीजन में वॉल्वो कार इंडिया अपने डीलर्स के साथ मिलकर 19 अक्टूबर, 2025 से पहले प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 39,99,000 रुपये की विशेष कीमत में ईएक्स30 की बुकिंग का मौका देते हुए खुशियां बांट रही है। यह स्पेशल प्री-रिजर्स कीमत सीमित समय के लिए है। ज्यादा जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर संपर्क कर सकते हैं। यह कार पांच रंगों में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी नवंबर, 2025 के पहले हफ्ते से शुरू की जाएगी। यह वॉल्वो का तीसरा ईवी मॉडल है, जिसे बेंगलुरु के होसकोटे स्थित कंपनी के संयत्र में असेंबल किया गया है।

### यूपीआई में निवेश के नाम पर 386000 रुपये की ठगी, खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** यूपीआई में निवेश के नाम पर 386000 रुपये की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को साईबर थाना सैन्ट्रल की टीम ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-86 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक व्हॉट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। जिसके बाद उसने ठगों द्वारा बताए गये यूपीआई में कुल 386000 रुपये निवेश किए। जिसको कोई पैसा वापस नही मिला। जिस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बाताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने बिलाल निवासी मल्लहार रोड जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश व अरमान निवासी घासीगंज गबरिया जिला सुल्तानपुर उप्र को गिरफ्तार किया है।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 10:10 PM Page 1



# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस द्वारा गौकशी व अपराध को रोकने के लिए चलाया जा रहा है अभियान के अंतर्गत 23 सितंबर 2025 को तख्तपुर नहर के पास के खेत में गौवंशीय अवशेष मिलने के संबंध में पुलिस द्वारा मु0अ0स 542/25 धारा3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया ।

इस घटना की खुलासा के लिए पुलिस टीमो को गठित किया गया । पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 24 सितंबर 2025 को पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई । इस घटना के अभियुक्त चांदपुर से अंबाला की ओर जा रहे हैं ।

पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर चेकिंग शुरू कर दी गई । चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पांच संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए । पुलिस द्वारा आ रही दोनों मोटरसाइकिल पर बैठे संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया । मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा मौके से भागने की कोशिश की और पुलिस पर मारने की नीयत से फायरिंग की । पुलिस द्वारा अपनी आत्म रक्षा करने हेतु जवाबी फायरिंग की गई दो अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी । जिने घायल अवस्था में गिरफ्तार किया । जिनमें तीन अन्य साथी अंधेरे का मौका उठाकर फरार हो गए । जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा जंगल में काम्बिंग की गई ।



गिरफ्तार घायल किए गए अभियुक्त ने अपना नाम शहजाद पुत्र भूल्लन भूल्लन पुत्र अल्लादिया निवासी गन ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर अभियुक्तों के पास से दो तमंचे 15 बोर के मय 5 जिन्दा व दो खोखा कारतूस 15 बर और दोनों अभियुक्त पर एक-एक पशु काटने का उपकरण एक लकड़ी का गुटका गोल दो छुरी व दो चापड , और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने अपने फरार साथियों के नाम आजम उर्फ चंगा पुत्र याकूब वसीम पुत्र याकूब निवासी ग्राम रसूलपुर नगला थाना चांदपुर जनपद बिजनौर और एक अभियुक्त का नाम भी पता अज्ञात बताया।

पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया दिनांक 22 सितंबर व 23 सितंबर 2025 की रात को उनके द्वारा फरार साथियों के साथ मिलकर जंगल में घूमन्तु गौवंशीय पशुओं को अरमान व रिजवान और उनके अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनसान जगह पर वधवा लिया था । और रात्रि में मौका लगने पर तख्तपुर के जंगल में ले जाकर काट दिया था । जिसके अवशेष खेत में ही छोड़ दिए थे । गोकशी के मीट को एक अल्टो कार में अजीम उर्फ छंगा व और उसका भाई वसीम व अन्य तीन साथियों के साथ बेचे चले गए । मीत बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे । और रात्रि को भी वे सभी गोकशी की घटना करने की फिराक में थे ।

पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तो को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है

# नगर में निकाली गई महाराज अग्रसेन शोभा यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में इस्कान के भक्तों के द्वारा श्री कृष्ण नाम संकीर्तन आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा सरगम सिनेमा से चलकर शंकर बाजार , ढाली बाजार ,नेहरू चौक होते हुए हिंदू इंटर कॉलेज में समाप्त हुई।



महाराजा अग्रसेन की 5150 की जयंती के अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई । नगर के सरगम सिनेमा से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया । शोभायात्रा में सुंदर झांकियां बैंड और इस्कॉन समिति के भक्तों के द्वारा श्री कृष्ण नाम संकीर्तन की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

शोभा यात्रा शुभारंभ से पूर्व महाराजा अग्रसेन का पूजन व तिलक अग्रवाल सभा के अध्यक्ष इंजीनियर अरविंद कुमार मित्तल ,महासचिव मयंक कुमार सिंघल व ब्रह्म स्वरूप गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। शोभायात्रा में इंजीनियर प्रभाष चंद्र मित्तल ,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, इंजीनियर श्रवण अग्रवाल ,कृष्ण अवतार अग्रवाल ,अनिल कुमार मित्तल, डॉक्टर के सी मित्तल , डॉक्टर एस के गर्ग, से0 नि0 प्रधानाचार्य के के गुप्ता,अमित गोयल, रामदीन अग्रवाल, आकाश मित्तल , अमित मित्तल,कृष्ण कुमार गर्ग ,अंकित गोयल, विपुल तायल, सुबोध गुप्ता, प्रशांत गर्ग, प्राजंल अग्रवाल, अमन अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज की महिलाएं उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ संगठन का दामन थामा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय गौरक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक बिजनौर के पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने भारतीय गौरक्षा वाहिनी का दामन छोडकर राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ संगठन का दामन थाम लिया है। जिसमें राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ इंद्रेश कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह सेंगर तथा स्वतंत्रत प्रभारी विक्रम आदित्य सिंह जूदेव व वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिन्स जैन व जुल्फिकार अहमद खान राष्ट्रीय प्रभारी



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित सभी प्रकोष्ठों में नियुक्ति अधिकार कार्य समिति की सहमति से संगठन हित समाज सेवा के कार्य में गति प्रदान करने हेतु सलीम अहमद को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ संगठन द्वारा सलीम अहमद को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के सभी पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सलीम अहमद के शुभचिंतकों व मित्रों में खुशी का माहोल देखा गया है। इस मौके पर सलीम अहमद ने कहा कि मैं संगठन हित में इमानदारी से कार्य करूंगा और जिला बिजनौर में संगठन को मजबूत बनाने का काम करूंगा।

# इंद्रप्रस्थ में मनाया गया फार्मासिस्ट डे

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट में फार्मासिस्ट डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अंजू वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि ÷फार्मासिस्ट समाज का एक अहम स्तंभ हैं। वे न केवल दवाओं की जानकारी रखते हैं, बल्कि मरीजों की सेहत सुधारने में भी उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। आज के समय में जागरूकता की सबसे ज्यादा जरूरत फार्मास्यूटिकल सेक्टर में है, क्योंकि दवाओं का सही उपयोग फार्मासिस्ट की सलाह और डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन से ही होना चाहिए।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रिंसिपल ऑफ फार्मेसी डॉ. नेहा त्यागी ने छात्रों को रिसर्च और नवाचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं।

उन्होंने कहा कि ÷फार्मेसी के क्षेत्र में रिसर्च की अपार संभावनाएँ हैं और छात्रों को इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करने चाहिए।÷

कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन,स्टाल,नाटक, और पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से फार्मासिस्ट की समाज में भूमिका और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दवाओं का उपयोग केवल फार्मासिस्ट की सलाह और डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार ही करना चाहिए, ताकि मरीजों को अधिकतम लाभ और सुरक्षित उपचार मिल सके।

मंच का संचालन श्रुति धीमान ने किया इस अवसर पर वासिफ राव, मोहम्मद असद, और आफ़ाक़ अहमद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नुसरत इलाही ने की गोशाला मे जाकर गो सेवा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं नगर पालिका परिषद संभल के पूर्व चेयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सय्यद शान अली के साथ कस्बा सिरसी की गौशाला में जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के मौके पर गायों को प्यार करते हुए चारा आदि खिलाकर गौ सेवा की। हाजी नुसरत इलाही जामई ने बोलते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है उनके सेवा कार्य समाज को आगे बढ़ाने का काम करते है आज उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। देश को आगे बढ़ाने और गो सेवा करने का आज संकल्प लिया गया।

# थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति फेज-05 अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षककृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, उकॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य



महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान चलाकर किया महिलाओं को जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन सशक्तिकरण अभियान फेस 0.5 के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर व शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह,एसआई टीनू चौधरी, हेड कॉन्स्टेबल नीलम, महिला पीआरडी बिंद्रावती द्वारा कोतवाली प्रभारी के निर्देशन में बिल क्लिंटन स्कूल की अध्यापिका व छात्राओं को एकत्रित कर व कस्बे में जगह-जगह चौपाल लगाकर प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन,कन्या सुमंगला योजना , बाल विवाह प्रतिषेध, बाल कल्याण योजना ,बाल मजदूरी अपराध, महिला हेल्पलाइन 1090 , और कोतवाली रामपुर मनिहारान पर बनाए गए महिला हेल्प डैक्स/मिशन सशक्ति फेस 0.5




तथा अन्य महिलाओं संबंधी योजनाओं व छात्राओं तथा महिलाओं को गुड टच बेड टच के बारे में अवगत कराते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई विभिन्न आपात सेवाएं जैसे की वुमैनपॉवर माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 ,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 ,साइबर ठगी हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस सुविधा नंबर 108 , व हाईवे दुर्घटना आदि हेल्पलाइन नंबर 1033 तथा मुख्य आपात सेवाएं पुलिस आदि 112 के बारे में अवगत कराते हुए महिलाओं को एटीएम के माध्यम से किए जाने वाले फ्रॉड में पैसे निकलते समय एटीएम पासवर्ड आदि के बारे में अवगत कराया गया तथा 1090 की वीडियो को बिल क्लिंटन स्कूल के बड़े पर्दे पर चलकर सभी छात्र-छात्राओं अध्यापकों को दिखाकर पुलिस का तत्परता से किया गया कार्य तथा पुलिस छवि के बारे में जागरूक किया गया।इस दौरान काफी संख्या में छात्र/छात्राएं व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# जेल भरो आंदोलन का ज्ञापन दिया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा , बहुजन क्रांति मोर्चा व राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के द्वारा आज तीसरे चरण मे जेल भरो आंदोलन के कार्यक्रम में मोहकम सिंह जिला संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा को सुबह छ बजे से ग्यारह बजे तक पुलिस प्रशासन ने उनको उनके निज निवास पर ही डिटेन किया। इसके बाद थानाध्यक्ष नागल को जेल भरो आंदोलन का ज्ञापन दिया गया। जेल भरो आंदोलन में शामिल होने वालों में जसवीर सिंह गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा,कृष्ण कुमार मंडल मीडिया प्रभारी इसम सिंह, पवन कुमार,नरेश पटवारी जिला प्रभारी, अजय कुमार बहुजन मुक्ति पार्टी आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद सम्भल ने किया 156 घण्टो सफाई महाअभियान का शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एक दिन एक घंटा एक साथ तथा 156 घंटा सफाई महाअभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से आरंभ हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दृष्टिगतआज 25 सितंबर को इस कार्यक्रम का शुभारंभ अंत्योदय तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरेन्द्र सिंह रिंकू के नेतृत्व में किया गया। जिसमे नगरपालिका के दो क्षेत्रों के के सीटीयू क्लीनियस टार्गेट यूनिट को, संपूर्ण स्वच्छता हेतु प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया गया जिसमें पहला कुरुक्षेत्र का मैदान जहां पर दशहरा मेला का आयोजन होना प्रस्तावित है और दूसरा महामृत्युंजय



तीर्थ के आस-पास के परिसर मैदान और कुंड की सफाई का कार्यक्रम था। इसमें मान्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ एनजीओ से जुड़े हुए हमारे सहयोगी एवं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति सदस्य के साथ ही साथ माननीय वार्ड सभासदों के अलावा व्यापार मंडल से जुड़े हुए एवं दशहरा कमिटी से जुड़े हुए नागरिकों के द्वारा अपनी सम्पूर्ण सहभागिता प्रस्तुत की गई दोनों स्थलों पर संपूर्ण सफाई अभियान चलाया गया। एक घंटा लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इन दोनों स्थलों की सफाई कराते हुए एकत्रित कचरे को एमआरएफ सेन्टर और कचरा डंपिंग स्टेशन पर भेजा गया। दोनों स्थानों पर उपस्थित नागरिकों के द्वारा स्वच्छता के दृष्टिगत अपने व्यवहार और आदतों में परिवर्तन लाने सिंगल यूज प्लास्टिक ना प्रयोग करने तथा अपने स्वभाव एवं संस्कार में स्वच्छता अपनाने का शपथ लिया।

# अभिभावकों बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज यूपीएस बादशाहपुर में जिला महिला एवं बाल कल्याण विभागद्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया ।पांच बालिकाओं हलीमा अक्षा,परी, वंशीया कोमल को उनकी सक्सेसफुल स्टोरी एवं मीना मंच सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के सफलसत्र संचालन हेतु पुरस्कृत किया गया। सभी अभिभावकों अंजू मुकेश अंजुमन, रशीदा, खुर्शीद को सम्मानित किया गया महिला शिक्षकों शिक्षिकाओं में रफत जहां श्रीमती अर्चना शर्मा डॉ पूजा यादव , प्रियंका सिरोही स्वीटी बंसल को मेडल देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय में कन्या सुमंगल योजना में नामित दो




बालिकाएं खुशी एवं बलिया को प्रमाण पत्र द्वारासम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन कार्यालय से श्रीमती नेहा शर्मा मिशन सामान्य फॉर एंपावरमेंट द्वारा बालिकाओं को गुड टच बेड टच हेल्पलाइन नंबर एवं विभाग की समस्त योजनाओं के विषय में अवगत कराया गया ।इस अवसर पर रोबिन सैनी जेंडर स्पेशलिस्टद्वारा भी विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रधान अध्यापक राजवीर सिंह द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था डॉ पूजा यादव द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत श्रीमती रफत जहां द्वारा किया गया।

# विकासखण्डों में सेवा पखवाडा के तहत स्वच्छता सेवा अभियान को किया गया संचालित

*** मिशन शक्ति में महिलाओं के स्वावलंबन, सम्मान, सुरक्षा के लिए जनपदवासी, अधिकारी सहित सभी संभ्रान्तजन बढ-चढ कर करें कार्य**

*** प्रभारी मंत्री जी द्वारा विकासखण्ड सरसावा के ग्राम बलवंतपुर में किया गया श्रमदान**

*** श्रमदान कर स्वयं लगाई झाड़ू**

*** ग्रामवासियों को स्वच्छता के बताए फायदे**

*** स्वच्छता से ही गुजरती है आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास की कुंजी**

*** विधायक नकुड़ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी**



**सहारनपुर।** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा विकासखंड सरसावा की ग्राम पंचायत सलेमपुर के राजस्व गांव बलवंतपुरा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत स्वच्छता सेवा अभियान पखवाड़ा के अवसर पर स्वच्छता श्रमदान करते हुए ग्रामीणों स्वच्छता के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति में महिलाओं के स्वावलंबन, सम्मान, सुरक्षा के लिए जनपदवासी, अधिकारी सहित सभी संभ्रान्तजन बढ-चढ कर करें कार्य। प्रभारी मंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अर्जित करने में स्वच्छता के महत्व को परिभाषित किया। उन्होने कहा कि स्वच्छता विकसित समाज का दर्पण है।

विधायक नकुड मुकेश चौधरी ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। स्वच्छता श्रमदान के अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य गण उपस्थित रहें। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित स्वच्छता श्रमदान एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाते हुए बृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया एवं पूर्व से चिन्हित ब्लैक स्पाट की सफाई भी कराई गई।

विकासखंड सढोली कदीम कि ग्राम पंचायत सढोली कदीम एवं नौगांवा में स्वच्छता श्रमदान किया गया। विकासखंड सभागार में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री महिपाल सिंह बाल्मीकि की गरिमा मय उपस्थिति में स्वच्छता एवं विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए एक पेड़ मां के नाम का वृक्षारोपण भी किया गया।

जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी द्वारा विकासखंड बलिया खेड़ी की ग्राम पंचायत लाखनौर, विकासखंड नागल की ग्राम पंचायत मनोहरपुर में खंड विकास अधिकारी असलम प्रवेश प्रवीण कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम पंचायत के प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। विकासखंड देवबंद की ग्राम पंचायत देवबंद देहात में खंड विकास अधिकारी देवबंद एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत समेत ग्राम पंचायत के ग्राम वासीगण उपस्थित रहे।

जनपद के समस्त ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान करते हुए विशेष अभियान सफाई अभियान संचालित करने के साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम पर पेड़ भी लगाए गए कार्यक्रम के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन में जनपद के समस्त ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा जनपद वासियों का योगदान रहा।

# प0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय संभल पर सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरूआत भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत उपस्थित रहे। संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह जी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास ख्राजस्थान, हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था, नागला चंद्रभान दीनदयाल जी का पैतृक गांव था, और नगला चंद्रभान, मथुरा के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रृत्ति की थीं। पंडित दीनदयाल जी ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह जी ने कहा दीनदयाल उपाध्याय जी 25 सितंबर 1916 - 11 फरवरी 1968, जिन्हें पंडितजी के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय राजनीतिज्ञ एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के नेता थे, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अग्रदूत थे गुलाब देवी राज्यमंत्री ने कहा कि पंडित जी का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्राव, सांस्कृतिक, राषेर्य नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्रथमिकता रखते



हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी श्कतई खिलाफ नहीं थे। उन्होंने हमेशा स्वदेशीकरण पर बल दिया मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत जी ने कहा कि राष्ट्र जीवन की दिशाष् कृति के रचनाकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय हैं. यह पुस्तक व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और मानवता के समग्र चिंतन पर आधारित है और भारत की आत्मचिंतन धारा के सूत्र प्रस्तुत करती है, जिसमें भारत के विकास और पुनर्निर्माण के विचार शामिल हैंउन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। संगोष्ठी की अध्यक्षता चौधरी हरेंद्र सिंह एवं संचालन अभियान के संयोजक पंकज गुप्ता ने किया। सम्मेलन के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र त्यागी रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर अनामिका यादव, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सेनी, पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिह, मंजू दिलेर, हृदयेश यादव, विरलेश यादव, अशोक यादव आदि रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इसके तद्उपरान्त केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में की गयी भारी कटौतियों के संबंध में बचत उत्सव पर मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर प्रेस वार्ता की गयी। श्री शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ उनकी जीवितता बनाए रखने के निरंतर प्रयास किए जाएं। साथ ही इसका क्रॉस वैरीफिकेशन भी करवाया जाए। डीएफओ द्वारा जानकारी दी गयी कि जनपद में आठ वर्षो में 04 प्रतिशत वन क्षेत्र बढा है। पशु टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि ग्राम सचिवालय के बाहर पशु चिकित्सकों का नाम, मोबाइल नम्बर व पशु एम्बुलेंस बुलाने हेतु टोलफ्री नम्बर 1962 अंकित कर दीवार में पेंट कराया जाए। उर्वरक की उपलब्धता बनाए रखी जाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ ही समयबद्धता से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उनकी विधानसभाओं में निर्माणाधीन एवं शुरू होने वाले कार्यों की सूची उपलब्ध कराई जाए। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों का नामांकन बढाने हेतु अभिभावकों को दी जा रही सुविधाएं बताई जाएं तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।

**Lost/Found**

I inform that missing my D Pharma registration certificate no. 146619. Mohd Shahnawaz s/o Mohd Matloob vill+po Salempur bhukdi behat road Saharan pur

# जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपदवासियों से की अपील

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपदवासियों से अपील की है कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 का रोडमैप बनाने के लिए,सभी भागीदार बने। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों से जनपद को सपनो की उड़ान मिलेगी।क्यू आर कोड स्कैन कर सुझाव दे सकेंगे, इससे सम्मान पत्र मिलेगा, तथा नीति निर्माता की भूमिका निभा सकेंगे। मनीष बंसल ने बताया कि विजन डॉक्यूमेंट्री 2047 के लिए इसमें जनसहभागिता के तहत सभी को भागीदार बनाते हुए सुझाव आमंत्रित किए गए है। यह सुझाव देश एवं प्रदेश के साथ जनपद को विकसित करने तथा विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाने में रोड़मैप तैयार करेंगे। इन सुझावों से भारत विकसित होगा,विश्व में लहराएगा परचम, नंबर वन पर विराजवान होगा।

## सम्पादकीय

# नेपाल में सत्ता संघर्ष क्यों ?

नेपाल में सत्ता का संघर्ष एक बार फिर सुर्खियों में है। 9 सितंबर 2025 को, नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह कदम उस सरकार पर बढ़ते जनाक्रोश के बीच उठाया गया, जो हाल ही में लगे सोशल मीडिया प्रतिबंध और व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुई युवाओं की मांगों से उत्पन्न हिंसात्मक विरोध प्रदर्शनों के चलते बेहद दबाव में आ गई थी। नेपाल का वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बेहद जटिल है। नेपाल में जेन-जी क्रांति की शुरूआत सोशल मीडिया बैन से शुरू हुई। 4 सितंबर को नेपाल के तब के पीएम ओली ने सोशल मीडिया पर बैन लगा दिया। पहले से भ्रष्टाचार की आग में झुलस रही जनता ने विद्रोह का बिगुल फूंक दिया। सरकार के खिलाफ जेन-जी सडकों पर उतर आए। भ्रष्टाचार, नेपो किड्स और राजनीतिक दलों की सड़ांध के खिलाफ जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने संसद पर कब्जा कर लिया। सुप्रीम कोर्ट से लेकर संसद और फाइव स्टार होटल तक को प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। मगर एक बात जो अब सबको चौंका रही है कि आखिर राजा के महल को प्रदर्शनकारियों ने क्यों नहीं टच किया। इसके पीछे जो वजह बताई जा रही है, उससे नेपाल में अभी बाकी के क्लाइमेक्स के संदेश मिलते हैं। दरअसल पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि वे युवाओं के साथ हैं। नेपाल से जुड़े मसलों के जानकारों का मानना है कि जेन-जी के लिए आज भी राजा का महल एक आदरणीय स्थान है। कुछ जेन-जी को नेपाल में मौजूदा लोकतंत्र की अराजकता से राजशाही अब भी बेहतर लगती है।

यही कारण है कि प्रदर्शनकारियों ने राजा के महल को आग के हवाले नहीं किया। उनका गुस्सा नेताओं के प्रति अधिक है। उन्हें भ्रष्ट सिस्टम से दिक्कत है। नेपाल में काफी समय से राजशाही की मांग चल रही है। मार्च 2025 से ही प्रो-मोनार्की प्रदर्शन चल रहे हैं। नेपाल के लाखों लोग राजशाही की बहाली की मांग कर रहे हैं। जेन-जी क्रांति में भी इसकी आहट सुनाई दी। कुछ का मानना है कि 2008 में खत्म हुई राजशाही ही नेपाल को फिर से एकजुट कर सकती है। खासकर तब जब सभी राजनीतिक दल विफल हो चुके हैं और भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हैं। अब सवाल है कि क्या राजशाही की वापसी संभव है ? नेपाल में भले अभी सुशीला कार्की की अंतरिम सरकार है, मगर अभी भी पावर वैक्यूम है और अगर जेन-जी सुशीला कार्की से नाराज होते हैं तो राजा की वापसी का मौका बन सकता है। अब नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की पर नजरें टिकी हैं। नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस रह चुकीं कार्की एंटी-करप्शन कैंपेनर हैं।

## विशेष

# अंत्योदय की बदलती परिभाषा: गरीबी से गरिमा तक

**-पवन शुक्ला-**

आज का भारत विकास की एक नई परिभाषा गढ़ रहा है। पहले जब हम अंत्योदय की बात करते थे तो इसका अर्थ था कि हर गरीब को अन्न, वस्त्र और आश्रय मिल जाए। लेकिन अब समय बदल चुका है। आज अंत्योदय केवल पेट भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास, डिजिटल सुविधा, कौशल विकास और आत्मसम्मान जैसे कई आयाम शामिल हो गए हैं। यही वजह है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का वह विचार आज और भी सजीव लगता है, जिसमें उन्होंने कहा था-गरीबी केवल भौतिक अभाव का नाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के विकास में बाधा है।

गरीबी अब केवल आय की कमी का नाम नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और गरिमा से वंचित होना भी गरीबी का ही रूप है। यही कारण है कि आज इसे बहुआयामी गरीबी कहा जाता है, जो व्यक्ति की जीवन-गुणवत्ता के कई पहलुओं को मापता है। भारत में 2013-14 में लगभग 29% लोग बहुआयामी गरीबी में थे, पर 2022-23 में यह घटकर केवल 11% रह गया, यानी करीब 25 करोड़ लोग इससे बाहर आए। अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों ने गरीबी की इस परिभाषा से मुक्ति पाई। यही अंत्योदय का वास्तविक स्वरूप है-जब विकास केवल अन्न या आवास तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन के हर आयाम को गरिमा और अवसर से जोड़ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था- भारत की प्रगति मानवता के एक-छठे हिस्से की नियति है। ह्व यह कथन केवल आदर्श नहीं, बल्कि तथ्य है। जब इतने करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलते हैं, तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। मोदी सरकार की कई योजनाएँ इसी दर्शन को आगे बढ़ाती हैं। उज्ज्वला योजना ने गरीब माताओं के जीवन से धुआँ हटाया, आयुष्मान भारत ने पाँच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा दी, प्रधानमंत्री आवास योजना ने पक्के घर दिए और स्वच्छ भारत मिशन ने शौचालयों के माध्यम से स्वास्थ्य व सम्मान दोनों पहुँचाया। यह सब मिलकर दिखाता है कि अंत्योदय अब केवल बुनियादी जरूरतों की पूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरिमा और आत्मसम्मान से भरे जीवन का नया आधार है।

अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था-गरीबों को गरीबी से बाहर निकालना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। ह्व उनकी यह बात आज और भी गूंजती है क्योंकि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में गरीबी से मुक्ति का अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में शून्य गरीबी अभियान शुरू किया है। इस अभियान में लाखों परिवार चिन्हित किए गए हैं और उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि 2027 तक राज्य को गरीबी-मुक्त घोषित किया जा सके। जब किसी परिवार को एक ही दरवाजे से उज्ज्वला, आयुष्मान, जल जीवन मिशन और आवास योजना का लाभ मिलता है, तब अंत्योदय का वास्तविक अर्थ सामने आता है।

आज का अंत्योदय केवल मदद भर नहीं है, यह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम है। मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसे प्रयासों ने युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया है। सड़क, बिजली और इंटरनेट गाँवों तक पहुँचाकर अब अवसरों की खाई घट रही है। इसका सीधा अर्थ है कि अंत्योदय अब सहायता से आगे बढ़कर सशक्तिकरण का नाम बन गया है।

लेकिन केवल सरकारी योजनाएँ पर्याप्त नहीं हैं। अंत्योदय तभी संपूर्ण होगा जब समाज की चेतना भी साथ आए। जब कोई स्वयंसेवक किसी बच्चे को अक्षरज्ञान देता है, कोई डॉक्टर दूरदराज में निःशुल्क सेवा करता है, या युवा मिलकर किसी गाँव को स्वच्छ बनाते हैं, तो यह भी अंत्योदय है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यह कथन यहाँ विशेष मार्गदर्शक है-विकास की धारा तभी पूर्ण होगी जब उसका स्पर्श समाज के अंतिम तट तक पहुँचे।

आज भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 के 19% से बढ़कर 2025 में 64% से अधिक हो गया है। यानी लगभग 94 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं। यह आँकड़ा दशार्ता है कि अंत्योदय अब करोड़ों परिवारों के जीवन में आत्मविश्वास और आशा का दीपक बन गया है। बहुआयामी गरीबी (एमपीआई) की गिरावट और सामाजिक सुरक्षा में यह बढ़ोतरी, दोनों मिलकर यह सिद्ध करते हैं कि अंत्योदय अब केवल नीति की अवधारणा नहीं, बल्कि धरातल पर बदलती हकीकत है।

# चुनावी सफर के साथ-साथ बदल रहा है राहुल का एजेंडा

**-कांतिलाल मांडोत-**

बिहार में तीन दशक से सत्ता से बाहर कांग्रेस घर वापसी के लिए बेताब है। कांग्रेस के खिसकते जनाधार को दुबारा जोड़ने के लिए राहुल गांधी ने संविधान और आरक्षण के बहाने सामाजिक न्याय को सेट करने के लिए दांव चला। चुनाव की तपिश जैसे जैसे बढ़ रही है। राहुल गांधी की सियासी चाल भी बदलती जा रही है। भाजपा निस्वार्थ सत्याग्रही है। कांग्रेस की महत्वकांशा भाजपा को पहले से मालूम है। कांग्रेस इतना घटिया आरोप लगा सकती है। यह चुनाव आयोग को भी मालूम नही था। एसआईआर की कांग्रेस की स्क्रिप्ट पर तेजस्वी भी शामिल हो गए। तेजस्वी ने एसआईआर के आंदोलन को संबल प्रदान करने के लिए वोटनीति और वोट चोरी के कथित आरोपो में कांग्रेस के साथ जुड़ गए। बिहार मे लोगो को भी प्रेरित किया। लेकिन इसकी असली वजह यह है कि बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस का बिहार की राजनीति से जुड़ाव नीरस हो होता जा रहा है। तीन दशक का समय कम नही होता है। तीस साल के व्यक्ति को यह खबर भी नही होगी कि कांग्रेस भी कोई दल है। क्योंकि तीन दशक से बिहार में कांग्रेस सता से बाहर है। कांग्रेस की इस तरह के बेतुके सवाल और जवाब देखकर बाहर बसे भारतवंशी जिन्हें देश की उन पार्टियों से पीड़ा पहुंचती है, जिन्होंने ऐसे विकल्प को उठाया है, जिसका कोई वजूद नही है। देश मे किसी एक पार्टी के व्यक्ति से लोग इतने नाराज नही हुए होंगे, जितना कांग्रेस से। बहरहाल, चुनाव आयोग ने कांग्रेस के सभी आरोपो का खंडन किया है। सत्ता की राजनीति ने आकंठ डूबे राजनेताओ से गिरते राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद नही की जा सकती है। कांग्रेस बारी बारी से राज्यो और केंद्र में ग्यारह वर्षो से सत्ता से दूर रहने के कारण छटपटा रही है। जूठे आरोप से ही अगर सत्ता मिलती है तो क्या हर्ज है ?अपने कार्यकाल में कर्मठता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की झलक देखने को मिलती है तो मतदाता कभी भी नेता और पार्टी को सत्ता के गलियारों तक पहुंचा सकते है। लोगो को साफ सुथरी राजनीति की जरूरत है। उसी दल या नेता ओ के लिए रात्रि जागरण का कार्य करते है, जो राजनीति में दूध की तरह सफेद है। ऐसे चुनिंदा लोग राजनीति में है, जिनके लिए मतदाता भरोसा भी करता है और पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए तैयार रहते है। लोक जागरण के कार्य के लिए जनता को भरोसा होना बहुत आवश्यक है। राहुल और तेजस्वी के पीछे कोई तीसरा हाथ है, यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मोदी मिशन के इस एजेंडे को धराशायी करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। कर्नाटक में राहुल ने उन वोटरों को समक्ष खड़ा कर कहा गया कि इन लोगो के नाम मतदाता सूची में काट दिया गया है। राहुल के बेबुनियाद आरोपो से निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के सभी आरोपो को दिशाहीन और जूठे बताए। बिहार में पैर जमाने और सत्ता का स्वाद चखने के लिए राहुल ने एसआईआर को ही केंद्र बिंदु नही बनाया है, उसके पूर्व बिहार में पलायन, पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सियासी बिसात बिछाने में जुटी थी। कांग्रेस जाति धर्म, बाहुबल और तुष्टिकरण की नीति पर चुनाव जीतने की जुगत में है। इसलिए वह ऐसे लोगो को खड़ा कर रही है, जिसका कोई विरोध नहीं करता है। हालांकि, बिहार में

> **कांग्रेस बारी बारी से राज्यो और केंद्र में ग्यारह वर्षो से सत्ता से दूर रहने के कारण छटपटा रही है। जूठे आरोप से ही अगर सत्ता मिलती है तो क्या हर्ज है ?अपने कार्यकाल में कर्मठता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की झलक देखने को मिलती है तो मतदाता कभी भी नेता और पार्टी को सत्ता के गलियारों तक पहुंचा सकते है। लोगो को साफ सुथरी राजनीति की जरूरत है। उसी दल या नेता ओ के लिए रात्रि जागरण का कार्य करते है, जो राजनीति में दूध की तरह सफेद है। ऐसे चुनिंदा लोग राजनीति में है, जिनके लिए मतदाता भरोसा भी करता है और पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए तैयार रहते है। लोक जागरण के कार्य के लिए जनता को भरोसा होना बहुत आवश्यक है।**

राजनैतिक तौर पर कांग्रेस पहचान बना पाई है और न ही राजद उस धुरी तक पहुंच गई है, जो बिहार में कुछ उम्मीद छोड़ सके। कांग्रेस अपना एजेंडा ओबिसी, दलित और अल्पसंख्यक वोटो के इर्द गिर्द बुन रही है। कांग्रेस ने जिन बेबुनियाद मुद्दे उठाए है इसके लिए मतदाता क्या सोचते है ?यह तो आने वाला समय ही बताएगा। कांग्रेस अपने कुनबे को जोड़ने का प्रयास कर रही है, वही कांग्रेस को वजूद बचाने की जद्दोजहद करनी पड़ेगी। कांग्रेस अब बिखरा हुआ दल है। कांग्रेस का भूतकाल खण्डित रहा है। कांग्रेस पर आजादी के बाद से अनगिनत आरोप लगे है। इससे मतदाता सोच समझकर फैसला करता है। आज के मतदाता सोच समझकर निर्णय लेते है। कांग्रेस की स्थिति बिहार में आश्वासन देने की नही रही है। प्रदेश संगठन की कमान भूमिहार नेता से लेकर दलित समाज के नेता को सौंप दी है। बिहार में नीतीश को सुशासन बाबू का तमगा मिला हुआ है। बिहार को कांग्रेस ने फटेहाल स्थिति में छोड़ दिया था। उसके बाद लालू ने 15 साल तक राज किया और बिहार को नरकगामी बना दिया। जंगल राज की राजनीति खत्म होते ही मतदाताओ ने नीतीश बाबु का दामन थाम लिया और अब फिर से कांग्रेस बिहार की सत्ता के गलियारों तक पहुंचने के लिए कुतर्क का सहारा ले रही है। तीस साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी कांग्रेस ने कोई सबक नही सीखा है। कांग्रेस उसी पुराने ढर्रे पर ही चल रही है, जिसको तीन दशक पहले छोड़ आई थी। बिहार में कांग्रेस वापसी के लिए इस कदर बेचैन है कि वह हर हालत में सत्ता हासिल करना चाहती है। और इसके लिए गठबंधन भी करना पड़ेगा तो उसे मंजूर है। बिहार के चुनाव आयोग की एसआईआर की सियासी चाल बदल दी है। निर्वाचन आयोग पूरे देश मे २१ लगाने की कवायद शुरू की है। देश मे मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण समय की मांग है। बिहार के सियासी खेल में अन्य दलों के नेताओ ने हिस्सा लिया और इस रोमांस का लुफ्त तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्तालिन ने भी उठाया। कांग्रेस का फोकस अब वोटनीति और वोट चोरी पर केंद्रित है। वोटनीति और वोट चोरी के शोरगुल में अहम मुद्दे छूटते दिखाई दे रहे है। राहुल ने सबसे पहले समाजिक न्याय का मुद्दा उठाया था जिसमे जातिगत मतगणना और दलित पिछडोका मुद्दा उठाया। कांग्रेस की सियासी चाल से बिहार में ठंडे पानी मे उबाल देखने को मिल रहा है। मोदी के जन्म दिवस पर बिहार में एक मंच पर बिहार के मतदाताओं को नीतीश कुमार ने मोदी से हाथ जोड़कर नमस्ते करने का आग्रह किया और एक ही क्षण में हजारो हाथ खड़े हो गए। बिहार में मोदी की लोकप्रियता कम नही हुई है। तब सवाल यह उठता है कि एकाएक कांग्रेस का सियासी रथ कहा जाकर रुकेगा। क्योकि कांग्रेस के पास कोई ऐसे मुद्दे नही है, जिससे नीतीश कुमार के सुशासन बाबू का तमगा छीना जा सके। इस बीच तेजस्वी ने राह बदल दी है। क्योंकि वोटचोरी का मुद्दा बिहार में असरदार नही दिख रहा है। क्योंकि चुनाव आते आते लोग इस मुद्दे को भूल जाएंगे। इस बीच तेजस्वी ने अधिकार यात्रा शुरू की है। बिहार के इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कांग्रेस के आरोप खारिज करते हुए भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ने यात्रा घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई थी। उधर, मोदी ने बिहार की सभा से कहा कि घुसपैठियों को बिहार से निकालकर रहेंगे।

# एच-वन-बी वीजा विवाद और आत्मनिर्भर भारत का अवसर

**-डॉ. सत्यवान सौरभ-**

अमेरिका ने हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित एच-वन-बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नए आवेदनों पर एक लाख अमेरिकी डॉलर की भारी फीस लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह निर्णय केवल आप्रवासन नीति का मामला नहीं है बल्कि बदलते वैश्विक आर्थिक समीकरणों और श्रम बाजार की गहरी हलचलों का प्रतीक है। भारतीय पेशेवर, जो अब तक एच-वन-बी वीजा धारकों का लगभग सत्तर प्रतिशत हिस्सा बनाते थे, इस कदम से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन यही संकट भारत के लिए अवसर भी ला सकता है। यदि लौटती हुई प्रतिभाओं यानी रिवर्स ब्रेन ड्रेन का सही इस्तेमाल हो तो यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

एच-वन-बी वीजा लंबे समय से अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की रीढ़ रहा है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियों में बड़ी संख्या में भारतीय आईटी पेशेवर कार्यरत हैं। किंतु अब अमेरिका में संरक्षणवादी रुझान और आर्थिक राष्ट्रवाद खुलकर सामने आ रहा है। विकसित देश अपने घरेलू श्रमिक वर्ग को संतुष्ट करने के दबाव में बाहरी प्रतिभाओं पर निर्भरता घटाने लगे हैं। यह एक विरोधाभासी स्थिति है क्योंकि अमेरिकी श्रम बाजार में उच्च तकनीकी क्षेत्रों में पर्याप्त घरेलू संसाधन नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक दबाव इसे बाहर से आने वाले लोगों पर रोक लगाने के लिए मजबूर कर रहा है। अमेरिका आव्रजन को केवल श्रम गतिशीलता का विषय नहीं मानता बल्कि इसे व्यापारिक हथियार के रूप में भी प्रयोग कर रहा है। वीजा शुल्क में इस प्रकार की बढ़ोतरी से न केवल राजस्व अर्जित होगा बल्कि अन्य देशों पर राजनीतिक दबाव भी डाला जाएगा। इसी दौरान कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अपनी आप्रवासन नीतियों को उदार बना रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा का भूगोल बदल रहा है और अमेरिका का आकर्षण धीरे-धीरे कम हो सकता है।

इस नीति परिवर्तन का असर भारतीय प्रवासी समुदाय पर बहुआयामी है। एक ओर लाखों परिवारों में नौकरी की असुरक्षा और भविष्य की अनिश्चितता का माहौल बन गया है। बच्चों की पढ़ाई, सामाजिक जीवन और पारिवारिक स्थिरता पर इसका असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर भारत में इसका सकारात्मक पक्ष भी उभर रहा है। बड़ी संख्या में पेशेवर भारत लौटने के लिए प्रेरित होंगे। वे केवल पूँजी ही नहीं बल्कि वैश्विक अनुभव, नेटवर्क और तकनीकी दक्षता भी लेकर आएँगे। इस प्रकार भारत के स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न इकोसिस्टम को नई ऊर्जा मिल सकती है। विदेशों से लौटे पेशेवरों के पास निवेशकों का दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय बाजार का अनुभव होगा, जिससे भारत का उद्यमिता वातावरण और मजबूत हो सकता है। एक और बड़ा अवसर यह है कि लौटे हुए विशेषज्ञ भारत के अनुसंधान और विकास क्षेत्र में अहम योगदान देंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। यदि लौटे हुए वैज्ञानिक और इंजीनियर भारतीय संस्थानों से जुड़ें तो देश में नवाचार की गति तेज हो सकती है। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को वास्तविक बल मिलेगा। इसके अलावा डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलें उन प्रतिभाशाली पेशेवरों की मदद से मजबूत होंगी जो विदेशों में आधुनिक तकनीकी अनुभव लेकर आएंगे।

> **अमेरिका का नया एच-वन-बी वीजा शुल्क केवल आप्रवासन नीति का मुद्दा नहीं है बल्कि वैश्विक आर्थिक समीकरणों का संकेतक है। इससे भारतीय प्रवासी समुदाय में असुरक्षा तो बढ़ी है, लेकिन भारत के लिए यह रिवर्स ब्रेन ड्रेन का अवसर भी है। यदि लौटे हुए पेशेवरों के अनुभव, नेटवर्क और तकनीकी दक्षता को सही नीति समर्थन मिले तो भारत के स्टार्ट-अप, अनुसंधान और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई ऊर्जा मिल सकती है। चुनौती को अवसर में बदलकर भारत न केवल अपने कौशल पूँजी का उपयोग करेगा बल्कि वैश्विक वैल्यू चेन में भी मजबूती से उभरेगा...**

भारत के लिए यह समय केवल इंतजार करने का नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने का है। सरकार को लौटती प्रतिभाओं का स्वागत करने के लिए विशेष योजनाएँ बनानी होंगी। उदाहरण के लिए रिटर्निंग टैलेंट स्कीम के तहत विदेशों से लौटने वाले पेशेवरों को कर में छूट, निवेश प्रोत्साहन और विशेष स्टार्ट-अप पैकेज दिए जा सकते हैं। विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच सहयोग के लिए उच्चस्तरीय शोध प्रयोगशालाएँ और नवाचार केंद्र विकसित किए जा सकते हैं। निजी क्षेत्र को अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने के लिए कर रियायत और प्रोत्साहन दिया जा सकता है। इसके साथ ही वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी फंड्स को प्रवासी पेशेवरों के अनुभव से जोड़कर वित्तीय इकोसिस्टम को मजबूत करना आवश्यक होगा।

लौटे हुए प्रवासियों और उनके परिवारों के लिए सामाजिक पुनर्वास योजनाएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। यदि उन्हें भारत में बसने के दौरान कठिनाइयाँ झेलनी पड़ेंगी तो उनकी प्रतिभा का पूरा लाभ नहीं उठाया जा सकेगा। सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं में उन्हें आसानी उपलब्ध करानी होगी ताकि वे बिना किसी झंझट के समाज और अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन सकें।

इस प्रकार एच-वन-बी वीजा विवाद भारत के सामने दोहरी चुनौती पेश करता है। एक ओर लाखों प्रवासी भारतीयों की आजीविका और भविष्य की चिंता है, तो दूसरी ओर यही संकट भारत के लिए सुनहरा अवसर भी है। यदि भारत इस अवसर का लाभ उठाकर रिवर्स ब्रेन ड्रेन को अपनी ताकत बना लेता है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संकट हमें यह याद दिलाता है कि आत्मनिर्भरता केवल नारे से नहीं बल्कि दूरदर्शी नीतियों और वैश्विक अवसरों को साधने की क्षमता से संभव है।

# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

**-ललित गर्ग-**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है। इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है। यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- ह्लजातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है। ह्व डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया। चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे। पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निश्चित ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।

किसी जाति के प्रति लगाव दशार्ने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दशार्ने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है। वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है। हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है। सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे ह्लजाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी। ह्व वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक आदर्श समाज व्यवस्था निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। उन्होंने जातिवाद के विरुद्ध आवाज ही नहीं उठाई, अपने राजनीतिक जीवन के अनेक उदाहरणों से समाज को सक्रिय प्रशिक्षण भी दिया। वे समता के पोषक हैं, इसलिये उन्होंने पूरी शक्ति के साथ जाति के दंश, प्रथा एवं विसंगति पर प्रहार कर मानवीय एकता का स्वर प्रखर किया। उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी, जिससे राज्य में अपराध और अराजकता पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। ह्लसबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वासह्व की नीति पर चलते हुए उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं। बुनियादी ढांचे के विकास, धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकासशील राज्यों में गिना जाने लगा है और जातिवाद, भ्रष्टाचार और असुरक्षा की छवि से बाहर निकलकर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी ताजा पहल समाज को बताती है कि नई पीढ़ी को जाति नहीं, योग्यता और नैतिकता के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय राजनीतिक दलों के लिए भी चेतावनी है कि उन्हें जातिगत समीकरणों की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित और जनहित की राजनीति करनी होगी। जाति, रंग, भाषा आदि के मद से सामाजिक एवं राजनीतिक विक्षोभ पैदा होता है, इसीलिये यह पाप की परम्परा को बढ़ाने वाला पाप है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 7:50 PM Page 1



## हरियाणा भवन में वर्किंग जॉर्नलिस्ट ऑफ इंडिया का शानदार सम्मान समारोह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरियाणा भवन में वर्किंग जॉर्नलिस्ट ऑफ इंडिया द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा प्रवक्ता एवं हरियाणा सरकार के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली तथा हरियाणा भवन में तैनात जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश टीम के कई सक्रिय पत्रकारों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में देवेन्द्र पवार, धर्मेन्द्र भदौरिया, ईश मलिक, स्वतंत्र सिंह भुल्लर, प्रीतपाल सिंह और सुनील परिहार शामिल रहे। सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्किंग जॉर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय, महासचिव नरेंद्र भंडारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र पंवार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा और महामंत्री देवेंद्र तोमर विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के योगदान को सम्मानित करना और संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल करना रहा।

## राज्य मंत्री केपी मलिक ने किया सामूहिक श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्री केपी मलिक ने शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत विकास खंड जोया की ग्राम पंचायत ढकिया चमन में ग्रामवासियों एवं अधिकारियों के साथ सामूहिक श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने सफाई अभियान चलाते हुए प्लास्टिक कचरा भी एकत्र किया।राज्यमंत्री मलिक ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने घर, आस-पास का परिवेश और ग्राम की गलियों को स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि ÷एक दिन, एक साथ, एक समय÷ के राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान का उद्देश्य यह है कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न रहकर सामूहिक संकल्प बने। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई स्वच्छ भारत पहल को तभी सफलता मिलेगी जब हर ग्राम स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने भी ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं संगठन मिलकर अपने ग्राम में कम से कम एक घंटे का समय सार्वजनिक स्थलों, गलियों और नालियों की सफाई के लिए दें। ग्राम को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

## आई.एम. इंटर कॉलेज में स्वच्छता जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

*** छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ, किया वृक्षारोपण व मानव श्रृंखला का निर्माण**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल PJRM फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत आई.एम. इंटर कॉलेज में स्वच्छता जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईटीसी टीम ने विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कचरे के सही निस्तारण की जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि गीला कचरा हरे डस्टबिन में तथा सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन रिक्शा को सौंपना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जमशेद कमाल ने सभी छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सास्-RRR की मानव श्रृंखला बनाकर कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की तथा ÷स्वच्छ अमरोहा-सुंदर अमरोहा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ के साथ-साथ आईटीसी टीम के क्लस्टर मैनेजर तबरेज, अर्बन कोऑर्डिनेटर शाहबाज अहमद, सोशल मीडिया प्रभारी जीत कुमार वर्मा, वार्ड सफाई नायक विपिन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने जुआ खेलते 5 आरोपियों को धर दबोचा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ईदगाह रोड स्थित एक बंद मकान पर छापा मारकर जुआ खेल रहे 5 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सद्दाम पुत्र अबरार, सिकंदर पुत्र पीतम, आलिम पुत्र शौकीन, अरविन्द पुत्र बब्बू और हारुन पुत्र इरफान शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक सद्दाम अपने मुमेरा भाई चाँद पुत्र इस्लाम (जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है) के मकान में ताश के पत्तों से जुआ खिलवा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते, 23,570 नकद और 3 मोबाइल फोन बरामद किए। इस संबंध में थाना हसनपुर में मुकदमा संख्या 393/2025, धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वरि0उ0नि0 अमित कुमार, का0 आरिफ मलिक, का0 सोनू कुमार, का0 अतुल और का0 मुकुल राठी शामिल रहे।

## निषाद केवट मिलन व दशरथ मरण की लीला का मंचन देखने को उमड़ी दर्शकों की भीड़



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वाधान में चल रही रामलीला में गुरुवार को मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा निषाद केवट मिलन व दशरथ मरण की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जब राम अयोध्या छोड़कर वनों में जाते हैं तो उनकी भेंट निषादराज से होती है। राजा उन्हें अपने राज्य में रहने को कहते हैं। परंतु राम कहते हैं कि पिता की आज्ञा अनुसार वह चौदह वर्ष तक वनों में ही रहेंगे।

वहीं जब मंत्री सुमंत अयोध्या अकेले लौटे तो राजा दशरथ ने राम के वियोग में प्राण त्याग दिए। जब भरत को पिता की मृत्यु व राम लक्ष्मण का सीता सहित वनों में गमन के समाचार मिल तो वह भी उनसे मिलने वनों में चले जाते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, श्याम गर्ग, नवीनत वर्मा, पवन गुप्ता, शरद गर्ग, राजीव शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, अमरजीत कोहली, इंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंघल, ओमकार गर्ग, कपिल अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, विजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरुवार को 33 वी वाहिनी एनसीसी कर्नल गौतम राय के आदेशानुसार नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। हवलदार मनोज कुमार के निर्देशन में सभी कैडेट ने मिलकर शुगर मिल व बाईपास मार्ग पर पसरी गंदगी को साफ किया और गंदगी को नियत स्थान पर डाला जिसके बाद ग्राम कमालपुर काजी में व महाविद्यालय परिसर में भी स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अभय कुमार ने कहा स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वायु की आवश्यकता होती है और स्वच्छ वायु हमें तभी प्राप्त होगी जब हमारा वातावरण साफ होगा आज के समय में बढ़ते हुए प्रदूषण ने तमाम प्रकार की बीमारियों को पैदा कर दिया है और इस सब का जिम्मेदार मनुष्य ही है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, लेफ्टिनेंट अनिल कुमार, केयरटेकर नीरज गहलोत, डॉ अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## धनौरा पुलिस ने मोबाईल चोरी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान के अंतर्गत पुलिस ने मोबाईल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने तीन शातिर चोरों को पकड़कर जेल भेजा है। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक बाईक सहित 8 चोरी के मोबाईल फोन बरामद किए हैं। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से पुलिस को दिल्ली के यमुना बिहार से चुराई गई एक चोरी की बुलेट मोटरसाईकिल व 8 चोरी के मोबाईल फोन बरामद हुए थाने लाकर पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम उजेफा पुत्र मोहम्मद हनीफ व नदीम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम भवानीपुर थाना हल्दौर जनपद बिजनौर व नदीम पुत्र जाहिद निवासी ग्राम अकबरपुर तिगरी थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर बताया। पुछताछ में पकड़े गए युवकों ने ये भी बताया कि उन्होंने यह मोबाइल मुरादाबाद, ब्रजघाट, गजरौला, डिडौली आदि जगहों पर खड़े ओवर लोड ट्रकों की खिड़की खोलकर व खिड़की तोड़कर चोरी किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों का संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस : श्री वेंकटेश्वरा मे राष्ट्रीय संगोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी व जागरूकता रैली

*** सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर कोविड महामारी और वैक्सीनेशन तक फार्मासिस्ट ने चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वैश्विक स्तर पर अमूल्य योगदान दिया है : राजीव त्यागी**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मेरठ/अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस-2025 पर इस वर्ष की थीम ÷थिंक हेल्थ-थिंक फार्मासिस्ट÷ विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, पोस्टर/मॉडल प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस.आर. मालू, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, औषधि निरीक्षक श्रीमती रूचि बंसल (मुख्य अतिथि), गलेक्सो इंडिया के सीमान्त सक्सेना, मोनार्क साइंटिफिक के निशांत सिंह, कुलपति डॉ. कृष्णकांत दवे, डीन फार्मेसी डॉ. ओमप्रकाश गोसाई समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ÷स्वस्थ भारत-आयुष्मान भारत÷ जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को अन्त्योदय तक पहुंचाने में फार्मासिस्ट सबसे अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर कोविड महामारी और वैक्सीनेशन तक फार्मासिस्ट ने चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वैश्विक स्तर पर अमूल्य योगदान दिया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. एस.आर. मालू ने कहा कि योग्य व प्रशिक्षित फार्मासिस्ट सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार प्रोटोकॉल में किसी भी चिकित्सक से कम नहीं हैं। मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक रूचि बंसल ने कहा कि विश्वभर में प्रत्यक्ष रूप से 50 लाख से अधिक और अप्रत्यक्ष रूप से 6 करोड़ से अधिक लोग फार्मा इंडस्ट्री से जुड़े हैं। यही कारण है कि यह सेक्टर विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जिसमें लाखों सम्मानित रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मौजूद हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर/मॉडल प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और स्वास्थ्य जागरूकता रैली के माध्यम से ÷स्वस्थ भारत-आयुष्मान भारत÷ का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के जरिए जनस्वास्थ्य में फार्मासिस्ट की भूमिका को सरल भाषा में समझाया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पांडेय, डॉ. राजेश सिंह, चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार दास, प्रो. अंजलि भारद्वाज, डॉ. धीरज दुबे, डॉ. आदित्य शर्मा समेत कई विशेषज्ञों ने विचार रखे। अंत में डीन फार्मेसी डॉ. ओमप्रकाश गोसाई ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विश्वास राणा ने किया।

## भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि



**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान आम, नीम, पाखड़, पीपल, बकान एवं जामुन सहित कई फलदार और छायादार वृक्ष लगाए गए।भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, पेड़ों से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है और प्रकृति का संतुलन कायम रहता है। इसलिए प्रत्येक उत्सव और अवसर पर वृक्षारोपण करना चाहिए।इस अवसर पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, दिनेश चौहान, मंडल महामंत्री आशीष पाल, मयंक मौर्य, बूथ अध्यक्ष राजेश मौर्य, ऋषभ गुप्ता, संजीव गुप्ता, अभिषेक मौर्य, महिपाल, दिवाकर समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक दिन के लिए रहनुमा खान सम्भल डीएम नमरा नाज़ बनी एसपी




*** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज बालिकाओं ने संभाली प्रशासन की कमान**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सभल।** नारी सुरक्षा-नारी सम्मान की थीम पर नारी शक्ति का नया आयाम महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारम्भ किये गये मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज जनपद के प्रमुख प्रशासनिक पदों अर्थात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के पद पर एक दिन के लिए सांकेतिक रुप से बालिकाओं को पद भार ग्रहण कराया गया। सांकेतिक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी चंदौसी के जीके सिल्वर स्टोन में कक्षा 11वीं की छात्रा कु. रहनुमा खान को बनाया गया जोकि विकासखंड बनियाखेडा के ग्राम मई की रहने वाली हैं। जबकि एक दिन का पुलिस अधीक्षक जीके सिल्वर स्टोन की कक्षा 11 की छात्रा कु. नम्रा नाज़ को बनाया गया जोकि चंदौसी के सम्भल गेट स्थित चूने वाली गली की रहने वाली हैं। मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा में कक्षा आठ में पढने वाली कु. साक्षी चौहान को बनाया गया जोकि विकासखण्ड बनियाखेडा के ग्राम अमियापुर पचाक की रहने वाली हैं। अपर जिलाधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा की कक्षा 11 की कु. संगीता को बनाया गया जोकि विकासखंड पवांसा के ग्राम हिन्डोली की रहने वाली हैं। छात्राओं का स्वागत भी किया गया। एक दिन की जिलाधिकारी कु. रहनुमा खान तथा मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान एवं अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की तथा सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि वह कक्षा 11वीं में कॉमर्स की छात्रा हैं। बैठक के अन्तर्गत उपस्थित मीडिया एवं अधिकारियों द्वारा सुझाव भी दिये गये। सांकेतिक जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाया जाना वाला मिशन है तथा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए गये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन बेटियों की पढ़ाई में बहुत ही सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रत्येक अभिभावक द्वारा दिलायी जानी चाहिए इसके लिए अधिकारी भी अभिभावकों से मिलकर उनको जागरूक करें। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं की भी सराहना की। सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान ने मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा एवं कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हैल्प लाइन आदि योजनाओं के विषय में बताया तथा सांकेतिक अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने भी शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि समस्त अधिकारी अपने विभागों में नारी सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन की गतिविधियां करवाएं, कार्यक्रम कराएं तथा उनमें जनप्रतिनिधि गणों एवं बालिकाओं को भी आमंत्रित किया जाए। डीएम ने जनपद में बिटिया इन ऑफिस अभियान चलाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया जिसके अंतर्गत अधिकारी अपने परिवार की बेटियों को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से अधिकारी बनाते हुए अपने विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी उनको दें। इसके उपरांत सांकेतिक जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी ने सभागार में कृषि विभाग के अन्तर्गत श्री अन्न से संबंधित लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा श्री अन्न के महत्व के विषय में बताया गया। सांकेतिक जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट परिसर स्थित ग्राम्य विकास विभाग, प्रोबेशन विभाग, वन स्टॉप सेंटर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ,समाज कल्याण विभाग डीपीएमयू एवं एनआईसी एवं राजकीय कृषि रक्षा विभाग का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ मीटिंग की तथा कृषि विभाग की तिलहन योजना के अन्तर्गत किसानों को बीज का वितरण एवं ट्राइकोडर्मा दवाई वितरित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नॉरेक्स फ्लेवर्स प्रा0 लि0 को अंतरराष्ट्रीय सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा/मंडी धनौरा।** नगर की प्रतिष्ठित मैंथा निर्यातक कंपनी नॉरेक्स फ्लेवर्स प्रा0 लि0 को अंतर्राष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसेंशियल ऑयल्स एंड अरोमा ट्रेड्स (IFEAT) द्वारा वर्ष 2025 के लिए एसएमई श्रेणी में सस्टेनेबिलिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी के प्रोजेक्ट संकल्प को दिया गया है, जिसके तहत पर्यावरण-अनुकूल खेती, संसाधन दक्षता और किसानों की आजीविका सुधार हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पहल से सीधे तौर पर 2,500 से अधिक किसान परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। फर्म के प्रबंध निदेशक वैभव कुमार अग्रवाल को यह पुरस्कार गोथेनबर्ग (स्वीडन) में आयोजित भव्य समारोह में IFEAT अध्यक्ष डॉ. जीमन कोरह और कार्यकारी समिति सदस्य एडवर्ड मैटोसो द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में 1,500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि मौजूद थे। नॉरेक्स पहले भी भारत सरकार व विभिन्न संस्थाओं से कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। कंपनी की उत्पादन इकाई ढ्ढस्ह्र 9001:2015, FSSAI, WHO सहित कई मानकों से प्रमाणित है और इसके उत्पाद अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, सऊदी अरब, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया समेत 80 से अधिक देशों में निर्यात होते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि ÷धनौरा जैसी छोटी जगह से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मिलना हमारे क्षेत्र और किसानों के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि किसानों, कर्मचारियों, ग्राहकों और शुभचिंतकों के सहयोग से ही संभव हुई है। पुरस्कार मिलने पर क्षेत्रवासियों, किसानों और विदेशी ग्राहकों ने श्री अग्रवाल व नॉरेक्स परिवार को बधाई दी।

## पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा, चेयरपर्सन से रजिस्टर छीना, पूर्व विधायक का गिरेबान भी पकड़ा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** पालिका सभागार में पुलिस की मौजूदगी में महिला सभासद ने पालिकाध्यक्ष के हाथ से रजिस्टर छीनने की कोशिश के बीच पूर्व विधायक हरपाल सिंह का गिरेबान भी पकड़ लिया। इस दौरान एक युवक ने भानपुर खालसा के सभासद के साथ मारपीट कर दी। अन्य सभासदों ने युवक को गिराकर लात घूंसे व बेल्ट से पीट दिया। हंगामे के कारण बैठक नहीं हो सकी। रास्ते में कुछ सभासदों ने एक अन्य सभासद अरकान के साथ हाथापाई कर दी। दोनों पक्ष पुलिस को तहरीर देने थाने पहुंचे। बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे से पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक शुरू हुई। पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी के विरोधी खेमे के सभासदों ने बोर्ड की बैठक में रखे जा रहे सभी प्रस्तावों का विरोध किया। जिसकी सूचना पाकर कस्बा चौकी इंचार्ज पहुंच गए। उधर हरेक प्रस्ताव के विरोध पर पालिकाध्यक्ष बैठक से उठकर अंदर कमरे में चली गई। इस दौरान सभासदों ने कहा कि वह बोर्ड की बैठक में यह प्रस्ताव रखते हैं कि पालिकाध्यक्ष को निरस्त किया जाए। ईओ से पालिका बोर्ड की बैठक कराने को कहा। जिस पर ईओ ने पालिकाध्यक्ष के बिना बैठक कराने से इनकार कर दिया। इस पर हंगामा होने लगा। उधर सभासदों ने कई बिंदु बताए जिनको कार्रवाई रजिस्टर में लिखने को कहा। कुछ बिंदुओं पर ईओ ने सहमति जताई जबकि बाकी पर विधिक राय लेने की बात कही। तभी पालिकाध्यक्ष पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह पहुंच गए। वह पालिकाध्यक्ष को पालिका सभागार से बाहर ले जाने लगे। पालिकाध्यक्ष के पास कार्रवाई रजिस्टर था। उनके बाहर जाने और रजिस्टर ले जाने का विरोध करते हुए सभासदों ने पुलिस के सामने हंगामा कर दिया। एक महिला सभासद ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह का गिरेबान पकड़ लिया। इस पर पालिकाध्यक्ष की उस महिला सभासद से तीखी नोकझोंक हो गई। इस बीच एक युवक ने भानपुर खालसा के सभासद भानू उर्फ कपिल सिंह के साथ मारपीट कर दी। जिस पर सभासदों ने उसे पकड़ लिया।

उसकी लात घूंसों और बेल्ट से पिटाई की। इस दौरान कई सभासदों ने पुलिस पर पिटवाने का आरोप लगाया। पालिका सभागार में हंगामा हो गया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया। पालिकाध्यक्ष और उनके पति पूर्व विधायक सभासदों के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में आए।खबर लिखे जाने तक दूसरी तरफ से विरोध खेमे के सभासद भी थाने पहुंच गए। दोनों तरफ से तहरीर देने की तैयारी थी। सीओ अंजलि कटारिया का कहना है कि पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामे की जानकारी है। दोनों तरफ से तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**रास्ते में पीटा एक अन्य सभासद**

गजरौला।पालिका सभागार में हंगामा और मारपीट के बाद सभासद अरकान आलम को रास्ते में कई सभासदों ने घेर लिया। उनके साथ जमकर मारपीट की। उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई। उधर सूचना पाकर पालिका के कर्मचारी एकत्र हो गए। थाने में पहुंच गए। थाने में खासा जमावड़ा है।

## अजमीढ़ महाराज की जयंती पर स्वर्णकार सम्मान समारोह आयोजित

*** कई जनपदों के अतिथियों ने लिया कार्यक्रम मे हिस्सा, कराया गया परिचय सम्मेलन भी**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मैंढ़ कुनबा मासिक पत्र (रजि0) संभल द्वारा डायमंड वेंकट हॉल में श्री अजमीढ़ महाराज की जयंती पर स्वर्णकार सम्मान समारोह व परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता व अजमीढ़ महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तदुपरांत बच्चों द्वारा मां सरस्वती की वंदना, भगवान गणेश की स्तुति व अतिथियों के आदर- सत्कार में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने अपने वक्तव्य में कहा आज सभी स्वर्णकार बंधु अजमीढ़ महाराज जी की जयंती पर यहां उपस्थित हुए। अजमीढ़ महाराज हमारे कुल देवता है, यह हम स्वर्णकार समाज के आराध्य है। आगे उन्होंने कहा स्वर्णकार समाज का इतिहास सदियों पुराना है, इतिहास गवाह है कि सतयुग से लेकर आज कलयुग में भी स्वर्ण समाज का एक महत्वपूर्ण स्थान है। स्वर्णकार समाज सदैव राष्ट्र और समाज के हित में कार्य करता हैं । हमारे समाज की एक एकता राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश वर्मा ने भी अपने विचार रखे। मैंढ़ कुनबा पत्रिका के प्रधान संपादक पुरुषोत्तम शरण वर्मा ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य समस्त समाज को एक मंच पर एकत्र कर स्वर्णकार बंधुओं, संरक्षकों, समाजसेवियों , वयोवृद्धों, पत्रकार बंधुओं , बेटियों, नारी शक्ति का सम्मान, बच्चों को पुरस्कृत करना है। कार्यक्रम में स्थानीय स्वर्णकार बंधुओं के अतिरिक्त हापुड़, नोएडा, काशीपुर, कानपुर, मुरादाबाद,गंवा, बबराला,खैर, विसौली, अलीगढ़, नरौरा, दादरी, गाजियाबाद, रजपुरा, बुलंदशहर, डिबाई, नगली, अमरोहा, बैलौन, बदायूं आदि स्थानों से स्वर्णकार बंधु पधारे। कार्यक्रम के दौरान उमाशंकर वर्मा, राजेश वर्मा, सुधांशु वर्मा, दीपक सोनी, सचिन वर्मा, दीपक वर्मा, प्रवीण वर्मा (गुल्लू) , ठाकुरदास वर्मा, दुष्यंत,रमेश चंद्र वर्मा, नत्थू लाल वर्मा, सुमित सोनी, हर्ष वर्मा, दीपक शर्मा, सुमन वर्मा , सोनू वर्मा, प्रभात सर्राफ मयंक सर्राफ सुनील वर्मा, सुनील रस्तोगी, पुरुषोत्तम शरण वर्मा, प्रदीप वर्मा श्प्रतापश, हरिओम वर्मा, गीता वर्मा, नवीन वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, मूलचंद वर्मा, वंदना वर्मा, चंचल वर्मा, भावना वर्मा, संजय वर्मा ,कमल वर्मा, सचिन वर्मा, महानंद वर्मा, नवीन वर्मा,आदित्य वर्मा, विशाल वर्मा, ज्वाला प्रसाद, राहुल वर्मा, राखी वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार वर्मा व संचालन कु0 अदिति वर्मा व विकास कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से किया।

## सम्भल पहुंचकर डीआईजी ने की कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर समीक्षा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस लाइन बहजोई में पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज द्वारा जनपद के समस्त थानों के मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गयी एवं मिशन शक्ति (फेज 5.0) के अभियान को सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी)/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 9:31 PM Page 1



## फसल खराब होने पर मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश



**रामपुर।** आज हाजी नाज़िश ख़ान कांग्रेस किसान जिला अध्यक्ष रामपुर के घर कांग्रेस किसान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी खलील नम्बरदार पोहचे जाना द्य मीटिंग का आयोजन भी हुवा पार्टी को मजबूत बनाने की बात हुई हाजी नाज़िश ख़ान कांग्रेस किसान जिला अध्यक्ष ने कहा मै रामपुर की गरीब अवाम के लिए हमेशा खड़ा हूँ मैं किसानों की परेशानी में हमेशा उनकी लिये इंसाफ की लड़ाई लड़ेंगे बाढ़ आने पर उनकी फसल खराब होने पर उनको मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश करूँगा किसान हिंदुस्तान की रीड की हड्डी है किसान अन्नदाता हे जब किसान खेत में धूप में मेहनत करता है तो हमें आप सब तक अनाज पहुँच पाता है।

## माता के रूप में दिखी छोटी बालिका



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन माता के रूप में दिखी छोटी बालिका नवरात्रि के व्रत और नवरात्र के 9 दिन पूजा करने पर माना जाता है कि जो भी मनोकामना आप मांगते हैं वह पूरी होती है 9 दिन माता के अलग-अलग रूपों की पूजा अर्चना की जाती है और बड़े श्रद्धा के साथ माता के 9 दिन व्रत रखे जाते हैं शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा होती है. मां चंद्रघंटा देवी साधकों को धैर्य, ताकत और मन की शांति देती हैं. मां के माथे पर घंटी के जैसे आधा चांद होता है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है

## वृंदावन से आए कलाकारों ने मोहा मन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड बुधवार को भक्ति और संस्कृति के ऐसे रंगों में रंगा कि हर कोई देर रात तक वहीं ठहरने को मजबूर हो गया श्रीरामलीला महोत्सव का नवां दिन दिव्यता, उल्लास और अद्भुत प्रस्तुतियों का ऐसा अनोखा संगम बना कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच भक्ति रस में डूबती रही। सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं के साथ दिन का शुभारंभ हुआ।

## नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ, प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्य योजना के अनुसार आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस दिनांक 22.09.2025 जनपद रामपुर में जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में आज ग्राम बमना तहसील स्वार मिशन शक्ति (चरण - 5 ) का शुभारम्भ ग्राम प्रधान शबाना बेगम की मौजुदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर विपक्ष ने बनाया मकान



**रामपुर।** थाना शहजादनगर के ग्राम भंडपुरा निवासी जुनैद की दादा इलाही 9 बीघा जमीन खाली पड़ी थी जिस पर कुछ विपक्ष लोगों ने कब्जा कर लिया और रातों-रात मकान बनाकर खड़ा कर दिया यह विवादित जगह है जिसका न्यायालय में केस चल रहा है और मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी विपक्ष लगातार विवादित जगह पर अपना कब्जा करने के लिए मकान बनाने का प्रयास कर रहे थे पीड़ित द्वारा जिसकी सूचना थाना शहज़ाद नगर पुलिस को दी गई थाना शहजादनगर में तैनात हल्के के दरोगा ने मौके पर पहुंचकर विवादित जगह को रुकवा दिया।

## सेवा पखवाड़ा में किया श्रमदान और वृक्षारोपण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिलासपुर द्वारा आज मोहल्ला कायस्थान वार्ड-5 स्थित श्मशान घाट पर विशेष श्रमदान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल और अधिशासी अधिकारी नितिन कुमार गंगवार ने श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभासदों, पालिका कर्मचारियों, स्वच्छ प्रोत्साहन समिति के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर श्मशान घाट की सफाई की और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## भाकियू अराजनैतिक ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) जिला रामपुर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आज किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने बिजली, खाद, बीज, सिंचाई और फसलों के उचित दाम से जुड़ी परेशानियों को तत्काल दूर करने की मांग की।ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के साथ शाहिद खां, फरीद खां, विजयपाल कश्यप, बाबर खां, विनोद मौर्य, सोमपाल, मुताहिर खां, जुनैद खां, अबदुल रज़्ज़ाक खां, परवेज़ खां, मोहम्मद शादाब सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक दिन , एक घंटा , एक साथ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड स्वार परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया, ऋषिपाल सिंह खण्ड विकास अधिकारी स्वार, सुरेश कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी (प0) स्वार खण्ड प्रेरक (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) दानिश अली सहायक विकास अधिकारी (ISB) ओर विकास खण्ड स्वार के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया

## साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत Government Girls Inter College में मिशन शक्ति 5.0 तथा साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा उपनिरीक्षक नीलम द्विवेदी, चौकी प्रभारी मनोज मिश्रा एवं शक्ति दीदी अमरवती के साथ Government Girls Inter College , नरपत नगर, थाना स्वार में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## जिला कारागार किया गया मासिक निरीक्षण



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा जिला न्यायाधीश जनपद रामपुर के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार रामपुर का मासिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य का जायजा लिया गया तथा साफ-सफाई आदि संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के दर्जनों कार्यकर्ता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अकील खान के नेतृत्व में सीएमओ कार्यालय पहुंचे और पहुंचते ही नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने स्वास्थ्य विभाग पर फर्जी अस्पताल फर्जी लैब फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर आदि चालवणे का आरोप लगाते हुए कई सूत्री ज्ञापन सीएमओ की गैरमौजूदगी में प्रभारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा प्रदर्शन करता होने एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई की मांग की प्रदर्शन करने वालों में महिपाल सिंह शकील अहमद राजपाल सिंह मौर्य राजपाल सिंह मौर्य दानी सागर मुक्ति मियां सलमान मियां बब्बू मियां रमेश कुमार छोटा लाल विद्या रामपाल सलमान खान आदि सामने

## ज्ञापन उपजिलाधिकारी टाण्डा को दिया





**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के समस्त हिन्दू मन्दिरों में लगे भगवान वाल्मीकि जी की मूर्ति तथा भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस ) के कार्यकर्ताओं ने भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में तहसील टाण्डा में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी टाण्डा को दिया जिसमें मांग है कि वाल्मीकि समाज भगवान वाल्मीकि जी को अपना पूज्यनीय भगवान मानते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह के निर्देश पर तहसील मिलक में चीमा मेरिज हॉल मिलक-बिलासपुर रोड पर स्थित अवैध रूप से संचालित व अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं अस्पताल में लिंग परीक्षण आदि की शिकायत पर हेल्थ केयर नर्सिंग होम एंव अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा औचक रूप से छापेमारी की गयी। नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा0 सत्य प्रकाश एंव नायब तहसीलदार मिलक श्री अंकित अवस्थी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गयी।

### मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना सिविल लाईन क्षेत्रान्तर्गत ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरूक किया गया । इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं/महिलाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था । कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीक और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझते हुए सक्रिय भागीदारी दिखाई ।

## नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन का आयोजन





**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति( चरण 5 ) के निर्धारित कार्य योजना के अनुसार ब्लॉक चमरौआ सभागार रामपुर में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर और सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति की थीम नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं बाल सेवा योजना के चेक वितरण किए गए के ओर विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने हेतु कहा गया साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए यह जानकारी दी गई की बालिकाएं इन नंबरों पर अपनी सुरक्षा हेतु शिकायत कर सकती हैं उनकी जानकारी गुप्त रखी जाती है।

## वाल्मीकि प्रकट दिवस से पूर्व वेतन की मांग



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस(भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पालिका अध्यक्ष सना मामून खॉ एवं वरिष्ठ समाजसेवी मामून शाह खॉ से मिला और उन्हें ज्ञापन देकर कहा कि भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस 7 अक्टूबर 2025 से पूर्व सफाई कर्मियों जिसमें स्थाई, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी शामिल है उनका वेतन देने की मांग की तथा 9 अक्टूबर 2025 को निकलने वाली भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा में शामिल होने हेतु सफाई कर्मियों को आधे दिन का अवकाश देने की मांग की जिसे स्वीकार करते हुए पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि हम आज से ही इसके लिए प्रयास करेंगे

## छोटा कार्यकर्ता भी बन सकता है प्रधानमंत्री : हरीश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और भाजपा में एक छोटा कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री पद तक जा पहुंच सकता है। यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है दूसरी बार राज्य महिला आयोग की सदस्य बनने के बाद पहली बार सुनीता सैनी भाजपा के राम विहार स्थित कार्यालय पर पहुंची। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## कार्यशाला का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत सरयू एजुकेशन एकेडमी/ केशव इण्टर कॉलिज, स्वार में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया । जिसमें छात्र- छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों ( 1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा ) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## नारी स्वावलंबन पर कार्यक्रम का आयोजन



**चमरौआ।** राज्य महिला आयोग की सदस्य ने मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं बाल सेवा योजना के चेक किये वितरित।

## कृषि उत्पादन मंडी समिति के खिलाफ विरोध जताया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** प्रतिनिधिमंडल तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी साथी इकट्ठा हुए और कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यालय पर पहुंच कर व्यापारी व पदाधिकारी नए कलेक्ट पहुंच कर कृषि उत्पादन मंडी समिति के खिलाफ विरोध जताया साथ ही नगर मजिस्ट्रेट सालिकराम से वैठक के माध्यम से अवगत कराया की मंडी समिति में कितनी समस्याएं हैं इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि नवीन फ्रूट और सब्जी मंडी में जो दुकाने हैं वह बहुत छोटी बनाई गई है दुकानों के आगे चबूतरे भी दिए गए हैं वह ऊपर से खुले हुए हैं उन पर कोई साया नहीं दिया गया है जब मंडी शिफ्ट हुई थी तो फ्रूट और सब्जी मंडी दुकान वालों ने चबूतरे के ऊपर टिरपाल लगाकर टीन सैड लगवाए थे बैठक मंडी समिति के मुद्दों पर ही रही इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी , मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन ,बाबू खान, दिलशाद अहमद फहीम अहमद प्रदेश संगठन मंत्री, शादाब खान, साहब खान,गोपाल शर्मा, अब्दुल कादिर शराफत का आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे

## दसवां दिन बना भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के ऐसे रंगों में डूबा कि हर कोई देर रात तक वहीं थम सा गया। श्रीरामलीला महोत्सव का दसवां दिन अध्यात्म, कला और भक्ति का अनूठा संगम बनकर दर्शकों की आत्मा तक उतर गया। हजारों की भीड़ भक्ति रस में सराबोर होकर जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से वातावरण को गूंजाती रही। सुबह 9 बजे दिन का शुभारंभ हुआ रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से। नटखट बालकृष्ण की माखन चोरी की छवियां, उनकी मासूम अदाएं और सजीव प्रस्तुतियां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी को आनंद और भक्ति में डुबो गईं। बच्चे जहां ठहाकों से झूम उठे, वहीं बुजुर्गों की आंखें आस्था और भावनाओं से नम हो गईं।

## शहर को स्वच्छ रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून और ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने गांधी समाधि पर झाड़ू लगाकर इस अभियान की शुरुआत की, जिसमें नगर पालिका परिषद का पूरा स्टाफ शामिल हुआ नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि स्वच्छता हमारी सबकी जिम्मेदारी है और शहर को साफ रखना उतना ही जरूरी है जितना अपने घर को साफ रखना।

## कार्यकर्ताओं ने किया राम बारात का स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रॉयल वाल्मीकि आर्मी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने आज रामलीला कमेटी ज्वाला नगर पहुंच कर राम बारात का स्वागत करने के लिए रॉयल वाल्मीक आर्मी की टीम को मौका मिला है इसी तरह राम बारात का स्वागत हमारी टीम हर साल करेगी हमें खुशी है कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर के मुख्य गेट पर वाल्मीकि द्वारा लिखा है यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है।

## टांडा में पूर्व खिलाड़ी को किया गया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा।** खान कप, सेमीफाइनल के मैच के दौरान हाफ टाइम समय में , टांडा के रहमानिया क्लब फुटबॉल के पूर्व गोलकीपर शमशुज्जुहा को अपना आदर्श मानने वाले वर्तमान टांडा के यंगमैन क्लब के खिलाड़ी टांडा कर श्रेष्ठ गोलकीपर जहीर ज़िया द्वारा एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया शमशुज्जुहा पूर्व में टांडा के श्रेष्ठ गोल कीपर रहे है जो रहमानिया फुटबॉल क्लब से 15 वर्षों तक जुड़े रहे।

## श्री राम लीला का मंचन का हुआ शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर में आदर्श श्री रामलीला कमेटी नगर पंचायत दढ़ियाल का बुधवार की रात को भाजपा नेता अंकुश चौधरी द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इससे पहले पंडित त्रिलोकी दत्त शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत हवन, पूजा अर्चना की गई। पीलीभीत से आए कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। नारद मोह, और श्री राम जन्म के साथ आगे की लीला शुरू हुई। इस मौके पर रमेश चन्द्र चौहान, श्री पाल चौहान, योगेन्द्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवनीत चौहान, अमित चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर शाहबाद में गुरुवार को भाजपाइयों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदस्य राष्ट्रीय परिषद सुभाष भटनागर जी,भाजयुमो नगर अध्यक्ष सुमित भटनागर,महेश गुप्ता,वेद प्रकाश चंद्रवंशी ,विनोद चंद्रवंशी,विवेक शर्मा,गंगा सहाय,रनवीर सिंह,अनुज चौहान,पीयूष गुप्ता,विनोद चंद्रवंशी,रवि किशन बाजपेई,कुलदीप भटनागर,चमन मियां आदि लोग उपस्थित रहे

## कैकई दशरथ संवाद और राम वनवास देख दर्शक हुए भावुक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में गुरुवार रात राजतिलक की तैयारी, केकई दशरथ संवाद, वन गमन, निषाद मिलन, केवट संवाद आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, विशाल शर्मा, संजू बाबा, संजू प्रजापति, नवनीत सक्सेना, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, देवेश गुप्ता, रामेंद्र गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, धर्मवीर यादव, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, जगन सिंह लोधी, सोनू शर्मा, राजीव लोचन, मिंटू गुप्ता, राहुल शर्मा, मक्खन लाल सैनी, ओपी सक्सेना, अखिलेश बिसारिया आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विजन 2047 अभियान की समीक्षा बैठक



**रामपुर।** बैठक में जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों, विकास खण्डों एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों में गोष्ठियों का आयोजन कराकर प्रत्येक ग्राम पंचायत से नागरिकों के ऑनलाइन सुझाव प्राप्त कराए जाएं। प्राप्त सुझावों में नागरिकों के मोबाइल नंबर भी गूगल शीट पर भरे जाएं, जिससे आगे की कार्यवाही में सुविधा हो।

### सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रामपुर।** बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम आवास, एनआरएलएम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, निपुण भारत, कौशल विकास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा सचिवों के साथ नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। साथ ही अधिकारियों को अपने-अपने विकास क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यों का जायजा लेने के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**रामपुर ।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में आज समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया द्य इसमें विद्यालय की छात्राओं ने वर्किंग मॉडल ,नॉन वर्किंग मॉडल एवं चार्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान के उपयोग की प्रदर्शित किया । इस प्रतियोगिता में वर्किंग मॉडल में कक्षा 12 की छात्रा कुमारी इफरा ने प्रथम, कक्षा 11 की छात्रा महक माजिद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । सर्वप्रथम विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉज़ शालू कौशल ने किया । प्रदर्शनी को सफलतापूर्वक आयोजित करने में श्रीमती शमीम खान और कुज़ अफीफा खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अरविंद कुमार भास्कर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज टांडा उपस्थित रहे ।

## ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद।** ग्राम नादरगंज के ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी विकास कार्य को कागजों में दिखाकर पंचायत निधि से रुपया निकाले निकाले जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान के द्वारा अंबेडकर पार्क में विकास कार्य के नाम पर, आंगनबाड़ी व प्राइमरी स्कूल में स्मार्ट क्लास के नाम पर एवं पंचायत में सरकारी हैंडपंपों की मरम्मत हेतु ग्राम पंचायत निधि से पैसा निकाला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाए। उपजिलाधिकारी ने वीडियो को जांच करने का आदेश देकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ज्ञापन देते समय मनवीर सिंह, अनिल कुमार, हरिओम, रामौतार, श्याम सुंदर, रविंदर, सुबोध कुमार सहित अनेकों ग्रामीण रहे।

## फार्मेसी काउंसिल और आईपीसी के बीच समझौता

**बिलासपुर।** स्टेट फार्मेसी काउंसिल और इंडियन फार्माकोपिया कमीशन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आज एक होटल सभागार, में एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव, ओएसडी/शासन नामित सदस्य ने किया। गोष्ठी में नेशनल फार्मूलरी ऑफ इंडिया को प्रदेश के पंजीकृत फार्मासिस्टों में प्रचलित करने हेतु एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए।

## राम वनवास देख दर्शक हुए भावुक

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में गुरुवार रात राजतिलक की तैयारी, केकई दशरथ संवाद, वन गवन, निषाद मिलन, केवट संवाद आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया। मंचन की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान के स्वरूपों की आरती से हुई। फिर राजतिलक की संपूर्ण तैयारी का दृश्य दिखाया गया।मंचन में दिखाया गया कि जब भरत अपने घर जाते हैं तब माता कैकई से मिलते हैं माता कैकई भरत को यह समाचार सुनाती है कि उन्होंने अपने दो वचन राजा दशरथ से मांग लिए है जिसमें राम को 14 वर्ष का वनवास और राजा भरत को राजपाट।

## परीक्षा की बढ़ायी गयी अंतिम तिथि

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ायी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि इस परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24 सितम्बर 2025 निर्धारित की गयी थी, जिसे बढ़ाकर 04 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन आवेदकों द्वारा आवेदन में कोई त्रुटि हुई है तो उसमें संशोधन करने की तिथि 05 से 07 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गयी है।

## दो अपराधी गिरफ्तार



**स्वार।** पुलिस अधीक्षक, जनपद रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देशन में आज दिनांक 25/09/2025 को थाना स्वार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम शेखूपुरा मे चकरोड के पास खेतों के किनारे से 02 अभियुक्त 1.जमील अहमद उर्फ कलुआ पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम रतुआनगला मोहनपुरा थाना टाण्डा जिला रामपुर, 2.इन्तेजार पुत्र शरीफ निवासी ग्राम खेडा गजरौला थाना टाण्डा जिला रामपुर को एक ट्रक चोरी का खुर्द बुर्द दशा मे गैस कटर से कटा हुआ (रजि0 नंबर PwwAT1786 चैचिस नंबर MAT447224G2श्व12496 व इंजन नंबर 61E63520823) व ट्रक काटने उपकरण, आक्सीजन गैस सिलेन्डर, एलपीजी गैस सिलेन्डर, गैस कटर, दो चाकू नाजायज व एक मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के साथ गिरफ्तार किये गये

## छात्रा को 01 दिवस के लिये बनाया क्षेत्राधिकारी



**स्वार ।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत जनपद रामपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में विशेष पहल की गई । इसी क्रम में आज दिनांक 25.09.2025 को डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वार जनपद रामपुर की 10वीं की छात्रा कु0 अनम को एक दिवस के लिए क्षेत्राधिकारी, स्वार बनाया गया। इस अवसर पर कु0 अनम को उत्तर प्रदेश पुलिस कार्यप्रणाली एवं उच्चाधिकारीगणों के आदेश-निर्देशों से अवगत कराते हुए अभिलेखों का निरीक्षण कराया गया । कु0 अनम द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्य का निर्वहन करते हुए दैनिक कार्य किया गया । साथ ही थाना स्वार पर संचालित मिशन शक्ति केन्द्र का भी भौतिक निरीक्षण कराते हुए उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई ।

## नगर पंचायत में एक दिन, एक घंटा अभियान शुरु





**सैफनी।** स्वच्छ भारत अभियान को गति देते हुए गुरुवार को सैफनी नगर पंचायत द्वारा अंबेडकर चौराहे पर एक विशेष महा सफाई अभियान का सफल आयोजन किया गया। %एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान% थीम पर आधारित इस अभियान में नगर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति उनकी सामूहिक जिम्मेदारी का बोध कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता को जिम्मेदारी के रूप में बढ़ावा देना ही स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने नगरवासियों से भारत को स्वच्छ, कचरा मुक्त और स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। फैजान खान ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी, जिसमें व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वच्छता दोनों को बनाए रखने पर ज़ोर दिया गया।

## महिला और 3 साल के बच्चे की मौत



**सैफनी।** देर शाम सैफनी नगर के शाहबाद बिलारी मार्ग पर बाजार के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा में सवार एक महिला और एक बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, शाहबाद के नंदगांव निवासी एक परिवार के लगभग 10 लोग ई-रिक्शा में सवार होकर पीतपुर में एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

# सरपंच सुंदर लाल यादव के नेतृत्व में पंडित दीन दयाल को दी श्रद्धांजलि, लगाए पेड़

● नगर निगम मानेसर के बूथ संख्या-136 व 137 पर किया गया आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर के बूथ संख्या-136 व 137 पर अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भाजपा हरियाणा के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक सुन्दरलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष गुरुग्राम महानगर प्रिंस चाहर, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रीति जोशी, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, मंडल प्रभारी कृष्ण यादव सहित पार्टी के अनेक गणमान्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण भी किया गया। यह पहल समाज और आने वाली पीढिड़्यों के लिए हरित व स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। सभी उपस्थित अतिथियों व कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संकल्प लिया और राष्ट्रहित में उनके आदर्शों को मार्गदर्शक मानने का आह्वान किया। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय का संदेश आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन देता है।सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास राजस्थान हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था। नागला चंद्रभान दीनदयाल जी का पैतृक गांव था, और नगला चंद्रभान (फरह, मथुरा) के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे। रेल की नौकरी होने के कारण उनके पिता का अधिक समय बाहर ही बीतता था।

# जीएसटी रिफॉर्म और स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल से आत्मनिर्भर भारत बनेगा: रेखा शर्मा

● आत्मनिर्भर भारत के संकल्प अभियान की शुरूआत जीएसटी रिफॉर्म से हो चुकी हैं-रेखा शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर भाजपा गुरुग्राम जिला कार्यालय गुरुकमल में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इस कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा एवं राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा शामिल हुई। रेखा शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हुए जीएसटी रिफार्म से और देश मे निर्मित स्वदेशी वस्तुओं के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। रेखा शर्मा ने भाजपा कार्यकताओं को जीएसटी रिफार्म से सभी देशवासियों को होने वाले फायदे के बारे में बताया और कहा कि आप सभी भाजपा कार्यकताओं की भी यह जिम्मेदारी हैं कि अपने आसपास रहने वाले लोगों को जीएसटी रिफार्म के फायदों को बताना हैं। स्वदेशी वस्तुओं के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए भी भाजपा कार्यकताओं को निर्देश दिए और कहा कि अपने देश मे निर्मित वस्तओं के इस्तेमाल करने और आप सभी के सहयोग करने से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्धि प्राप्त करेगा।भाजपा हरियाणा की प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ ने भी उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को अपने देश मे निर्मित स्वदेशी वस्तओं के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की बात कही और कहा कि अपने सभी परिवारजनों, मित्रों एवं रिश्तेदारों को भी स्वदेशी वस्तओं के इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने सभी कार्यकताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर बधाई दी और कहा कि उनके दिखाए पदचिन्हों पर चलकर हमे मिलकर आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करना हैं, अंत्योदय के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हमें स्वदेशी वस्तओं का इस्तेमाल बढ़ाना होगा।आज की इस जीएसटी एवं आत्मनिर्भर संकल्प अभियान की कार्यशाला में भाजपा गुरुग्राम के दोनों जिला महामंत्री अजित यादव, मनीष सैदपुर, जिला उपाध्यक्ष हितेश भारद्वाज, हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के प्रमुख शैलेन्द्र पांडे, सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक महेश यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी, भाजपा जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ताऊ देवीलाल ने सदा किसान और कमेरे की लडाई लड़ी : दिग्विजय चौटाला

● ताऊ देवीलाल ने बुढापा पैंशन देकर किया बुजुर्गो का सम्मानः सुरेंद्र ठाकरान



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जननायक जनता पार्टी गुरूग्राम ने सैक्टर 38 के ताऊ देवीलाल स्टेडियम मे जगत ताऊ और पूर्व उप प्रधानमन्त्री जननायक चौधरी देवीलाल की 112वी जयंती मनाई। आज ताऊ देवीलाल की जन्म जयंती कार्यक्रम मे मुख्यातिथी के रूम मे पुष्प अर्पित करने पहुँचे युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला जी। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता जेजेपी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकरान ने की। इस कार्यक्रम से पहले सभी पदाधिकारीयो और कार्यकर्ता साथियो ने मिलकर गुरूग्राम के पटौदी के मानेसर , सैकटर 23 , सोहना और ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरूग्राम मे ताऊ देवीलाल की प्रतिमा को साफ किया और पुष्प अर्पित किए इसके बाद सभी जेजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथी ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरूग्राम मे एकत्रित हुऐ और युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला जी नैत्रत्व मे ताऊ देवीलाल अमर रहे के जोरदार नारो के साथ पुष्प अर्पित किए। पुरे भारत मे सबसे पहले हरियाणा के बुजुर्गो को पैंशन रूपी सम्मान दिया । इसलिए आज भी ताऊ देवीलाल हर हरियाणा वासी के दिलो मे बसते है। ऐसी महान आत्मा मरकर भी अमर हो जाती है। आज कार्यक्रम मे पूर्व विधायक गंगाराम , कृष्ण गाडौली, राहूल यादव फाजीलपुरिया, विनेश गुजर, दलबीर धनखड, नरेश दहिया, रत्न शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष संतोष धारीवाल, दिलबाग महलावत, प्रदीप धनवापुर, दीपक डागर, ऐडवोकेट मेघराज यादव, संदीप कूंडू, मुकेश लक्कड, सतबीर लाकडा, बल्ले चैयरमैन, रामनिवास फौजी, सन्नी कटारिया, नागेंद्र डागर, प्रहलाद बसई, बलबीर दहिया, रविन्द्र कटारिया, प्रदीप ठाकरान, और गुलाब पंघाल आदी मौजूद रहे।

# नव नियुक्त चेयरमैन दया राम लोहिया और वाइज चेयरमैन अशोक बंसल ने लिया कृष्ण मुखी का आशीर्वाद



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** नवनियुक्त मार्केट कमेटी सोहना के चेयरमैन दयाराम लोहिया व उप चेयरमैन अशोक बंसल भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्ण मुखी के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर पहुंचे और उन्हें चेयरमैन के पद पर नवाजे जाने पर आशीर्वाद दिया और मुबारिक वाद दी।इस अवसर पर चेयर मैन और वाइज चेयरमैन का मुंह मीठा कराया और बधाई दी।जहां चेयरमैन दया राम लोहिया ने कहा सब बुजुर्गों का आशीर्वाद है।इनके पदचिन्हों पर चलना हमारा दायित्व है जिसके चलते आज पार्टी ने हमे इस कदर समझा और सोहना मार्किट कमेटी के पद पर सुशोभित किया।मै हमेशा शहरवासियों और शहर के व्यापारियों के हित में विधायक तेजपाल तंवर से अधिकारियों से समस्याओं का समाधान कराने का मेरा दायित्व रहेगा मेरा पूरा प्रयास रहेगा।आज मार्किट कमेटी पिछले कई वर्षों से खाली थी जिसकी क्षतिपूर्ति मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में नियुक्ति कर पूरी की है।आज भाजपा की नियत और नीतियों पर चलते हुए हम मार्किट कमेटी के अंतर्गत आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे। मै मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी,प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली,पार्टी हाईकमान और विधायक तेजपाल तंवर का आभार और धन्यवाद करता हैं जिन्होंने मुझे इतना सम्मान दिया। जल्द ही अनाज मंडी में आढ़तियों व्यापारियों से मिल उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे ,जो सुविधाएं यहां होनी चाहिए जिसमें उनकी सुरक्षा ,सफाई ,पानी,जलभराव ,कर्मचारियों की कमी सहित अन्य समस्याओं पर अवश्य गौर किया जायेगा और उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## समाचार

# रक्तदान कर जरूरतमंद को दे जीवनदान: जितेंद्र कुमार

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** शहर थाना में सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद को जीवन दान देने का कार्य किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि ए सी पी जितेंद्र कुमार एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने भी रक्तदान किया। ए सी पी जितेंद्र कुमार ने रक्तदान शिविर के दौरान पत्रकारवार्ता में बताया किरक्तदान, स्वेच्छा से रक्तदान करने की प्रक्रिया है ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके, जैसे दुर्घटना के शिकार लोग, ऑपरेशन के दौरान मरीज, या कम रक्त स्तर वाले लोग। ब्लड बैंक इस रक्त को संग्रहित और वितरित करते हैं। रक्तदान को एक उदार और जीवन रक्षक कार्य माना जाता है जो सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार करता है।रक्तदान करने से व्यक्ति में रक्त की कमी नहीं होती बल्कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति की रक्त कोशिकाएं स्वयं खुल जाती है । व्यक्ति को एक साल में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। आज के इस रक्तदान शिविर में लगभग 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमें हमारे थाना प्रभारी,चौकी इंचार्ज सहित जवानों ने बढ़चढकर भाग लिया।सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।यह रक्तदान शिविर नागरिक अस्पताल सेक्टर दस गुरुग्राम के ब्लड बैंक के सौजन्य से किया गया ।जिसमें सेक्टर दस सिविल अस्पताल से डॉक्टर मोनारीका ,स्टाफ कर्मी आदि मौजूद रहे।




# गुरुग्राम में मेगा श्रमदान दिवस आयोजित, विधायक मुकेश शर्मा ने सेक्टर-14 से किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत वीरवार को गुरुग्राम में मेगा श्रमदान दिवस (एक दिन, एक घंटा, एक साथ) बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अभियान की शुरूआत गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने सेक्टर-14 मार्केट से की।विधायक ने वार्ड पार्षद अनूप सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वार्ड निवासियों तथा स्वच्छता सैनिकों के साथ मिलकर सेक्टर-14 मार्केट में सफाई अभियान चलाया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने घरों के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों की सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों को अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित श्रमदान करें और कचरा प्रबंधन में सहयोग दें। वहीं, स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे आगे भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मेगा श्रमदान दिवस के दौरान सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर न केवल सफाई की, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ गुरुग्राम बनाने का संकल्प भी लिया।

# जीएसटी बचत उत्सव में गुरुग्राम व्यापारियों संग विधायक मुकेश शर्मा का संवाद

● जीएसटी सुधारों व स्वदेशी को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सदर बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने व्यापारियों के साथ जीएसटी सुधारों और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर चर्चा की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में यह आयोजन स्थानीय व्यापारी समुदाय में उत्साह जगाने में सफल रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई जीएसटी दरों से होने वाली बचत और कर प्रणाली में पारदर्शिता के बारे में जागरूकता फैलाना था। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में 3 सितंबर को लिए गए फैसले के अनुसार, जीएसटी दरों को अब केवल दो स्लैब्स—5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत किया गया है। पहले दैनिक उपयोग की वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स (जैसे अउ, फ्रिज, वॉशिंग मशीन), और फर्नीचर पर 28% जीएसटी लगता था, जो अब घटकर 18% हो गया है। उदाहरण के लिए, 36,000 रूपए का एयर कंडीशनर अब 30,000 रुपए में उपलब्ध होगा। यह कटौती उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ कम करेगी और त्योहारी सीजन में व्यापार को बढ़ावा देगी।विधायक मुकेश शर्मा ने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और बेचने की अपील की। जागरूकता रैली में उन्होंने व्यापारियों को फूल देकर स्वदेशी को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। यह पहल आत्मनिर्भर भारतह्न के विजन को मजबूत करने का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।इस अवसर पर गुरुग्राम नॉर्थ से डीईटीसी शोभिनी गुप्ता, ईटीओ आकाशदीप, चाप सिंह, पार्षद आशीष गुप्ता, सुभाष सिंगला तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# आज उपासक करेंगे मां कूष्मांडा की उपासना

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है। आज शुक्रवार को चौथे नवरात्रे पर उपासक मां कूष्माण्डा की उपासना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था तब मां कूष्माण्डा ने अपने हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी, कूष्माण्डा मां ही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति हैं, इनके पूर्व प्रमाण का अस्तित्व था ही नहीं, मां का निवास सूर्यमण्डल के भीतर के लोक में है, इनके शरीर की कांति और प्रभाव सूर्य के समान ही दैदीप्यमान और भास्वर है। मां के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित होती हैं, मां की 8 भुजाएं हैं, इनको अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता है। इनके 7 हाथों में कमण्डलु, धनुष-बाण, कमल पुष्प, अमृत कुण्ड कलश, चक्र तथा गदा है, 8वें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। मां का वाहन सिंह है। मां की उपासना करने से श्रद्धालुओं के समस्त रोग, शोक भी नष्ट हो जाते हैं, उनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां भक्तों की अल्पसेवा से ही प्रसन्न हो जाती है। मां की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेष्ठतम मार्ग है।




# पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण का हुआ शुभारंभ

● समाज के अंतिम पंक्ति तक सुविधा पहुँचाने के संकल्प को निरन्तर साकार कर रही हरियाणा सरकार : राव नरबीर सिंह



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ होना अत्यंत सुखद है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि हमारी माताओं-बहनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का प्रयास है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में इसका वायदा किया था और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इसे जमीनी हकीकत में बदलकर यह दिखा दिया है कि हमारी सरकार वादे नहीं, संकल्प पूरे करती है।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री वीरवार को सेक्टर 10 स्थित नागरिक अस्पताल में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया था।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़ेंगी। हृएक सामान्य महिला, जिसकी उम्र 23 साल से अधिक है और परिवार की आय एक लाख रुपए से कम है, अब 60 साल तक हर महीने 2100 रुपये प्राप्त करेगी। भविष्य में इस स्लैब को और बढ़ाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बहनों को इसका लाभ मिल सके। यह दिन केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि हरियाणा के हर परिवार के लिए बड़ा दिन है।

**पंजीकरण और स्वास्थ्य जांच शिविर में दिखा महिलाओं का उत्साह**

आयोजन स्थल पर विशेष पंजीकरण कैंप के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए गए थे। बड़ी संख्या में महिलाएं मौके पर पंजीकरण कराने पहुंचीं और साथ ही स्वास्थ्य जांच कराकर अपने स्वास्थ्य की जानकारी भी प्राप्त कर रही थीं। शिविर में बबीता निवासी राजेंद्र पार्क, पूनम निवासी नई बस्ती, ममता निवासी दौलताबाद, पूजा मंडल निवासी पटेलनगर, बिमलेश निवासी बुढ़ेड़ा, ज्योति, संजू व सुनीता आदि सहित अन्य महिलाओं का उत्साहपूर्ण माहौल यह दर्शा रहा था कि यह योजना महिलाओं की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने वाली है। कई महिलाओं ने कहा कि आज के इस मौके ने उन्हें आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी दी है।

**उप मंडल स्तर पर भी आयोजित किए गए थे कार्यक्रम**

योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप देते हुए उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिसमें पटौदी उपमंडल में स्थानीय विधायक बिमला चौधरी, सोहना में विधायक तेजपाल तंवर, सेक्टर 31 पॉलीक्लिनिक में विधायक मुकेश शर्मा तथा मानेसर उपमंडल में पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा मुख्य अतिथि रहे।इस अवसर पर डीसी अजय कुमार, सीएमओ डॉ अलका सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, जिला कल्याण अधिकारी लाल चंद, डिप्टी सीएमओ डॉ जयप्रकाश, डॉ अनुज गर्ग, डॉ मनीष राठी,डॉ नीलिमा अनीस, स्वच्छ भारत मिशन से डीपीएम पिंकी यादव, जिला समाज कल्याण विभाग से सहायक कंचन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जीतो गुरुग्राम चौप्टर एवं जीतो महिला विंग ने उड़ान-2025 प्रदर्शनी की आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जीतो महिला विंग गुरुग्राम चैप्टर द्वारा जेआईटीओ नॉर्थ जोन एवं जेआईटीओ लेडीज विंग के बैनर तले उड़ान-2025 प्रदर्शन अपैरल हाउस गुरुग्राम में आयोजित की गई। एक दिवसीय इस आयोजन में 150 से अधिक प्रदर्शक और 3,000 से ज्यादा आगंतुक शामिल हुए। चमचमाते सॉलिटेयर गहनों से लेकर शुद्ध गौघृत तक किताबें, किचन वेयर, होम डेकोर, फैशन, दिवाली डेकोर, हैंडबैग और शिल्पकारों के हैंडलूम उत्पाद दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अंशु सिंगला (आईपीएस), टीओआई के सीओओ एवं बोर्ड मेम्बर मोहित जैन, रमण जैन (डायरेक्टर जीतो एपैक्स एवं चेयरमैन नॉर्थ जोन) सहित नॉर्थ जोन के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में कल्चर सर्किल का इंटरऐक्टिव फोटो बूथ, आर्ट वर्कशॉप, लकी ड्रॉ और विशेष कला दीर्घा ने माहौल को और भी रोचक बना दिया। साधार्मिक स्टॉल्स को रियायती दरों पर उपलब्ध कराकर घर से लघु उद्योग चलाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया। जीतो गुरुग्राम चैप्टर चेयरमैन शैलेष जैन ने बताया कि श्रमदान व चल-चरखा द्वारा तिहाड़ जेल के कैदियों और ग्रामीण कारीगरों के उत्पादों ने अहिंसा एवं गरिमा आधारित रोजगार का संदेश दिया। पूरे दिन आगंतुकों को सात्विक जैन भोजन परोसा गया।

# इनेलो जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन हजारों कार्यकताओं व सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ सम्मान दिवस समारोह में हुए शामिल

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** गुरुवार को नूंह से इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट अपने हजारों कार्यकताओं व सैंकड़ों गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ रोहतक में आयोजित हुए जन नायक चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस के अवसर पर सम्मान दिवस समारोह में शामिल हुए । कार्यकताओं में भारी जोश व उत्साह देखने को मिला । ताहिर हुसैन के नेतृत्त्व में कार्यकर्ता पार्टी की पगड़ी, झंडे व पटका पहनकर नारे लगाते हुए रोहतक के लिए रवाना हुए । मेवात क्षेत्र से हजारों लोग रोहतक के लिए रवाना हुए । सुबह करीब 7 बजे से 10 बजे तक सड़कों पर इनेलो पार्टी की गाड़ियों के अलावा कोई वाहन दिखाई नहीं दिया । उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय चौधरी देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का मेवात क्षेत्र व मेवात के लोगों से हमेशा विशेष लगाव रहा है । मेवात के लोगों ने भी हमेशा इस परिवार को बढ़ चढ़कर प्यार दिया है । उसी प्यार और सम्मान की वजह से हजारों की संख्या में लोगों ने रोहतक पहुंचकर अपने प्रिय नेताओं को खिराज ए अकीदत पेश की । इनेलो जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन ने मेवात क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का धन्यवाद व आभार जताया ।

# जगत ताऊ देवीलाल जी का 112 वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया- नासिर हुसैन अड़बर



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** जेजेपी जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर की अध्यक्षता में हरियाणा के महान जननायक जगत ताऊ चौधरी देवीलाल की 112वां जन्मदिवस जिला नूहं के गांव हिलालपुर में बड़े हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण करके की गई। जहां उपस्थित जनसमूह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर, ताऊ देवीलाल जी के संघर्षकाल के साक्षी रहे वरिष्ठजनों को पगड़ी बांधकर और चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके योगदान और समर्पण को नमन करने का प्रतीक रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन बदरूद्दीन ने कहा कि जगत ताऊ देवीलाल न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के किसानों, मजदूरों और गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा और हक की लड़ाई में समर्पित किया। आज का दिन हमें उनके सिद्धांतों, विचारों और संघर्ष को याद करने का अवसर देता है, जिससे हम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें।" उन्होंने बताया कि जननायक चौधरी देवीलाल ने सबसे पहले वरिष्ठ नागरिकों के लिए 100 रुपये मासिक पेंशन योजना की शुरूआत की थी। ताऊ देवीलाल के सिद्धांतों और विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सरकार में रहते हुए बुजुर्गों की पेंशन राशि को बढ़ाकर 3000 रुपये किया।उन्होंने यह विश्वास जताया कि वर्ष 2029 में यदि जननायक जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती है, तो दुष्यंत चौटाला ताऊ देवीलाल के सिद्धांतों को आधार बनाकर जनकल्याणकारी नीतियों को और मजबूती से लागू करेंगे।

# गुडगांव शहरी कांग्रेस कमेटी रविवार 28 सितंबर को चलाएगी वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

**-जिला अध्यक्ष शहरी पंकज डावर की कार्यकताओं के साथ बैठक में लिया गया निर्णय**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की ओर से देश भर में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को गुडगांव में गति प्रदान करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी, गुरुग्राम (शहरी) के अध्यक्ष पंकज डावर ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित ली। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने गुरुग्राम में हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को गुरुग्राम शहर में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सदर बाजार क्षेत्र में जुलूस निकालकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह जुलूस प्राचीन हनुमान मंदिर सदर बाजार के पास से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए सोहना चौक तक निकाला जाएगा।



P-10:28 paga09_jhn.qxd 9/25/2025 8:53 PM Page 1



# तावडू के राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज गतिविधियां आयोजित की गई



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू, (मेहंदीरत्ता)।** उपमंडल के गांव बावला में स्थित हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के तत्वाधान में अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रतिभा खोज गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें सांस्कृतिक कमेटी के प्रभारी प्रोफेसर राजेंद्र सिंह के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन का कार्य प्रोफेसर शीशान द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य ऋषि कुमार जून द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, भाषण, कविता एवं गायन इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक समिति के सदस्य योगेश त्यागी, डॉ प्रताप, योगिता शर्मा तथा डॉ प्रीति ने सराहनीय योगदान दिया तथा साथ ही निर्णायक मंडल का दायित्व भी संभाला। इसके अलावा डॉ सूबे सिंह, मंजीत, डॉ प्रवीण एवं तौफीक ने आयोजन के आयोजन में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता में छात्र हुमा ने राष्ट्रीय मुद्दे पर अपना भाषण दिया। एक राष्ट्र को विश्व प्रभुत्व बनाने के लिए बनाने के लिए महिलाओं समाज में प्रमुख स्थान देना मुख्य बताया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रिया, वसुंधरा, सोनल, गायत्री, मुस्कान इत्यादि ने भाग लिया। उन्होंने हरियाणवी लोक नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता में हुमा, खुशबू, जाहिद, काजल के अलावा लगभग 22 प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर योगेश त्यागी द्वारा किया गया।

# श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा 25वां दशहरा की तैयारियां जोरों पर



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा 25वां दशहरा बराही तालाब ओल्ड फरीदाबाद में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर कमेटी के प्रधान सन्नी नारंग एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परविंदर मल्होत्रा ने बताया कि दशहरे की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है और इसी को लेकर आज एक मीटिंग का आयोजन सभी सदस्यों के साथ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार दशहरे पर ऑपरेशन सिंदूर की झलक के साथ कई भव्य सुंदर झांकियां देखने को मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया की आगामी 29 सितंबर को गोपी कालोनी चौक स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम से महावीर स्वरूप में सेवादार विशेष दडोंत यात्रा ओल्ड फरीदाबाद शहर के बाजारों से होते हुए निकालेंगे जो वापिस आश्रम तक पहुंचेंगी। जिसके लिए तमाम सेवादार चालीस दिन पहले से ही व्रत रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार रावण का पुतला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहने वाला है क्योंकि कारीगरों द्वारा जहां रावण के पुतले में विशेष लाइटिंग देखने को मिलेगी वही रावण के हाथ में पकड़ी हुई तलवार हाथ समेत लहराती हुई नजर आएगी। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व राजनैतिक सचिव मुख्यमंत्री अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, पार्षद सचिन शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत आर्य विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहीं आज की इस मीटिंग में पूर्व पार्षद सुभाष आहूजा, सखी सरवर बिरादरी के प्रधान पवन डावर, समाजसेवी हंस आहूजा, अशोक ढींगड़ा, कार्यक्रम के सह अध्यक्ष सतीश आहुजा एडवोकेट,कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, उपप्रधान संजय अरोड़ा, महासचिव पीयूष ग्रोवर, समाजसेवी पंकज नारंग, सह मेला मंत्री सचिन सैनी, शुभम अरोड़ा, रिंकू गर्ग पंकज सेंट्रल मार्किट व अन्य सेवादार मौजूद रहे। जिन्होंने आगामी 29 सितंबर को होने वाली दडौत यात्रा में शामिल होने, 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व में शामिल होने व 3 अक्टूबर को भरत मिलाप मेले में शामिल होने का सभी शहरवासियों को निमंत्रण दिया।

# तावडू में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की। इस योजना का शहर में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष जान मोहम्मद ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाइव प्रसारण में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जिला परिषद अध्यक्ष जान मोहम्मद ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर को उन्नत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 21 सौ रूपए की वित्तीय सहायता मिलेगी जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक सहायता से महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा मिलेगी और वे समाज में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। सरकार का लक्ष्य है कि तावडू उपमंडल की हर महिला को योजना का लाभ मिले। उन्हें कोई बाधा न होए और इस प्रकार हम क्षेत्र में सामाजिक सुधार एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करें। समारोह के दौरान महिलाओं को आवश्यक दस्तावेज व पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कई महिलाओं ने मौके पर ही जरूरी फॉर्म भरे और प्रभारी अधिकारियों ने उनकी सहायता की। उन्होंने कहा कि यह योजना उन महिलाओं के लिए है जिनकी उम्र 23 साल या उससे अधिक है। इसका लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को मिलेगा जिनके परिवार की सालाना आय 1 लाख रूपए से कम है। इसके अलावा जो महिलाएं या उनके पति किसी अन्य राज्य से शादी के बाद हरियाणा में 15 साल से स्थायी रूप से रह रहे हैं वे भी इस योजना का फायदा उठा सकती हैं। प्रत्येक पात्र महिला दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के ऐप पर अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर, ऑनलाइन-ऑफलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। यह पहल स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाएगी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य कैंप लगाकर महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई और मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया।

# तावडू में लाडो लक्ष्मी योजना का आज नगर पालिका तावडू में भव्य शुभारंभ किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी लाडो लक्ष्मी योजना का आज नगर पालिका तावडू में भव्य शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य समाज में महिलाओं को सम्मान और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इसके तहत पात्र गृहिणियों के बैंक खातों में मान-सम्मान के रूप में प्रोत्साहन राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका तावडू क्षेत्र की सभी पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका सचिव मोहित हुड्डा ने अहम भूमिका निभाते हुए योजना के प्रावधानों और लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक सहयोग देकर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम है। इस पहले चरण में नगर पालिका क्षेत्र के उन परिवारों की गृहिणियों का पंजीकरण किया गया। जो योजना की पात्रता शर्तों को पूरा करती हैं। पंजीकरण के बाद पात्र महिलाओं को उनके बैंक खातों में सीधे राशि भेजी जाएगीए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शुभारंभ कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता सोनी, राशिद, नमन मेहंदीरत्ता सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने योजना को अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पालिका तावडू द्वारा आयोजित यह शुभारंभ न केवल महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि सरकार समाज के हर वर्ग की प्रगति और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## समाचार

# तावडू में नवरात्र उत्सव के चौथे दिन माता कूष्माण्डा स्वरूप की पूजा श्रद्धा व हर्षोल्लास से की गई

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** नवरात्र उत्सव के चौथे दिन माता कूष्माण्डा स्वरूप की पूजा श्रद्धालुओं द्वारा गुरूवार को श्रद्धापूर्वक की गई। शहर व क्षेत्र के माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरो में पूजा के लिए भक्तों की लंबी लाईने नजर आई। मंदिरों के बाहर पूजा एवं व्रत के सामान की स्टालें लगी हुई थी और श्रद्धालू खरीददारी करते नजर आए। भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों में से चौथा स्वरूप कूष्माण्डा देवी का है। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पहले जब चारों और अंधकार था और कोई भी जीव-जंतु नहीं था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्माण्ड की रचना की थी। कूष्माण्डा मां की सृष्टि की आदिस्वरूपा आदि शक्ति है। मां का निवास सूर्यमण्डल के भीतर के लोक में है। इनके शरीर की कांति और प्रभाव सूर्य के समान ही दैदीप्यमान और भास्वर है। मां के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित होती हैं। इनकी आठ भुजाएं है और माता सिंह पर सवार है। मां कूष्माण्डा के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमण्डल, अमृत से भरा हुआ कलश, बाण और कमल का फू ल है तथा आठवें हाथ में जपमाला है जो सभी प्रकार की सिद्धियों से युक्त है। शहर के माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में माता के चौथे स्वरूप कूष्माण्डा देवी की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक की गई

# चलो जीते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन और विचारों पर आधारित एक प्रेरणात्मक फिल्म: शोभित अरोड़ा



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, राजेंद्र सिंह।** भाजपा जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा ने कहा है कि चलो जीते हैं, फिल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देना बताया और कहा कि यह फिल्म एक आदर्श और प्रेरणात्मक है, चलो जीते हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन की संघर्षपूर्ण यात्रा पर आधारित एक आदर्श फिल्म है, जो स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है, वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं। श्री मोदी ने अपने जीवन में इसी विचार को आत्मसात किया है और कठिन परिस्थितियों में भी समाज सेवा को अपना जीवन-धर्म बनाया। यह फिल्म आत्मचिंतन, जीवन के उद्देश्य और कर्तव्यबोध जैसे गहरे विषयों पर सोचने के लिए प्रेरित करती है।

मोदी जी ने जिन कठिनाइयों का सामना किया, उन्हीं को उन्होंने अपनी शक्ति बना लिया और आज वे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं।

श्री अरोड़ा ने बताया कि चलो जीते हैं फिल्म आज सांई धाम स्कूल के बच्चों के साथ ईएफ-3 मॉल में देखी और इस अवसर पर जिला मंत्री मनीष छोंकर, जिला मंत्री व कार्यक्रम सह संयोजक अनुराधा डीगवाल, अरुणिमा सिंह, नरेन्द्र जैन, ईएफ-3 मॉल के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, सह संयोजक जितेन्द्र गर्ग, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य माधव रावत, राहुल बसोया व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज इस फिल्म की स्क्रीनिंग का अंतिम दिन था और सैकड़ों लोगों ने आज भी इस फिल्म को देखा।

# गुम हुए फोन से निकले थे 1,75,010 रुपये मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** गुम हुए फोन से 1,75,010 रुपये निकालने के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने काबू किया है।पंजाबी वाडा बल्लभगढ निवासी एक व्यक्ति ने थाना साइबर बल्लभगढ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 जून को उसका फोन गुम हो गया था। जब उसने नई सिम लेकर खाता का बैलेंस चैक किया तो पाया की किसी ने उसके खाता से 175010 रूपए निकाल लिए थे। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने अनुसार निवासी मोहन बाबा नगर बदरपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि असार ने शिकायतकर्ता का फोन चोरी किया था और जब शिकायतकर्ता ने अपने फोन पर कॉल किया तो इसने कॉल रिसीव किया। जिसके बाद फोन मालिक की पुष्टि करने के लिए चोर ने शिकायतकर्ता से उसका आधार कार्ड का फोटो अपने नम्बर पर भेजने के लिए कहा और उससे फोन का पासवर्ड भी पूछ लिया। जिसके बाद इसने अपने दोस्त के साथ मिलकर फोन के यूपीआई पिन बदल पैसे अपने चाचा विकास सिंह के खाता में भेज दिये। विकास सिंह को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी पर चोरी के 13 मामले दिल्ली व फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# तावडू में जय भारत रामलीला क्लब के कलाकारों द्वारा राम की लीला का मंचन किया जा रहा है

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला मैदान में जय भारत रामलीला क्लब के कलाकारों द्वारा राम की लीला का मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने गांवों से भी लोग आ रहे हैं। शनिवार रात महाराज दशरथ पहुंचे मिथिलापुरी बारात लेकर। मिथिलापुरी के सभी निवासियों ने हार्दिक स्वागत किया। बारातियों को भोजन कराया गया, उसके उपरांत कन्यादान मंच पर हुआ और सीता माता की विदाई। राजा जनक के यहां से देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इसके बाद राजा दशरथ ने दरबार लगाकर अयोध्यापुरी में ऐलान कराया कि राम को राजतिलक कल होगा। जिस पर मंत्र और कैकई के बीच संवाद हुआ जैसे कैकई ने अपने 2 वचन पूरे करने की बात रखने के लिए कहा। यहां तक प्रभु राम की लीला हुई। राम मोहित शर्मा, लक्ष्मण महेश शर्मा, सीता तरुण मनोचा, जनक मास्टर देवेंद्र मनोचा, सीता की माता सुनैना दीपक शर्मा, महाराजा दशरथ सन्नी मेहंदीरता, भरत शिवम शर्मा, शत्रुघन सतीश खंडूजा, केकई कृष्ण लाल, मोनी मनोचा मंथरा, अजीत शर्मा दरबारी, मोनू नागपाल, लाला राम इत्यादि ने कला का मंचन किया।



# ऑटो चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** ऑटो चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 ने एक आरोपी गिरफ्तार कर चोरीशुदा ऑटो व अन्य मामले में एक चोरी हुए फोन को बरामद किया है। पुलिस चौकी सेक्टर-55 में शिव कुमार निवासी गौच्छी फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 अगस्त को उसने अपना ऑटो सेक्टर-56 हनुमान मंदिर के पास खडा किया था जिसको कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर.58 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रेमराज निवासी 36 गज सेक्टर 3 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान एक अन्य मामले में फोन चोरी के मामले का भी खुलासा किया। आरोपी से एक ऑटो व एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गाडी का साइलेंसर चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** गाडी का साइलेंसर चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भगवान सेवक निवासी सेक्टर 27 फरीदाबाद ने थाना सेक्टर 31 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 सितंबर को उसके मालिक के पास शेर मोहम्मद नाम के व्यक्ति का फोन आया। जिसने कुछ सामान स्प्रिंग फिल्ड एरिया प्लॉट नं 13 से सेक्टर 58 में पहुंचाने के लिये फोन पर गाडी बुक की थी। शिकायतकर्ता जब गाड़ी को लेकर स्प्रिंग फिल्ड एरिया पहुंचा तो शेर मोहम्मद ने गाडी को प्लॉट नं 13 के पास खडा करा दिया और शिकायतकर्ता को प्लॉट नं 16 के पास अकेले आने को कहा। जहां उसे कोई नही मिला तथा वापस आया तो गाडी का साइलेंसर चोरी हो गया था। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर 31 में चोरी कि धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने शेर मोहम्मद निवासी गांव ताजपुर दिल्ली व शान मोहम्मद निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी किसी भी व्हिकल पर लिखे नंबर पर कॉल कर सामान एक-स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का आर्डर देते थे तथा गाडी वहां आने पर चालक को धोखे में रखकर गाडी का साइलेंसर चोरी कर लेते थे। आरोपी शेर मोहम्मद कॉल करता था। दोनों आरोपी दोस्त है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# तावडू में नपा द्वारा प्रमुख स्थल होली चौक पर भव्य श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गुरूवार को तावडू नगर पालिका द्वारा नगर के प्रमुख स्थल होली चौक पर भव्य श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिन- एक घंटा-एक साथ विषय पर आधारित इस श्रमदान गतिविधि का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी जितेन्द्र गर्ग ने स्वच्छता का संकल्प लेते हुए किया। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव मोहित हुड्डा, नवल किशोर, राशिद, नमन मेंदीरत्ता, मुकीम आदि सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर होली चौक परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया तथा कचरा एकत्र कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को अपील की कि वे अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने में सहयोग करें और श्स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर तावडू का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नियमित रूप से सफाई कार्यों में सहयोग करेगा। नगर पालिका तावडू की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी श्रमदान में भाग लेकर सफाई का महत्व समझा। यह आयोजन न केवल सफाई का प्रतीक बना बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।




# लडाई झगडे के मामले में थाना खेडीपुल की टीम ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** लडाई-झगडे के मामले में थाना खेडीपुल की टीम ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना खेडीपुल में शीतल निवासी सेक्टर-16ए फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि धर्मेन्द्र दूधवाला जो उसकी दुकान के पास रहता है तथा उसके प्लाट पर गाय जबरदस्ती बांधता था जिसको उसने कई बार गाय बांधने से मना किया जिसकी वह रंजिश रखने लगा। 4 सितम्बर की रात करीब 11 बजे अभिषेक ने उसके बेटे रक्षक को कॉल करके घर के नीचे बुलाया जहां पहले से ही 10-15 लडके खडे थे। जिन्होंने नीचे आते ही उसके बेटे के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिनकी आवाज सुन कर वह नीचे आया और अपने बेटे को लडाई से निकाल कर उसे अस्पताल लेकर गया। आरोपी उनका पीछा करते हुए अस्पताल पहुचे जहां उन्होंने उनके साथ मारपीट की जिसमें उनको गंभीर चोटे आई। जिस शिकायत पर थाना खेडीपुल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना खेडीपुल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभिषेक निवासी गांव महरौली जिला गाजियाबाद उप्र हाल भारत कॉलोनी नहरपार, अमित ठाकुर निवासी गांव कंकडबाग जिला पटना बिहार हाल इन्द्रा काम्प्लैक्स खेडी रोड नहरपार फरीदाबाद व मुकेश निवासी गांव हीरागंज जिला प्रतापगढ उप्र हाल भारत कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि धर्मेन्द्र की शिकायतकर्ता के साथ रंजिश थी जिसका बदला लेने के लिए धर्मेन्द्र ने उसके घर में किराये पर रहने वाले अभिषेक को रक्षक को पीटने के लिए कहा था। जिसके बाद अभिषेक अपने कुछ साथियों को लेकर गया और मारपीट की। तीनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# अवैध नशा बेचने व उपलब्ध करवाने के मामलें में 2 आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने कार्रवाही करते हुए 3.502 किलोग्राम गांजा सहित 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 सितंबर को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए पल्ला फरीदाबाद वासी शैलेंद्र को 3.502 किलोग्राम गांजा सहित विनय नगर पल्ला से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना पल्ला फरीदाबाद में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शैलेंद्र 3.502 किलोग्राम गांजा नितिन निवासी प्रहलादपुर दिल्ली से 24000 रुपये में लेकर आया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच बॉर्डर कि टीम ने नितिन को सुरजकुण्ड गोलचक्कर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# मारपीट करने के मामले एक आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** मारपीट करने के मामले पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर बल्लभगढ में अभिषेक निवासी दयालपुर फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 अगस्त को वह घर के बाहर खडा था तभी दो लडके मोटरसाईकिल से पटाखे बजाते हुए वहां से गुजरे तो उसने उन्हें टोक दिया। जिसकी रजिश रखते हुए वो लडके रात के समय अन्य लडको के साथ गाडी लेकर उसे ढूढ़ते हुए आयें जिन्होंने उसे जुन्हैडा गांव के पास रोक लिया और उसके साथ मारपीट की उनमें से एक ने उसे देशी कट्टा दिखा कर जान से मारने की धमकी दी। तभी वहां भीड इक्कठ्ठा हो जिसको देखकर वो वहां से भाग गये। जिस शिकायत पर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए योगेश निवासी गांव बदरौला बल्लबगढ को गिरफ्तार किया है।

# सूदखोर पर पुलिस की कार्रवाई जारी, एक आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा सूदखोरों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैए इसी कड़ी में सूदखोरी के एक मामले में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डाक्टर चेतन निवासी सेक्टर-16 फरीदाबाद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फाईनेंस का काम करने वाले रोहित बैंसला से 31 लाख रूपए 2 प्रतिशत ब्याज पर लिये थे। एक महीने बाद रोहित ने उसे कहा कि 2 प्रतिशत नहीं 10 प्रतिशत का ब्याज देना होगा जिसके लिए वह 3.50 लाख हर महीने ब्याज के तौर पर देने लगा। फिर रोहित ने जान माल का भय दिखा कर उससे खाली चैक ले लिये और उसकी गाडी को अपने नाम करवाने के लिए डाक्यूमेंट पर उसके हस्ताक्षर करवा लिये।

# हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम जुनेजा को पत्नी शोक

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व एयर फोर्स रोड़ व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा की धर्मपत्नी श्रीमती किरण जुनेजा स्वर्गवास हो गया। श्रीमती किरण जुनेजा अपने पीछे एक पुत्र गौरव जुनेजा व पुत्री कनिका के अलावा भतीज जगदीश जुनेजा, मनीष जुनेजा से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा एन.एच. तीन ई ब्लॉक से चलकर सैनिक कालोनी स्थित शमशान घाट पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक धनेश अदलक्खा, सतीश फागना, मेयर प्रवीण जोशी, पूर्व मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, पूर्व विधायक चंदर भाटिया, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद योगेश ढींगड़ा, पार्षद नीरज भाटिया, महेश लोहिया, भगवान सिंह, सुमन बाला, मनोज नासवा, हरिकृष्ण गिरोटी, जसवंत सिंह, प्रेम सिंह खट्टर, सागर दुआ, जगदीश जुनेजा, मनीष जुनेजा के अलावा लोगों शोक व्यक्त किया।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव का सजीव मंचन देख भक्त हुए भाव-विभोर

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित श्री कृष्ण रासलीला के दूसरे दिन गुरुवार को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का मनमोहक अयोजन किया गया। मथुरा से पधारे श्री राधा रानी रासलीला मंडल के कलाकारों ने जन्म और बधाई का ऐसा सजीव मंचन प्रस्तुत किया कि दर्शक भक्ति में सराबोर हो गए। रासलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म की गाथा को बखूबी चित्रित किया। उन्होंने कंस के



कारागार में देवकी और वासुदेव की विपदा, अंधकार को चीरते हुए दिव्य प्रकाश के साथ भगवान के अवतार, और वासुदेव द्वारा नन्हें कृष्ण को सुरक्षित नंदगांव पहुँचाने की मार्मिक घटनाओं को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दशार्या ।जैसे ही मंच पर नन्हें कान्हा के जन्म का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया, पूरा मैदान श्जय कन्हैया लाल की और नंद के घर गोपाल आयोश के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने श्री कृष्ण की जय-जयकार करते हुए अपनी श्रद्धा और हर्ष व्यक्त किया। कृष्ण जन्म के बाद बधाई के दृश्य में गाँव की गोपियों और बृजवासियों की आनंदोत्सव मनाते हुए मनोहारी झाँकियाँ दिखाई गईं, जिसे देखकर श्रद्धालु हर्षित हो उठे। रासलीला के इस भव्य मंचन के बाद भक्तिमय आरती हुई और सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अजय कातीब, अवनीश कुमार शर्मा, गौरव चौहान, दिनेश पुठिया, कुशल अग्रवाल और कमलेश अग्रवाल सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## साइबर अपराध व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी के लिए छात्राओं के साथ गोष्ठी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली ठाकुरद्वारा के प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल के नेतृत्व में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सुरक्षा टीम द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव और विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी के दौरान छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी के बारे में आगाह करते



हुए ऑनलाइन सुरक्षा के गुर बताए गए। साथ ही, उन्हें वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, सभी आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई, जिनमें 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। छात्राओं को इन सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए जानकारीपूर्ण पंपलेट भी वितरित किए गए। टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी रजत बालियान, महिला आरक्षी राखी, महिला आरक्षी शिवानी,महिला मुख्य आरक्षी निशु तोमर, महिला मुख्य आरक्षी पूनम काम्बोज आदि मोजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बहेड़ी में महिलाओं को जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम बहेड़ी में महिला बीट अधिकारी मौसम रानी, उपनिरीक्षक निशि चौधरी व महिला कांस्टेबल शिवानी ने चौपाल लगाकर महिलाओं के साथ गोष्ठी की। इस दौरान टीम ने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, कृषि कर भुगतान, कन्या सुमंगला, प्रधानमंत्री मातृ वंदना जैसी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरकृवूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा 181, पुलिस आपात 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 और साइबर क्राइम 1930 के बारे में भी जागरूक किया। साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। महिला बीट अधिकारी मौसम रानी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत रोजाना अलग-अलग स्थानों पर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ह्लहम भी किसी की बेटी और बहन हैं। यदि सभी समाज में आपसी सम्मान की भावना रखें तो महिला अपराधों में काफी कमी आ सकती है।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर भाजपा कार्यकताओं द्वारा रक्त शिविर का आयोजन

**● 11 भाजपा कार्यकताओं ने किया रक्तदान**

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शरीफनगर में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा कार्यकताओं एवं



आमजनमानस सहित कुल 11 लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया शिविर का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजयप्रताप सिहं ने फीता काटकर किया कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिहं, मण्डल अध्यक्ष हरिओम सिहं, कार्यक्रम संयोजक व मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, ठाकुरद्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ॰ शिल्पी, शरीफनगर सीएचसी अधीक्षक डॉ॰ इन्तखाब आलम, लेखा प्रबन्धक आशू गुप्ता, ठाकुरद्वारा चेयरमैन प्रत्याशी पवन पुष्पद, जिला पंचायत सदस्य राहुल चौहान, मण्डल महामन्त्री शरद विश्नोई, रोहिताश देशबन्धु, खुशीराम सिहं, ब्रजराज सिहं, नितेश नम्बरदार, अमित चौहान, विकास कुमार, संजीव सिहं, गजेन्द्र सिहं, हरिओम राजपूत प्रीतम सिहं आदि उपस्थित रहे ।

## सीएचसी कांठ में 11 महिलाओं के किये गए नसबन्दी ऑपरेशन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में 11 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रस्तावित नसबंदी शिविर में 22 महिलाओं ने नसबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराए थे। चिकित्साधिकधक डॉ राजीव कुमार की उपस्थिति में आज 11 महिलाओं एवं एक पुरुष की सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इस दौरान महिलाओं को नसबंदी के बाद बरतने वाले टिप्स दिए गए। महिलाओं को नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने एवं घर में स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया गया। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को उनके निजी आवास पर एंबुलेंस द्वारा छोड़ा गया। चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह ने महिलाओं के तीमार दारोंसे आग्रह किया कि घर में एवं पड़ोस में सफाई रखें। पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ रविन्द्र कुमार, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा, मैंतरन, बीसीपीएम यशीर, अशोक, विवेक आदि का सहयोग रहा।

## दो दिवसीय बालिका संकुल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के तत्वाधान में आज डी एस एम इंटर कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय बालिका संकुल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डी एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी एवं बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ की प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, डी एस एम इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज एवं जी आई सी मानपुर की छात्राओं ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बिहारी आदर्श की इंशा, 200 मीटर में डी एस एम की मुस्कान, 400 मीटर में बिहारी आदर्श की कनिका, 800 मीटर में डी एस एम की निशू, भाला फेंक में बिहारी आदर्श की अर्शी, हैमर थ्रो में बिहारी आदर्श की नंदिनी, गोला तथा चक्का फेंक में बिहारी आदर्श की वैशाली, लंबी एवं ऊंची कूद में बिहारी की कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी, 200 मीटर में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज की नीतू, 400 मी में बिहारी आदर्श की कामिनी, 800 मीटर में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी, भाला फेंक में बिहारी आदर्श की शमा, हैमर थ्रो तथा गोला फेक में बिहारी आदर्श की फारिया, चक्का फेंक में जीआईसी मानपुर की अलशिफा, लंबी कूद में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी तथा ऊंची कूद में डी एस एम की रुचि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



सब जूनियर वर्ग में 100 मीटर तथा 200 मी दौड़ में जीआईसी मानपुर की पलक प्रथम स्थान पर रही। लंबी कूद में बिहारी आदर्श की आयुषी तथा ऊंची कूद में बिहारी आदर्श की जय चौहान प्रथम स्थान पर रही। परिणाम घोषणा एवं मंच का संचालन चंद्रप्रभा देवी ने किया। खेल प्रतियोगिताओं में डॉ सतपाल सिंह, वासु, नीरज यादव, हरिनाथ यादव एवं शिखा प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पाकबड़ा क्षेत्र के रतनपुर कलां गांव स्थित ग्रोथ सेंटर के जंगल मे पकड़ा गया तेंदुआ

**वन विभाग की टीम द्वारा लगाया गया था तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा**

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बृहस्पतिवार को डींगरपुर मार्ग स्थित रतनपुर कला मे वन विभाग की टीम द्वारा लगाया गया था पिंजरा रात को तेदुंआ फंस गया। चौकी कैंपस के ग्रोथ सेंटर में बृहस्पतिवार की शाम तेंदुआ पकड़ने के लिए कड़ी मेहनत की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है ! ग्रोथ सेंटर और आसपास तेंदुआ दिखाई दिया है। इससे पहले भी कई बार यहां तेंदुए की आहट और मौजूदगी दर्ज हो चुकी है। कभी फैक्टरियों की दीवारों पर तो कभी खाली प्लाटों में झाड़ियों के पास, तेंदुए के कई बार देखे जाने से आसपास के गांवों के लोगों मे दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए की बढ़ती हलचल से विशेष क्षेत्र ग्रोथ सेंटर में काम करने वाले उद्यमी और कर्मचारी भी डरे हुए हैं। कई फैक्ट्रियों के प्रबंधकों का कहना है कि शाम ढलने के बाद कर्मचारी अकेले बाहर निकलने से डरते हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए ग्रोथ सेंटर, परिसर और यूसुफपुर नगलिया गांव में पिंजरे लगवाए हैं। विभागीय टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है, हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता, तब तक उनका डर कम नहीं होगा। स्थानीय लोग प्रशासन और वन विभाग से मांग कर रहे हैं कि तेंदुआ पकड़ने की कार्रवाई तेज की जाए, ताकि फैक्ट्रियों और गांवों में कामकाज सामान्य हो सके। आज कड़ी मेहनत के बाद पकड़ा गया।

## महिला सशक्तिकरण की ओर से कौशल्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** महिला शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला थाना मुरादाबाद में कौशल्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला थाना प्रभारी वंदना सिंह और महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानून, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी समस्या या आपात स्थिति में वे 1090, 112 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत मदद ले सकती हैं। कार्यक्रम में आत्मरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया और छात्राओं को समझाया गया कि वे कैसे खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। जानकारी पाकर छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें समाज में सुरक्षित महसूस कराने में मददगार साबित होते हैं। महिला थाना प्रभारी ने कहा कि महिला शक्ति 5.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके।

## बिजली विभाग के अधिकारी स्थानांतरण के नाम पर कर रहे अपनी मनमानी

**10 साल से एक ही कार्यालय मैं तैनात हैं टीजी 2**

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** बिजली विभाग के अधिकारीयों द्वारा पूर्व में टीजी 2 के स्थानांतरण किए गए थे जिसमें एक ही स्थान पर 7 वर्ष से अधिक तैनात टीजी 2 को अन्य कार्यालय में स्थानांतरण किया जाना था विद्युत वितरण खंड ग्रामीण में एक ही स्थान पर कार्यालय में 10 साल से अधिक समय से टीजी 2 तैनात हैं जिनका स्थानांतरण वर्तमान तक नहीं किया गया बता दे की 2 से 4 वर्ष पूर्व में तैनात टीजी 2 का स्थानांतरण नाम चारे के लिए कर दिया गया व 10 साल से तैनात अन्य टीजी 2 का स्थानांतरण क्यों नहीं किया गया । स्थानन्तरण के नाम पर वितरण खंड द्वितीय से स्थानांतरण हुए एक टीजी 2 को वितरण खंड ग्रामीण में के अंतर्गत साइट पर स्थानांतरण किया गया । जिसको अधिशासी अभियंता ने खंड कार्यालय में तैनात कर लिया । जिसके चलते सभी टीजी 2 के स्थानांतरण को अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया जोकि जांच का विषय है ।

## सर्दी की शुरू होते ही चोरों आंतक शुरू , दीवार काटकर नगदी व जेवरात की चोरी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** सर्दी के शुरू होते हुए नगर व क्षेत्र में चोरों का आंतक शुरू हो गया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने सर्दी की चोरी की शुरूआत करते हुए कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमरावाला में अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, नगदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए । चोर दीवार काटकर घर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरावाला निवासी इदरीश पुत्र कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोर घर की पिछली दीवार को काटकर अंदर घुसे , दो कमरों में रखे सोने चांदी के आभूषण वह कीमती सामान लेकर फरार हो गए । पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि घटना 24 सितंबर 2025 को हुई और यह उसके लिए भारी आर्थिक नुकसान का कारण बनी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल से संपर्क करने का प्रयास किया , लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण जानकारी नही मिल सकी।



## सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर अपने बूथ संख्या 169 पर छजलैट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर वीर सिंह सैनी जिला प्रतिनिधि भाजपा, डाऽ अंगद सिंह चौहान, राजा राम सैनी, अमित सैनी, जयवीर सिंह सैनी, समरपाल प्रजापति, नीरज सैनी, बूथ अध्यक्ष हरपाल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और पौधारोपण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सभी ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## चौदह वर्ष के लिए वनवास गए श्री राम सीता, ओर लक्ष्मण

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बृहस्पतिवार को प्राचीन समय से चली आ रही रामलीला मंच में राम बनवास का मंचन किया गया ! आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पप्पू यादव द्वारा बताया गया की आज राम बनवास का पाठ किया जाएगा ! हिंदू धर्म के रामायण ग्रंथ के अनुसार भगवान मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास मिला था. उनके साथ उनकी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण वन में गए थे. अयोध्या छोड़ तीनों 14 वर्ष तक भारत-भूमि पर विभिन्न स्थानों पर रहे। श्री राम सीता,लक्ष्मण तीनो एक साथ बनो रहे ! वे उत्तरी भाग से लेकर दक्षिण में समुद्र तट पार कर लंका तक गए. इस वनवास काल में श्रीराम ने कई ऋषि-मुनियों से शिक्षा और विद्या प्राप्त की, तपस्या की और भारत के आदिवासी, वनवासी और तमाम तरह के भारतीय समाज को संगठित कर उन्हें धर्म के मार्ग पर चलाया. रामलीला मंच पर सभी कलाकारों ने अपना अपना रोल बखूबी निभाया ! 14 वर्षों के लिए बनवास जाते हुए देख। सभी दर्शकों का मन उदासीन हो गया। रामलीला कमेटी के पद अधिकारी इस प्रकार, सुनील गुप्ता, नरेश सक्सेना,मनीष भटनागर, देवेंद्र कुमार, वेगराम हलवाई, ओमकार सिंह, बबलू त्रिपाठी,रामबाबू भटनागर, जयप्रकाश मंत्री, आदि सदस्य मौजूद रहे।

## एक दिन एक घंटा एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बृहस्पतिवार को नगर पंचायत पाकबड़ा मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 156 घंटे के लिए आयोजित किया गया है ! इस अभियान के दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी, विजय आनंद, चेयरमैन, मोहम्मद याकूब द्वारा समस्त सभासदगण एवं कार्यालय का स्टाफ और सभी सफाई कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान किया। नगर पंचायत पाकबड़ा मे इस अभियान के तहत सभी नगर वासियों को जागरूक किया गया !कि वे भी इस अभियान में अपना श्रमदान देकर प्रतिभाग करें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, जिसमें की सुखा और गीला कचरा अलग-अलग करके अलग-अलग डस्टबिन में रखें। सभी नगरवासी एक साथ मिलकर योगदान दें। इस अभियान के मुख्य अतिथि चेयरमैन मोहम्मद याकूब,अधिशासी अधिकारी विजय आनंद,के साथ वार्ड एक के सभासद रोहित सैनी,वार्ड दो के सभासद बंटी सिंह,वार्ड आठ के सभासद हाजी सरताज, आलम,लिपिक हिमांशु चौहान,भाजपा जिला युवा मोर्चा के जिलामंत्री सुमित दिवाकर,दानिश मलिक,जितेंद्र गोला,केशव गोस्वामी,इरशाद,पंकज सैनी,पुष्पेंद्र सिंह,सलमान, आजम,खान,सद्दाम हुसैन,सफाई नायक राजन, सचिन, संजीव, अजय, कुंवरपाल आदि लोग मौजूद रहे। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि सभी समुदाय लोगों में एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद्र एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही साफ सफाई को दुरुस्त बनाए रखने के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक तीन माह में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस का निरीक्षण करने के निर्देश हैं।

## दयानंद डिग्री कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका विषय ष्विकसित भारत , आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत की संकल्पना है । इसमें स्वयं सेविकाओं ने चित्रकला के माध्यम से उपर्युक्त विषय पर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया । निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सुजाता कुमारी एवं डॉ. सुषमा रहीं । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका श्रीवास्तव , द्वितीय स्थान गुंजन पाल,तृतीय स्थान सोनिया ने प्राप्त किया ।

## समाचार

## नवरात्रि के चतुर्थ दिन मंदिरों में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़, देर रात तक गूंजते रहे घंटे-घड़ियाल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नवरात्रि के चतुर्थ दिन मां दुर्गा के चतुर्थ रूप माता कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। प्रति दिन की भांति बृहस्पतिवार को सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं मंदिरों में माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए भीड़ जुटने लगी। जहां पर श्रद्वालुओं ने माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। नगर के कोतवाली रोड स्थित दुर्गा मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, खागेश्वर मंदिर (वडा बाजार), हरिहर मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, कालरात्रि मंदिर, शिव मंदिर (बजारान मोहल्ला), माता मंदिर (नगर रोड), सिंचाई कॉलोनी मंदिर तथा ग्रामीण अंचलों कृ फैजुल्लागंज, निर्मलपुर, गोपीवाला, सुल्तानपुर दोस्त, लोगी कला, लौगी खुर्द, रामनगर खागूवाला, शरीनगर आदि स्थानों पर माता के भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम दुम्हैला खालसा निवासी नन्हें पुत्र राम सिंह बुधवार की शाम को 5.00 बजे अपने खेत से अपने घर की तरफ आ रहा था। उसी समय रास्ते में महिपाल भी जा रहा था। किसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गई। इसी बात पर नाराज होकर महिपाल ने धारदार हथियार से राम सिंह पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन घायल को लेकर थाना कांठ पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए चिकित्सक ने रैफर कर दिया है।

## नाबालिक बालिका को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में नाबालिक 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक 14 वर्षीय किशोरी को 23 सितंबर को समय करीब 12.30 बजे अनमोल पुत्र जोगिंदर निवासी भद्रकाली एनक्लेव नियर हिल न्यू अपार्टमेंट सहस्त्रधारारोड देहरादून थाना रायपुर जनपद देहरादून उत्तराखंड एवं सचिन कुमार पुत्र रमेश ग्राम सुल्तानपुर थाना डिलारी दोनों बहला फुसलाकर भगाकर ले गए। जब किशोरी परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो वह थाना कांठ पहुंचे और उन्होंने थाना पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर नाबालिग किशोरी की बरामद की करने के लिए आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी है।

## युवती को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना क्षेत्र में घर से फीस जमा करने को कहकर गई छात्रा को बहला फुसलाकर एक युवक भगा ले गया पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती ऊमरी कलां क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज की छात्रा है। 27 अगस्त को वह विद्यालय में फीस जमा करने को कहकर घर से गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। उसके स्वजन होना जब उसकी तलाश की। तब पता चला कि ललित ग्राम बामनोली थाना धामपुर जिला बिजनौर उसे बहला फुसलाकर अपहरण कर भगा ले गया है। उसकी जान पहचान संजीव नाम के एक युवक से भी कराई। जब ललित के भाई रोहित पिता विनोद कुमार, मां चंद्रवती से पूंछा तो उन्होंने गाली गलौंज कर धमकी दी। छात्रा घर में रखे ड्40000 नकद अपनी माता की सोने की अंगूठी भी ले गई है। छात्रा के पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी ललित उसकी पुत्री को बेच सकता है या उसे गलत रास्ते पर डाल सकता है। छात्रा की पढ़ाई का भी नुकसान हो रहा है। छजलैट पुलिस ने इस संबंध में अभियोग पंजीकृत नहीं किया था ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़ छाड़ , धमकी देकर फरार

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर ।** थाना भोजपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में महिला ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे वह अपनी बेटी के साथ घर में अकेली थी। इसी दौरान असलम पुत्र नामालूम उसके घर आया और छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने विरोध करते हुए कहा कि वह अपनी सास को बुला रही है, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## निविदा संशोधन सूचना

दिनांक 16 सितम्बर 2025 के दैनिक उत्तम भारत के अंक में प्रकाशित ग्राम पंचायत रघुनाथपुर विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) की अल्पकालीन निविदा सूचना में निविदाएं आमंत्रित करने व खोले जाने की दिनांक 14.09.2025 त्रुटिवश प्रकाशित हो गई थी, जिसके स्थान पर दिनांक 30.09.2025 तक निविदाएं आमंत्रित कर खोली जायेगी। शेष पूर्ववत रहेगा।

विज्ञापन व्यवस्थापक

उत्तम भारत मुरादाबाद।

## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 49/2025-2026 दिनांक 25.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05250591 | सप्लाई ऑफ फोग पायलट असिस्टेंस सिस्टम फॉर सेफ्टी (फोग्पास) | 332 नग | 17.10.25 |
| 02 | 07251047 | एक्सल बॉक्स हाउसिंग फिनिश मसिनेड | 216 नग | 17.10.25 |
| 03 | 03250990 | विनाइल कोटेड उपहोल्स्टरी फैब्रिक (आर्टिफीसियल लेदर) फॉर एन ए सी कोचेस (ब्लू कलर) | 309304 मीटर | 20.10.25 |
| 04 | 02251378 | कार्बन ब्रश फॉर ट्रैक्शन मोटर टाइप जी इ 752 | 14312 नग | 22.10.25 |
| 05 | 02250005 | फीडर कंटक्टर फॉर नेट 1 एंड नेट 2 | 505 नग | 22.10.25 |
| 06 | 09252116A | न्यूकल पिवोट पिन विथ वॉशर | 22790 नग | 23.10.25 |
| 07 | 09252486 | स्लाइड ब्लॉक अलोंग विथ डयूली वेलदीड लाइनर फॉर बी एल सी वैगन | 1102 नग | 23.10.25 |
| 08 | 08255472 | 5 वाट वी एच एफ हैंडहेल्ड ट्रांसरिसीवर सेट | 2437 नग | 27.10.25 |
| 09 | 08251503 | प्रोक्योरमेंट ऑफ रिले | 4207 नग | 03.11.25 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

2969/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एआई फिल्म कौर वर्सेज कोर में डबल रोल में नजर आयेंगी सनी लियोनी

**इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं।सनी लियोनी की फिल्म का नाम 'कौर वर्सेज कोर है। इस फिल्म को पैपराजी एंटरटेनमेंट कंपनी के बैनर तले बनाया जा रहा है और मेकर्स ने इस फिल्म को भारत की पहली एआई फीचर फिल्म कह रहे हैं। सनी इस फिल्म में डबल रोल में नजर आने वाली हैं। एक किरदार इंसानी सुपर हीरो का होगा और दूसरा एआई अवतार होगा। सनी लियोनी ने बताया कि उन्होंने आठ साल पहले 'कोर' का किरदार रचा था लेकिन उसे पूरा रूप एआई तकनीक ने ही दिया। फिल्म के निमार्ता अर्जीक्य जाधव का कहना है**

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर फिल्म कौर वर्सेज कोर में डबल रोल में नजर आयेंगी। सनी लियोनी इन दिनों एक एआई फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं।

सनी लियोनी की फिल्म का नाम 'कौर वर्सेज कोर है। इस फिल्म को पैपराजी एंटरटेनमेंट कंपनी के बैनर तले बनाया जा रहा है और मेकर्स ने इस फिल्म को भारत की पहली एआई फीचर फिल्म कह रहे हैं। सनी इस फिल्म में डबल रोल में नजर आने वाली हैं। एक किरदार इंसानी सुपर हीरो होगा और दूसरा एआई अवतार होगा। सनी लियोनी ने बताया कि उन्होंने आठ पहले 'कोर' का किरदार रचा था लेकिन उसे पूरा रूप एआई तकनीक ने ही दिया। के निमार्ता अर्जीक्य जाधव का कहना है कि यह कहानी परंपरा और भविष्य को का प्रयास है और यही भारतीय सिनेमा को दुनिया के सामने नई पहचान देगा। लियोनी की एआई कौर वर्सेज कोर वर्ष 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी का टीजर पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी का टीजर पोस्टर रिलीज हो गया है। स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा की द ताज स्टोरी, को तुषार अमरीश गोयल ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म में परेश रावल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।विकास राधेश्याम क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में जुड़े हैं। मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर पोस्टर लॉन्च कर दिया है, जिसमें परेश रावल की झलक दिखाई गई है। यह फिल्म दर्शकों को दुनिया के सबसे प्रतीकात्मक स्मारक के रहस्यों की रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी। ताजमहल की संगमरमरी दीवारों और अनंत सुंदरता से परे एक ऐसी कहानी छुपी है जो रहस्य, इतिहास और अनुत्तरित सवालों से भरी हुई है। फिल्म यह सवाल भी उठाती है 'क्या यह सचमुच शाहजहाँ की रचना है, या इस अजूबे में ऐसे राज छुपे हैं जिन्हें इतिहास ने कभी उजागर नहीं किया ? परेश रावल के नेतृत्व में, फिल्म में जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ तैयार कर रहे हैं। द ताज स्टोरी 31 अक्टूबर 2025 को पूरे देश में रिलीज के लिए तैयार है।

## गरबा के रंग में डूबी दीपिका सिंह

### खास अंदाज में किया डांडिया सेलिब्रेशन



मुंबई। टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दीपिका सिंह अपने खूबसूरत डांस और ट्रेडिशनल लुक्स के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनका हर अंदाज फैंस का दिल जीत लेता है। गुरुवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह गरबा करती नजर आ रही हैं।

वीडियो की शुरूआत एक बेहद सिंपल लुक से होती है, जिसमें दीपिका ग्रीन टी-शर्ट और ब्लैक जैगिंग पहने अपने मेकअप रूम में तैयार होती नजर आती हैं। उनके हाथ में वही खूबसूरत लहंगा है, जो थोड़ी ही देर बाद उन्हें एक गरबा क्वीन में बदलने वाला है। कुछ ही सेकंड में ट्रांजिशन आता है, और दीपिका का पूरा लुक बदल जाता है। वह एक शानदार येलो कलर के घेरदार लहंगे और पर्पल कलर के ब्लाउज में तैयार दिखती हैं।

उनका ब्लाउज बेहद यूनिक है, क्योंकि इससे चुन्नी भी अटैच है, यानी एक्ट्रेस ने अलग से चुन्नी को कैरी नहीं किया। लहंगा जहां बिल्कुल सिंपल है, वहीं ब्लाउज से लटकी चुन्नी ने लोगों का ध्यान खींचा। ब्लाउज से लेकर चुन्नी तक में बारीक कढ़ाई और मिरर वर्क किया गया है। उन्होंने इस लुक के साथ ऑक्सिडाइज्ड चोकर नेकलेस, झुमके और चूड़ियां पहनी। इसके बाद वीडियो में वह किसी कार्यक्रम में शामिल होती नजर आती हैं, जहां वह लोगों के साथ गरबा करती दिखती हैं। वहीं, कुछ लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आते हैं। इस वीडियो की खूबसूरती को और भी खास इसका बैकग्राउंड म्यूजिक बना रहा है। दीपिका ने फिल्म ह्यकाई पो चेह्न के मशहूर गाने 'शुभारंभ' को अपने इस वीडियो में जोड़ा है।

इस गाने में गुजराती लोक धुनों की मिठास साफ महसूस होती है। श्रुति पाठक और दिव्या कुमार की आवाज में गाए गए गाने 'शुभारंभ' में म्यूजिक अमित त्रिवेदी ने दिया है। गाने के बोल 'रंगी पर ओढ़ आई, खुशियों संग लाई' हर किसी को थिरकने पर मजबूर कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुझे अक्सर सशक्त, महिला प्रधान और बहुस्तरीय किरदार पसंद आते हैं : कोंकणा सेन

मुंबई। अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा की नई सीरीज 'सचः द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर आ चुका है। इस क्राइम थ्रिलर में वे एसीपी संयुक्ता दास की भूमिका निभा रही हैं। इसके बारे में बात करते हुए अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा ने बताया कि उन्हें अक्सर सशक्त, महिला प्रधान और बहुस्तरीय किरदार पसंद आते हैं। कोंकणा सेन शर्मा ने कहा, 'मैं हमेशा सशक्त, महिला प्रधान और बहुस्तरीय किरदारों की ओर आकर्षित होती हूं और एसीपी संयुक्ता भी उतनी ही मजबूत हैं। पारिवारिक जीवन की जटिलताओं से जूझते हुए भी वह अपने काम में आत्मविश्वास से भरी रहती हैं, जो उनके सफर को और प्रासंगिक बनाता है। उन्होंने आगे कहा, रोहन सिप्पी की साफ दृष्टि और खुलेपन ने मेरे किरदार की कई परतों को उभारने में मदद की। ह्यसचः द नैना मर्डर केसह्न एक रोमांचक और बहुस्तरीय कहानी है, जो दर्शकों को संदिग्धों के जाल में बांधे रखेगी। मैं खासतौर पर उत्साहित हूं कि दर्शक संयुक्ता की आंतरिक यात्रा को महसूस करेंगे।

### रुपाली ने मां कूष्मांडा को याद कर बेजुबानों के लिए की प्रार्थना



मुंबई। टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने गुरुवार को एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने मां कूष्मांडा देवी से बेजुबान जानवरों के लिए प्रार्थना की। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में वह पालतू कुत्तों के साथ नजर आ रही हैं, जिन्हें उन्होंने अपने दिल के करीब बताया। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मां कूष्मांडा से मेरी प्रार्थना है कि वह हर दिल को दया, करुणा और प्रेम से भर दें, खासकर उन बेजुबानों के लिए जो अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर सकते। मेरे 'कॉफी'और 'किंग कॉन्ग' यहां पोज दे रहे हैं। ये बोल नहीं सकते, लेकिन सब कुछ समझते और महसूस करते हैं। तस्वीरों में रुपाली अपने पालतू कुत्तों के साथ अलग-अलग अंदाज में दिख रही हैं। एक तस्वीर में वह एक कुत्ते को गोद में लिए कैमरे की ओर देख रही हैं, जबकि दूसरा डॉगी उनके पास बैठा है।

## जान्हवी कपूर ने 'संस्कारी' स्टाइल में मनाई नवरात्रि



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने नवरात्रि के पावन अवसर पर अपनी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की टीम के साथ पारंपरिक अंदाज में त्योहार का जश्न मनाया, जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई कुछ खूबसूरत तस्वीरों में वह और उनके को-स्टार्स वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि जान्हवी कभी अकेले पोज दे रही हैं, कभी सान्या के साथ नजर आ रही हैं। एक फोटो में वह वरुण की ओर देखकर मुस्कुरा रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह चॉकलेट खाती दिख रही हैं। जान्हवी ने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल।

**इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई कुछ खूबसूरत तस्वीरों में वह और उनके को-स्टार्स वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि जान्हवी कभी अकेले पोज दे रही हैं, कभी सान्या के साथ नजर आ रही हैं। एक फोटो में वह वरुण की ओर देखकर मुस्कुरा रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह चॉकलेट खाती दिख रही हैं। जान्हवी ने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल। इस फिल्म का हाल ही में एक और रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज किया गया है।**

इस फिल्म का हाल ही में एक और रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज किया गया है। इस गाने को संगीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा ने गाया और संगीतबद्ध भी किया है, जबकि इसके खूबसूरत बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाना रिलीज के बाद से सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है।

गाने के बारे में बात करते हुए जान्हवी कपूर ने कहा, 'तू है मेरी' उन नाजुक और प्यारे पलों को दशार्ता है, जो बिना कुछ कहे भी दिल को छू जाते हैं। इस गाने को लोग बार-बार सुनना चाहेंगे, खासतौर पर तब जब वे किसी से प्यार करते हैं। वरुण धवन ने भी इस गाने की तारीफ करते हुए बताया कि इसकी शूटिंग एक सपने जैसी लगी। यह गाना उन्हें पहली बार प्यार में पड़ने की मासूमियत और रोमांच की याद दिलाता है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसका निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सलमान खान बनना चाहते हैं पिता



मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। 59 साल की उम्र में भी अविवाहित सलमान ने अब अपनी दिली ख्वाहिश जाहिर की है। दरअसल, वह हाल ही में काजोल और ट्विंकल खन्ना के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल खन्ना' के पहले एपिसोड में मेहमान बनकर पहुंचे। बातचीत के दौरान सलमान ने खुलासा किया कि भले ही उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन वह जल्द ही पिता बनने की इच्छा रखते हैं।

सलमान खान ने शो के दौरान अपनी पिता बनने की ख्वाहिश जाहिर करते हुए कहा, बच्चे तो जरूर होंगे, और बहुत जल्द होंगे। एक दिन मैं पक्का पिता बनूंगा। आगे क्या होता है, वो वक्त बताएगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने पुराने रिश्तों पर भी खुलकर बात की। सलमान ने कहा, जब एक पार्टनर दूसरे से ज्यादा तरक्की कर लेता है, तो वहीं से रिश्तों में दरार आने लगती है। असुरक्षा की भावना जगह बनाने लगती है। अगर दोनों साथ में कदम मिलाकर आगे बढ़ें, तभी रिश्ता लंबे समय तक चल सकता है।

सलमान ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, रिश्ते तभी टिकते हैं जब दोनों एक-दूसरे का बोझ बांटें। मेरा मानना है कि अगर चीजें नहीं चल पाईं, तो बस नहीं चल पाईं। और अगर किसी को जिम्मेदार ठहराना है, तो वो मैं खुद हूं। गौरतलब है कि टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल खन्ना' के इस एपिसोड में सलमान के साथ आमिर खान भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान आमिर ने भी अपने निजी जीवन का जिक्र किया और रीना दत्ता से तलाक के दिनों की यादें शेयर कीं। यह पूरा एपिसोड अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एक बार फिर कानूनी विवाद में फंसे आर्यन खान

नई दिल्ली। पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान, गौरी खान और रेड चिलीज के खलिाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और 2 करोड़ का मानहानि का केस दर्ज करवाया है। उन्होंने इसे मामले के तहत स्थायी और अनिवार्य निषेधाज्ञा, स्पष्टीकरण और हजार्ने की मांग की है. समीर वानखेड़े का आरोप है कि रेड चिलीज के बैनर तले बनी और नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उनकी इमेज को खराब किया गया है और उन्हें गलत तरीके से दिखाया गया है. बता दें कि इसी वेब सीरीज के जरिए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर डायरेक्टर हिंदी सिनेमा में कदम रखा है। 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में आर्यन से जुडे.ड्रग्स केस के एनसीबी मुंबई के जोनल ऑफिसर रहे समीर वानखेडे.के हमशक्ल को दिखाया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एनीसीबी के मुंबई जोनल के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े ने फिल्म अभिनेता शाह रुख खान और उनकी पत्नी के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ याचिका दायर कराई है।

## शूटिंग

मेघना गुलजार और पृथ्वीराज संग नजर आएंगी

## करीना कपूर ने शुरू की अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग




मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 वर्षों का लंबा सफर तय करते हुए अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग का आगाज कर दिया है। इस खास मौके पर उन्होंने फिल्म सेट से एक वीडियो साझा कर प्रशंसकों को पहली झलक दिखाई। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं और इसमें दक्षिण भारतीय सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने का ऐलान करते हुए लिखा, 'दिन 1, 68वीं फिल्म, दायरा' सबसे अद्भुत मेघना गुलजार

